राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-240
लखनऊ, शनिवार 20 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भाजपा को छोटे संगठनों ने दिया समर्थन : स्वतंत्र देव सिंह 03

पति-पत्नी के शासन में बिहार था बदहाल : नीतिश कुमार 12

## संक्षिप्त समाचार

### लोस चुनाव : बसपा ने जारी की 11 प्रत्याशियों की लिस्ट

**लखनऊ।** बसपा ने 11 प्रत्याशियों की 5वीं लिस्ट जारी की है। हरदोई से भीमराव अंबेडकर, संतकबीरनगर से मो. आलम, फतेहपुर से डॉ. मनीष सचान, फिरोजाबाद से चौ. बशीर, सीतापुर से महेंद्र सिंह यादव, महाराजगंज से मो. मौसमे आलम, मिश्रिख से बीआर अहरिवार, वाराणसी से सैयद नेयाज अली, मछलीशहर से कृपाशंकर सरोज, भदोही से अतहर अंसारी और फूलपुर से जगन्नाथ पाल को टिकट दिया है। बसपा ने वाराणसी और फिरोजाबाद से प्रत्याशी बदला है।

### इंडियन ओवरसीज बैंक के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को जेल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की गांधीनगर की एक अदालत ने इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) अहमदाबाद के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को सात साल कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपित पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक प्रीति विजय सहजवानी पर अदालत ने 15 करोड़ छह लाख 50 हजार जुर्माना लगाया है। जुर्माने में से 15 करोड़ रु. शिकायतकर्ता बैंक को देने का आदेश भी दिया। फैसला सुनाए जाने के पश्चात प्रीति विजय सहजवानी को हिरासत में ले लिया गया। एक शिकायत के आधार पर सीबीआई ने 29 अक्टूबर 2001 को आरोपित पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक प्रीति विजय सहजवानी पर बैंक को दो करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपित के विरुद्ध 15 अक्टूबर 2003 को आरोप पत्र दायर किया था। जांच के दौरान आरोपित प्रीति विजय सहजवानी फरार रही। जिन्हें रेड कॉर्नर नोटिस तहत कनाडाई आव्रजन अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया। 11 जनवरी 2012 को भारत भेज दिया गया। बाद में सीबीआई अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

### सलमान को फिर से धमकी देने वाला यूपी से गिरफ्तार

**मुंबई।** सलमान खान को फिर से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर फिर से धमकी देने वाले को मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम रोहित त्यागी से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथ संबंधों के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार रोहित त्यागी ने लॉरेंस बिश्नोई के नाम से ओला कैब बुक की। ओला कैब को सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट का पता दिया था। बुकिंग के बाद ओला ड्राइवर सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचा। अपार्टमेंट के गेट के पास कार रोकने के बाद ओला ड्राइवर ने वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड से पूछा कि क्या वहां लॉरेंस बिश्नोई नाम का कोई शख्स रहता है, क्योंकि कार उसी नाम से बुक की गई थी। ओला ड्राइवर ने जैसे ही लॉरेंस बिश्नोई का नाम पुकारा तो गैलेक्सी अपार्टमेंट के सुरक्षा गार्ड सतर्क हो गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने ओला कैब ड्राइवर से गहन पूछताछ की तो रोहित त्यागी के बारे में पता चला। इसके बाद पुलिस ने ट्रेस करके गाजियाबाद जाकर रोहित त्यागी को गिरफ्तार कर लिया है।

### ईडी ने पुणे स्थित डीएसके कार्यालय में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डीएस कुलकर्णी के पुणे स्थित दफ्तर पर छापेमारी की है। केंद्रीय जांच एजेंसी की दो टीमें फिलहाल छापेमारी की कार्रवाई कर रही हैं। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को दी जानकारी में बताया कि डीएस कुलकर्णी के पुणे स्थित दफ्तर पर छापेमारी की गई है। पुणे में जंगली महाराज रोड स्थित उनके कार्यालय पर ईडी की छापेमारी की कार्रवाई आज सुबह शुरू हुई थी, जो फिलहाल जारी है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### एयर इंडिया ने 30 तक तेल अवीव से उड़ानें की निलंबित

**नयी दिल्ली।** क्षेत्रीय शक्तियों इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय वाहक एयर इंडिया ने शुक्रवार को मध्य-पूर्व में उभरती स्थिति के मद्देनजर 30 अप्रैल, 2024 तक तेल अवीव से अपनी सभी उड़ानें निलंबित कर दीं। एयर इंडिया ने पोस्ट कर कहा, मध्य पूर्व में उभरती स्थिति को देखते हुए, तेल अवीव से आने-जाने वाली हमारी उड़ानें 30 अप्रैल 2024 तक निलंबित रहेंगी।

# पहले चरण में 102 सीटों पर 63 फीसदी मतदान

## लोकसभा चुनाव 2024 : त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 80 प्रतिशत, बिहार में सबसे कम 48 प्रतिशत हुई वोटिंग

### द. अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी किया मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में लोकतंत्र का उत्सव जारी है और पहले चरण में देशभर में मतदाताओं ने बड़ी संख्या में वोट डाला। शाम 6 बजे तक 63 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। पहले चरण में सभी 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्वक रहा। सुबह 7 बजे 102 संसदीय क्षेत्रों में एक साथ मतदान शुरू होने पर मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में खड़े मतदाताओं को वोट देने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। यह क्रम देर शाम तक जारी रहा।

चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में शाम 5 बजे तक अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 64.07, असम की 14 सीटों पर 70.77, बिहार की चार सीटों पर 46.32, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.25, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 54.85, मणिपुर की दो सीटों पर 68.62, मेघालय की सभी दो सीट पर 69.91, मिजोरम की एक सीट पर 53.96, नगालैंड की एक सीट पर 56.18, राजस्थान की 12 सीट पर 50.27, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.08, त्रिपुरा की एक सीट 76.10, उत्तर प्रदेश की आठ 57.54, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुडुचेरी की एकमात्र सीट पर 72.84, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.56, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है।

चुनाव आयोग के अनुसार मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए। दक्षिण अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया।

इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 55.23 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 52.73 प्रतिशत मतदान हुआ है। उपचुनाव की बात की जाए तो तमिलनाडु की एक विल्वनकोड सीट पर 45.43 और त्रिपुरा की रामनगर सीट पर 56.68 प्रतिशत मतदान हुआ है। आयोग ने मतदान को सुखद और यादगार अनुभव में बदलने पर विशेष जोर दिया है। पानी, शेड, शौचालय, रैंप, स्वयंसेवक, व्हीलचेयर और बिजली जैसी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से




### बंगाल के कूचबिहार में मतदान के दौरान हिंसा, कई घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तीन लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को पहले कुछ घंटों में मतदान के दौरान कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र में हिंसा की घटनाएं देखी गई। जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र से भी हिंसा के कुछ मामले सामने आए हैं। हालांकि, अलीपुरद्वार से चुनाव संबंधी हिंसा की कोई रिपोर्ट नहीं है। हिंसा की सबसे ज्यादा खबरें कूचबिहार के चंदामारी इलाके से सामने आई हैं। भाजपा के बूथ अध्यक्ष लोब सरकार पर हमले को लेकर तनाव बढ़ गया। उन्हें सिर में गंभीर चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह, भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच पथराव के बाद एक तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता को भी सिर में गंभीर चोटें आईं। राजाखोरा क्षेत्र और कूचबिहार शहर से तनाव की खबरें आ रही हैं। इस क्षेत्र में सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच हमले और जवाबी हमले हुए, जिसके बाद तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों के कार्यालयों में तोड़फोड़ की गई। ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि कूचबिहार के सीतलकुची में तृणमूल कांग्रेस के एक अस्थायी पार्टी कार्यालय को कथित तौर पर स्थानीय भाजपा समर्थकों ने जला दिया। इसी तरह, जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत डाबग्राम-फुलबारी क्षेत्र में उस समय तनाव फैल गया जब भाजपा के एक बूथ कार्यालय को कथित तौर पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।

### यूपी के आठ लोकसभा क्षेत्रों में 57.54 फीसदी पड़े वोट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी में शुक्रवार को पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक 54.74 फीसदी मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के प्रथम चरण में 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों 1-सहारनपुर, 2-कैराना, 3-मुजफ्फरनगर, 4-बिजनौर, 5-नगीनाअजा, 6-मुरादाबाद, 7-रामपुर तथा 26-पीलीभीत के लिए आज मतदान शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान प्रातः 7बजे से शुरू होकर सायं 6 बजे समाप्त हुआ। निर्वाचन क्षेत्र 09 जनपदों, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत तथा बरेली जनपद में अवस्थित हैं। सायं 5 बजे तक जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रदेश के 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 57.54 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें क्रमशः सहारनपुर 63.29 प्रतिशत, कैराना 58.68 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर 54.91 प्रतिशत, बिजनौर 54.68 प्रतिशत, नगीनाअजा 58.05 प्रतिशत, मुरादाबाद 57.65 प्रतिशत, रामपुर 52.42 प्रतिशत और पीलीभीत में 60.23 प्रतिशत मतदान हुआ।



### मणिपुर में मतदान केंद्र पर गोलाबारी, रुकी रही वोटिंग

**बिष्णुपुर।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिलांतर्गत मैरांग में एक मतदान केंद्र पर दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। इस घटना में करीब एक घंटे तक मतदान प्रक्रिया बाधित रही। गोलीबारी की घटना से मतदाताओं में दहशत फैल गयी। यह घटना शुक्रवार सुबह मणिपुर संसदीय क्षेत्र के बिष्णुपुर जिले के मैरांग विधानसभा क्षेत्र के थमनपोकपी में हुई। नागरिक सुबह से ही थमनपोकपी में मतदान केंद्र पर कतार में लगकर उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे लेकिन अचानक दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच गोलीबारी शुरू हो गयी। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन मतदान का इंतजार कर रहे घबराए मतदाता इधर-उधर भागने लगे।

### पूर्वोत्तर राज्यों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

**नगालैंड के छह जिलों में जनजातियों संगठनों ने किया चुनाव बहिष्कार**

**गुवाहाटी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पूर्वोत्तर राज्यों में शुक्रवार को शाम 6 बजे तक हुआ। पूर्वोत्तर राज्यों में सबसे अधिक मतदान असम में 70.77 प्रतिशत और सबसे कम मिजोरम में 53.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुछ छिटफुट घटनाओं को छोड़कर इन राज्यों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। चुनाव आयोग के अनुसार शाम के 6 तक पूर्वोत्तर राज्यों में सबसे अधिक मतदान असम में 70.77 प्रतिशत दर्ज किया गया। इनके अलावा त्रिपुरा में 76.10 प्रतिशत, मणिपुर में 68.62 फ़ीसदी, मेघालय में 69.91 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में 64.07 प्रतिशत नगालैंड में 56.18 प्रतिशत मतदान हुआ है। मणिपुर में एक बूथ पर गोलीबारी होने तथा एक अन्य मतदान केंद्र पर जबरन बंदूक के दम पर वोट डलवाने का मामला सामने आया। कुल मिलाकर पूर्वोत्तर राज्यों में पहले चरण का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि म्यांमार की सीमा से सटे नगालैंड के छह जिलों में किसी भी मतदान केन्द्र पर एक भी वोट नही डाला गया। इन छह जिलों में स्थानीय जनजातियों संगठनों ने चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की थी। चुनाव का बहिष्कार करने के कारण इन संगठनों के विरुद्ध राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने नोटिस जारी किया है।

### गलकम के मतदान केन्द्र के पास विस्फोट, जवान की मौत

छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में भी छिटपुट घटनाओं के छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। हालांकि बीजापुर के गलकम के मतदान केंद्र के बाहरी इलाके में यूबीजीएल सेल विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी जवान देवेन्द्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चेहका मतदान केंद्र के पास सर्चिंग के दौरान आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### संघ प्रमुख भागवत, मंत्री गडकरी ने किया मतदान



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार सुबह नागपुर में अपना वोट डाला। गडकरी नागपुर सीट पर भाजपा के उम्मीदवार हैं। प्रथम चरण में महाराष्ट्र के नागपुर, रामटेक, भंडारा-गोंदिया, चंद्रपुर और गढ़चिरौली-चिमूर लोकसभा क्षेत्र में मतदान हो रहा है। नागपुर में डॉ. भागवत, केंद्रीय मंत्री गडकरी और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस समेत कई दिग्गजों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। डॉ. भागवत ने सुबह 7.15 बजे नागपुर के महल इलाके के भाऊजी दफ्तरी स्कूल स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला। डॉ. भागवत सुबह 07 बजे ही मतदान केंद्र पर पहुंच गए थे। उनके साथ नागपुर महानगर संघचालक राजेश लोया भी उपस्थित थे। हर चुनाव में संघ प्रमुख डॉ. भागवत सुबह सबसे पहले मतदान केंद्र पर पहुंचते हैं और इस साल भी उन्होंने यह परंपरा बरकरार रखी है। मतदान के बाद उन्होंने सभी मतदाताओं से वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार एवं कर्तव्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में 100 प्रतिशत मतदान होना चाहिए और इसीलिए मैंने आज मतदान का कर्तव्य निभाया। भाजपा उम्मीदवार नितिन गडकरी ने नागपुर शहर के महल इलाके के टाउन हॉल में बने मतदान केंद्र पर अपने परिवार के साथ वोट डाला। इस मौके पर उनकी पत्नी कंचन, बच्चे निखिल-सारंग और बहुओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# आस्था को खारिज कर रहा गठबंधन : मोदी

समृद्धि न्यूज

**अमरोहा।** समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हज़ारों वर्षों से चली आ रही आस्था और भक्ति को इंडी गठबंधन वाले सिर्फ वोट बैंक के लिए ख़ारिज कर रहे हैं।

दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे मैदान पर चुनावी रैली को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा सरकारों में यहां के किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जाती थी लेकिन भाजपा सरकार किसानों पर पूरा ध्यान दे रही है। अमेरिका में जहां यूरिया प्रति बोरी तीन हज़ार रुपये में मिलती है वहीं हम भारत में किसानों को 300 रुपये में उपलब्ध करा रहे हैं। हमें देश और उत्तर प्रदेश को बहुत आगे लेकर जाना है लेकिन इंडी गठबंधन की सारी शक्ति गांव, देहात को पीछे ले जाने में लगती है।इसी सोच के चलते अमरोहा और पश्चिम उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को सबसे बड़ा खामियाज़ा भुगतान पड़ा है। श्री मोदी ने कहा इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। मैंने श्रीकृष्ण की वास्तविक द्वारिका जो कि समुद्र में स्थित है, वहां पूजा की लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र में पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं।

### मोदी ने दुनिया भर में बढ़ाया भारत का मान : योगी



**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में नेशनल हाईवे-09 दिल्ली-लखनऊ मार्ग से सटे मैदान पर एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई पहचान दी है। देश से आतंकवाद और नस्लवाद को समाप्त करने का काम किया है। कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया है। ढ़ाई करोड़ घरों में मुफ़्त में बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त में राशन मिल रहा है। लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सभी क्षेत्रों में विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि लोगों से कहा कि आपके जन-धन खाते में पैसा भेजा जा रहा है।

### वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी अगले नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का अगला अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। वह वर्तमान में नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल की दोपहर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, इसलिए वाइस एडमिरल त्रिपाठी उसी दिन नए नेवी चीफ के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 01 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। नौसेना में अब तक उनकी लगभग 39 वर्षों की विशिष्ट सेवा रही है। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है।

# लोकसभा चुनाव से पहले फिर अवैध असलहे की फैक्ट्री का भंडाफोड़

समृद्धि न्यूज

**▸ पुलिस ने छापेमारी कर बरामद किए भारी मात्रा में असलहे व उपकरण**

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले हमीरपुर जिले में पुलिस ने शुक्रवार को फिर अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कब्जे से पुलिस ने भारी मात्रा में बने और अधबने असलहे व उपकरण बरामद किए है।

अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने आज बताया कि राठ कोतवाली क्षेत्र के सेना रोड के पास सरकारी कचरा घर में अवैध असलहे की फैक्ट्री संचालित होने की खबर पुलिस को मिली थी। जिस पर प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने छापेमारी कर लहदरा हरपालपुर मध्य प्रदेश निवासी भान सिंह पुत्र धरनीधर व चिल्ली राठ हमीरपुर निवासी राजू विश्वकर्मा पुत्र स्वामीदीन को गिरफ्तार किया।

23 बने और 10 अधबने असलहे और असलहे बनाने के उपकरण बरामद किया गया है। इसी अवैध कारोबार से आरोपी अपने परिवार का भरण पोषण भी करते थे। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार भान सिंह के खिलाफ मध्य प्रदेश और महोबा में आठ मुकदमें दर्ज हैं।

### एनआईए ने खालिस्तानी आतंकियों के सहयोगी की अचल संपत्ति की जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पाक स्थित खालिस्तानी आतंकियों के प्रमुख सहयोगी सूरत सिंह की अचल संपत्ति जब्त कर ली है। यह जब्ती जलालाबाद मोटरसाइकिल बम विस्फोट मामले में हुई है। एएनआई के मुताबिक इस मामले में अब तक नौ आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई। इसमें सूरत सिंह एक हैं। एनआईए ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। एनआईए के मुताबिक सूरत सिंह उर्फ सुरती 2021 में मोटरसाइकिल बम ब्लास्ट के आरोपित और पाक-आधारित ड्रग्स और हथियार तस्कर हबीब खान उर्फ डाक्टर और लखबीर सिंह उर्फ रोडे का सहयोगी रहा है।

# इंतजार खत्म : आज आएंगे यूपी बोर्ड के 10वीं-12वीं के नतीजे

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड के दसवीं और बारहवीं के 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों के रिजल्ट का इंतजार खत्म हुआ। 20 अप्रैल दोपहर 2 बजे परिक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी करने के लिए पहले ही कार्य पूरा हो चुका है। बोर्ड ने महज 12 दिनों में 3 करोड़ से ज्यादा उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर यह संकेत दे दिया है कि इस साल यूपी बोर्ड परिणामों को पिछले वर्षों की अपेक्षा जल्द जारी होने जा रहा है।

यूपी बोर्ड परीक्षार्थी अपना रिजल्ट देखने के लिए results.upmsp.edu.in, upmsp.edu.in और upresults.nic.in पर चैक कर सकते हैं। पिछले वर्ष बोर्ड का रिजल्ट 25 अप्रैल को घोषित किया गया था. इस बार पांच दिन पहले रिजल्ट घोषित कर रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। वहीं, इस बार केवल 12 कार्य दिवसों में मूल्यांकन का कार्य पूरा कर लिया गया था।

पिछले वर्ष यह 15 दिन में पूरा हुआ था। नकल मुक्त परीक्षा पूरी कराने के बाद यूपी बोर्ड ने कॉपियों के मूल्यांकन में इस बार नया रिकॉर्ड बनाया। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्य कांत शुक्ल के मुताबिक, देश के सर्वाधिक परीक्षार्थी संख्या वाले बोर्ड के लिये व्यवधान रहित नकल मुक्त परीक्षा का आयोजन अपने-आप में एक बहुत बड़ी चुनौती थी।

**ऐतिहासिक** — भारत से 2022 में फिलीपींस ने किया था 374 मिलियन डॉलर से अधिक का सौदा

# ब्रह्मोस की पहली खेप लेकर फिलीपींस पहुंचा सी-17 ग्लोबमास्टर

### भारत से एएलएच, आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदने में दिखाई रुचि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और फिलीपींस के द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक हो गया है, क्योंकि विश्व की सबसे तेज क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की पहली खेप भारत से फिलीपींस पहुंच गई है।

दोनों देशों के बीच 2022 में हुए सौदे के तहत भारतीय वायु सेना के ताकतवर सी-17 ग्लोबमास्टर ने पहली खेप लेकर हिंडन एयरफोर्स से उड़ान भरी। भारत का विमान फिलीपींस वायु सेना के क्लार्क एयरबेस पर उतर चुका है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) ने 28 जनवरी, 2022 को फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के साथ एक औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। भारत से सुपरसोनिक मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का यह सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा था। भारत (डीआरडीओ) और रूस (एनपीओएम) के संयुक्त उद्यम ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस विकसित की है। ब्रह्मोस मिसाइल के सौदे पर भारत और फिलीपींस के बीच वर्षों से बातचीत चल रही थी। दोनों देशों ने 03 मार्च, 2020 को प्रमुख रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए थे। भारत के साथ मिसाइल का यह सौदा पूरा करने के बाद फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ दशकों से चल रहे क्षेत्रीय विवादों के साथ-साथ सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए अपनी सेना के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अब फिलीपींस अपनी लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के लिए भारत से उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों के एक बैच खरीद रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) 5.5 टन भार वर्ग में एक जुड़वां इंजन, बहु-भूमिका, बहु-मिशन नई पीढ़ी का हेलीकॉप्टर है और इसे विभिन्न सैन्य अभियानों के लिए एक प्रभावी प्लेटफ़ॉर्म माना जाता है।




### भारत का एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है फिलीपींस

फिलीपींस दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है। पिछले कुछ वर्षों के भीतर खासकर समुद्री क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों में तेजी आई है। फिलीपींस दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) का एक प्रमुख सदस्य भी है, जिसके साथ पिछले एक दशक में भारत के संबंधों में बड़ा विस्तार हुआ है। फिलीपींस ने भारत से आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम भी खरीदने के लिए रुचि दिखाई है। स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का निर्यात बढ़ाने के प्रयासों के बीच आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली ने भारत को एयरोस्पेस की दुनिया में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

# कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर की सभाएं

## इलेक्शन आइकॉन ने बीएलओ से मिलकर कहा कि इस बार उनके बूथ पर शत प्रतिशत मतदान अवश्य हो




**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

मतदान हेतु जागरूकता के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए इलेक्शन आइकॉन एस पी सिंह ने अब कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों की ओर रुख कर लिया है।

स्वीप नोडल मुख्य विकास अधिकारी अनिल सिंह के निर्देशन में एवम सहायक स्वीप नोडल प्राचार्य डायट/उप शिक्षा निदेशक बृजभूषण बृजभूषण चौधरी के मार्गदर्शन में निरंतर मतदाताओं को एसपी सिंह जागरूक कर रहे हैं।

पिछले लोकसभा चुनाव में जहां जहां मतदान प्रतिशत कम रह गया था वहां वहां एसपी सिंह नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं एवम गांव गांव जाकर मतदाताओं से मिलकर बात कर रहे हैं। मतदाताओं से आगामी 13 मई को मतदान करने हेतु आग्रह कर रहे हैं। नुक्कड़ सभाएं करके मतदाताओं को समझा रहे मतदान का मतलब इलेक्शन आइकॉन मतदाताओं के साथ में नुक्कड सभाएं कर रहे हैं। गोला विधान सभा क्षेत्र के गांव मुड़िया हेम सिंह , नौसर , डुंडवा, तिखड़ा गए और मतदाताओं से बात की। नुक्कड़ सभाओं में मतदाताओं से बातचीत करने के दौरान उन्होंने अधिक से अधिक मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने का आग्रह किया।

### बीएलओ से मिलकर रणनीति बनाकर कर रहे कार्य

मुड़िया हेम सिंह एक बड़ा गांव है। इलेक्शन आईकॉन एसपी सिंह मुड़िया हेम सिंह गांव के बीएलओ शिक्षक देव कुमार यादव से मिले। बूथ 81 और 82 के मतदाताओं के बारे में जानकारी इकट्ठा की। यहां पर बूथ 81 में कुल मतदाता 893 हैं जिसमे से 418 महिलाएं एवं 475 पुरुष। इलेक्शन आइकॉन ने बीएलओ से मिलकर कहा कि इस बार उनके बूथ पर शत प्रतिशत मतदान अवश्य हो । लगातार लोगों को 13 मई के बारे में बताते रहें। उन्होंने गांव के मतदाताओं के बीच जाकर मतदान अवश्य करने के बारे में सभी मतदाताओं से आग्रह किया।

### डीएम का संदेश पहले मतदान- फिर जलपान को जोर शोर से कर रहे प्रसारित

इलेक्शन आइकॉन ने जिला अधिकारी के संदेश पहले मतदान – फिर जलपान को नारे लगा कर प्रसारित किया एवम सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लोगों को बताया आप लोग सुबह सुबह मतदान करें और वापस आने के बाद घर पर जो भी लोग बचें हो उनको भी मतदान करने जरूर भेजें,हम सभी को 13 मई को मतदान के दिन को महापर्व के रूप में मनाना है। भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने का तरीका है इसलिए मतदान जरूरी है । मतदान लोकतंत्र की जान है।

# धौरहरा से दो प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

### खीरी-धौरहरा से चार-चार लोग ले गए नामांकन पत्र

नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए निर्धारित आरओ कक्ष से चार-चार व्यक्ति नामांकन पत्र लेकर गए है। दूसरे दिन धौरहरा संसदीय क्षेत्र से दो नामांकन पत्र दाखिल हुए, जबकि खीरी संसदीय क्षेत्र से कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए चतुर्थ चरण में खीरी व धौरहरा संसदीय सीट के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को 29 धौरहरा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नरसिंह और पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार ने रिटर्निंग ऑफिसर सीडीओ अनिल कुमार सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। वही 04 अभ्यर्थियों ने सात सेट नामांकन सेट प्राप्त किया। 28 खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। वही चार व्यक्तियों ने सात सेट नामांकन पत्र प्राप्त किए।

बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

# पांच से नहीं लगा लापता व्यक्ति का सुराग, हत्या की आशंका

**उचौलिया खीरी। समृद्धि न्यूज**

- परिजनों ने लगाया आरोप बोले, गांव का ही नवनीत पुत्र अमर सिंह ने पैसों के खातिर किसी अनहोनी घटना को दिया अंजाम

उचौलिया थाना के बनका गांव निवासी 41 वर्षीय किशोरी लाल पुत्र रामासरे 13 अप्रैल की शाम लगभग 6:00 बजे गांव के ही एक व्यक्ति के साथ 10000 लेकर विक्की पर बैठकर गिरवी पड़ी अपनी विक्की को छुड़ाने के लिए गए थे। जो घर वापस नहीं आए साथ में गए व्यक्ति ने उसी रात विक्की को उसके घर पर खड़ा कर दिया जब परिजनों ने किशोरी लाल के बारे में उससे पूछा तो वह भागने लगा। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को इस संबंध में जानकारी दी और बरामदगी की गुहार लगाई, लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक किशोरी लाल का कहीं कोई सुराग नहीं लगा, जिससे परिजन बेहद परेशान है और दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही नवनीत पुत्र अमर सिंह ने पैसों के खातिर किसी अनहोनी घटना को अंजाम दिया है। लापता व्यक्ति के भाई राजेश का कहना है कि थाने पर नवनीत पुत्र अमर सिंह के खिलाफ ताहिर देने के बाद भी पुलिस ने उसके खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की और थाने पर बुलाकर उसको छोड़ दिया।

इस संबंध में उचौलिया थाना प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है जिस पर परिजन आरोप लगा रहे हैं वह नाबालिग है और उसे थाने पर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 70 साल के वृद्ध ने लगाई फांसी

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बनकागॉव में शुक्रवार की सुबह 70 साल के एक वृद्ध ने गांव के बाहर दक्षिण साइड में आम के बाग में आम के पेड़ से अपनी लुंगी से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आगामी जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष उचौलिया जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक बाबू उम्र लगभग 70 साल लगभग 8-10 सालों से अपने लड़के की ससुराल बनकागॉव में रहता था? मृतक बाबू बवासीर और सॉस की बीमारी से पीड़ित था और उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार की सुबह बाबू ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा।

## दिव्यांग मतदाताओं को घर पर मिल रही मतदान की सुविधा

**बाराबंकी।** दिव्यांग मतदाता शतप्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके इसके लिये चुनाव आयोग उनके घर पर ही मतदान की व्यवस्था कर रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत कार्टून मधुमक्खी नित मतदाताओं की जिज्ञासा और उनके सवालों का जवाब दे रही है। जिससे अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक किया जा सके और जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ सके। मतदाता और कार्टून मधुमक्खी के सवाल जवाब की श्रृंखला में शुक्रवार को जमील-उर-रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स कॉलेज की 12वीं की छात्रा निदा बानो ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक पोस्टर चित्र बनाया है।

# नदी में नहाते समय डूबकर युवक की मौत

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

- तिलकोत्सव की खुशियां मातम में तब्दील, एक घंटे के बाद निखिल को बाहर निकाला तब तक उसकी हो गई थी मौत



रिश्तेदारों को नदी दिखाने ले गए युवक की नहाते वक्त नदी में डूब कर हुई मौत, परिवार में था तिलक छड़ भर में खुशियां मातम में बदल गई,सदमे में डूबा पूरा परिवार। ब्लाक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत करसौर के मजरा लंगड़ी पुरवा निवासी राजेश के पुत्र निखिल उम्र करीब 17 वर्ष शुक्रवार को अपने रिश्तेदारो को साथ लेकर शारदा नदी दिखाने गया था,वही नदी में स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया गुरुवार को परिवार में मृतक के चचेरे भाई का तिलक था उसमे आए रिश्तेदार नदी देखने के लिए कहने लगे तब निखिल उन लोगो को साथ लेकर शारदा नदी और कटान क्षेत्र दिखाने चला गया गर्मी होने के चलते सभी नदी में स्नान करने लगे सभी स्नान करके बाहर आ गए लेकिन निखिल जब बाहर नहीं निकला तब सभी ने शोर मचाना शुरू कर दिया और फोन पर जानकारी घर वालो को दी करीब एक घंटे के बाद निखिल को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो गई थी।

राजेश के एक ही लड़का था जो बहुत ही मिलनसार था,लोगो को विश्वास नही हो रहा जो कल तिलक में साथ बैठा था आज वो नही रहा वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

## ग्राम समाज की भूमि को दबंग ने किया कब्जा प्रधान ने लगाई गुहार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज की शाहपुर भक्तन ग्राम पंचायत की महिला प्रधान शैल कुमारी ने ग्राम समाज की भूमि पर गांव के ही दबंग व्यक्ति पर एक बार पुनः कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामनिवास त्रिवेदी ने बताया कि ग्राम पंचायत में स्थित भूमि गाटा संख्या 554 रकबा 0.429 हे0 भूमि जो राजस्व अभिलेखों में सामुदायिक मिलन केंद्र के लिए आरक्षित है उस पर गांव निवासी मोहम्मद कमाल पुत्र खलील द्वारा जबरदस्ती सरहंगी के बल पर कब्जा किया जा रहा था।

# दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**उचौलिया खीरी। समृद्धि न्यूज**

दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत के लगभग 1 महीने के बाद पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक पर मुकदमा दर्ज किया है? मुनीषा पत्नी महेंद्र कुमार निवासी कीरतापुर थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर ने उचौलिया थाने में तहरीर देकर बताया है कि घटना 12 मार्च की रात लगभग 12:30 बजे की है मेरे पति महेंद्र पुत्र शिवराम धनंजय पुत्र शिवराम राधे पुत्र श्री राम के साथ गांव बन्दरहा थाना पसगवॉ के यहां गए थे वहां से सभी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वापस अपनी रिश्तेदारी राधेश्याम निवासी कोटरा के यहां आ रहे थे तभी कोटरा जलालपुर बाग के पास उचौलिया की तरफ से गलत दिशा से आ रही बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन को चलाते हुए मेरे पति की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हुए मेरे पति को पीछे दूसरी मोटरसाइकिल से आ रहा है मेरे देवर और स्थानीय लोगों ने प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल शाहजहांपुर पहुंचाया। जहां पर हालत गंभीर होने के चलते उनको बरेली के लिए रेफर किया गया इस दौरान 15 मार्च की रात लगभग 9:30 बजे इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी मनीषा की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# लोक गायक ने बाबा साहब के व्यक्तित्व कृतित्व से किया जागरूक

- वोट की चोट से करें संविधान की रक्षा: विक्रम सिंह
- परसोला गांव में मनाई गई डॉ अम्बेडकर की जयंती

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम परसोला में डॉ. बीआर अम्बेडकर जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती समारोह में लोक गायक जमुना प्रसाद कनौजिया व उनकी टीम ने मिशन गीतों से लोगों को बाबा साहब के व्यक्तित्व कृतित्व से जागरूक किया तो वहीं जयंती समारोह में समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने लोगों को सम्बोधित कर शिक्षित व संगठित रहने एवं सामाजिक बुराइयों को त्यागने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर समाजसेवी रत्नेश कुमार ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर संविधान लागू होने से ठीक पहले कहा था कि 26 जनवरी 1950 को हम एक अंतर्विरोध पूर्ण जीवन में प्रवेश करने जा रहे हैं। रत्नेश कुमार ने बताया कि डा अम्बेडकर ने कहा है कि जिसे बढ़ना है उसे लड़ना होगा और जिसे लड़ना है उसे पहले पढ़ना होगा। बाबा साहब ने कहा है अकारण हिंसा नहीं करनी चाहिए। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम नरायन रावत ने कहा कि दलितों के सक्षम वर्ग को ये समझना होगा की अम्बेडकर के संघर्ष के बदौलत उनकी जिन्दगी में आज जो सम्पन्नता आई है उससे अर्जित ज्ञान,धन और समय का कम से कम 5 प्रतिशत हिस्सा इसी संघर्ष पर खर्च करना होगा वरना वो दिन दूर नहीं ये पांच प्रतिशत बचाने के चक्कर में पूरा 100 प्रतिशत छीनने वाले का सामना अकेले करना पड़ेगा। अधिवक्ता एवं भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम सिंह गौतम ने कहा कि संविधान ने हमे वोट का अधिकार दिया है, इसी वोट की चोट से संविधान की रक्षा करनी है।

जयप्रकाश सोहरा ने भी अपने गीत के माध्यम से लोगों को संगठित रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर श्यामलाल गौतम, मुन्नालाल, मनीराम गौतम, अहरवादीन, रमेश वर्मा, सन्तोष गौतम, सन्दीप गौतम, विजय बहादुर, शेर बहादुर, सत्यम, अमित, मिथलेश कुमार, महेश प्रसाद, राम मनोहर, अमरेश कुमार सीताराम गौतम, सन्तराम, सरजू प्रसाद आदि सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# सहायिका द्वारा फर्जी अंकपत्र लगाकर नौकरी हासिल करने का मामला

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवम् सहायका की जांच के संबंध में बालविकास परियोजना अधिकारी फूलबेहड़ में कार्यकत्री एवम् सहायिका द्वारा फर्जी अंकपत्र लगाकर नौकरी हासिल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में लिखित शिकायत करने के बाद आज तक अंकपत्रों की जांच कराए जाने की बजाय खुला सरंक्षण दिए जाने की बात की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड फूलबेहड़ के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पर शहरी के आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीना देवी पत्नी किशोर व आंगनबाड़ी केंद्र सिकटिहा की सहायिका श्रीदेवी पत्नी प्रेमचंद्र शर्मा के अंकपत्रों की जांच पर सवाल खड़े होते हैं। लोगों का कहना है कि उनकी पोस्टिंग अवैध तरीके से हुई है। शिकायतकर्ता ने शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल जिलाधिकारी खीरी को की लेकिन उक्त पर कोई कार्यवाही व जांच नहीं की गई।शिकायतकर्ता उपरोक्त की फर्जीवाड़ा की जांच कराना चाहता है। पूजा त्रिपाठी सीडीपीओ फूलबेहड़ दूरभाष पर बात करने पर ज्ञात हुआ कि मेरी पोस्टिंग ब्लॉक फूलबेहड़ में होने के बाद कोई भी नियुक्ति नहीं हुई है। यह शिकायत मुझसे किसी ने नहीं किया है।अगर गलत पोस्टिंग हुई है। उसकी जांच निष्पक्ष कराई जाएगी व दोषी पर करवाई की जाएगी।

# यूपीएससी: क्षितिज पटेल का हुआ नागरिक अभिनंदन

- मेरी कोशिश होगी कि संविधान में प्रदत्त किसी के अधिकार बाधित न हों: क्षितिज पटेल

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



जहाँ भी नियुक्ति मिलेगी, परिस्थितियों में बदलाव करूँगा। मेरी दृष्टि में अमीर गरीब सभी को संविधान ने समान अधिकार प्रदान किये हैं। मेरी कोशिश रहेगी कि किसी के अधिकार बाधित न होने पाएं।

उक्त विचार संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर बाराबंकी का नाम रोशन करने वाले क्षितिज पटेल ने श्री साईं इण्टर कालेज शुक्लाई में आयोजित स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान छात्रों के सवालों के जवाब देते हुए व्यक्त किये। रितिका वर्मा, ज्योत्स्ना शर्मा, दिव्यांश वर्मा, संस्तुति, किंसुक वर्मा, स्वर्णिमा खरे, तृषा चौधरी, ऋचा चतुर्वेदी सहित दो दर्जन छात्र छात्राओं ने सवाल पूछे। अपने सवालों के सीधे जवाब पाकर बच्चे बहुत उत्साहित और प्रेरित हुए। कार्यक्रम में कृषि विभाग में फील्ड आफिसर नियुक्त हुए अनुज कुमार पटेल डीके वर्मा कालेज चेयरमैन के संयोजन तथा छात्रा आर्या जायसवाल एवं प्रतिमा वर्मा के संयुक्त संचालन में सम्पन्न कार्यक्रम में विक्रम सिंह प्रिंसिपल बाल विकास कोठी, प्रताप सिंह, धीरेन्द्र कुमार वर्मा, ओपी वर्मा ओम, सुभाष चंद्र वर्मा, राम किशोर पटेल, सदानन्द वर्मा ने भी अभिनंदन किया। शिक्षक गण शुभांगी शर्मा, आर पी सिंह, अशुतोष दीक्षित, अर्पिता वर्मा, नीरज वर्मा, नविता, जूबी खान ने कार्यक्रम को और अधिक परिणामदायी बना दिया।

# सास-बहू-ननद सम्मेलन में चार हजार सदस्यों ने किया प्रतिभाग

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आज जनपद के 91 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 3920 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

बाल विकास परियोजना मसौली के आंगनबाडी केन्द्रों पर सम्मेलन के माध्यम से मतदान जागरूकता का प्रचार किया गया जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों के साथ-साथ समस्त ग्राम वासियों ने भी शपथ लिया कि हम मतदान अवश्य करेंगें। बाल विकास परियोजना रामनगर में सास बहू सम्मेलन में ग्राम की महिलाओं को इक्कठा किया गया जिसमें समस्त महिलाओं ने कहा हम सभी लोग अपना काम छोड़कर मतदान स्थल पर अपने पूरे परिवार के साथ मतदान करेगें। रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। ब्लॉक निन्दूरा में सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से मतदान करने हेतु सभी ग्रामवासियों को प्रेरित किया गया। समस्त गाम वासियों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली तथा मतदान करने हेतु अन्य लोगों को प्रेरित करने का आश्वासन दिया। बाल विकास परियोजना बनीकोडर में सम्मेलन में उपस्थित प्रतिभागिया ने कहा कि एक एक वोट से बनती सरकार इसलिये पहले मतदान बाद में अन्य कार्य। दरियाबाद में उपस्थित समस्त प्रतिभागिया को अवगत कराया गया कि मतदान से हमारा लोकतन्त्र मजबूत होता है इसलिये मतदान अवश्य करें जिसके लिए प्रतिभागियों ने शपथ ली। इसी प्रकार पूरेडलई में सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने शपथ ली कि हम परिवार सहित वोट अवश्यक डालेगे।



बाल विकास परियोजना हरख में सास बहू ननद सम्मेलन में उपस्थित प्रतिभागियों ने कहा कि हम परिवार सहित वोट डालने अवश्य जायेगें। सिद्धौर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपस्थित प्रतिभागियों ने शपथ ली कि में व मेरे परिवार के सभी सदस्य वोट डालने अवश्य जायेगें। अपने मत के प्रयोग के साथ दूसरे को भी प्रेरित करेंगी। सभी ने एक स्वर में कहा सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो।

# मेला चैती के सांस्कृतिक मंच का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

**गोला गोकर्णनाथ खीरी। समृद्धि न्यूज**



छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर निरंकारी सत्संग का शुभारंभ किया।

दिल्ली से पधारे संत निरंकारी मिशन के ब्रह्म ज्ञानी महात्मा राकेश मुट्रेजा ने सत्संग में कहा कि इंसान को क्रोध नहीं करना चाहिए। क्रोध में हार ही हार है। आज सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज हमे प्रेम करना सिखा रही हैं। ईश्वर प्रेम है, प्रेम ही ईश्वर है। क्रोध हर समस्या की जड़ है। महात्मा कहते है कि क्रोध अकेला नहीं आता अपने साथ तमाम विकार लेकर आता है। सद्गुरु माताजी हमें प्रेम का संदेश दे रही हैं। इंसान को इंसान से प्रेम करना चाहिए। इस लिए ब्रम्ह ज्ञान की आवश्यकता है। जो हमे निरंतर प्रेम करना सिखाता है।

प्रेम गली अति सांकरी जामे दो न समाय जब मैं था तब हरि नहीं अब हरि है मैं नाहि। परमात्मा जानने योग्य है, इसे सद्गुरु की कृपा से जाना जा सकता है। सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से परमात्मा एक क्षण में दिखाया जा सकता है। परमात्मा को जानकर ही मानव एकता और विश्व में शांति संभव है। ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होइ। इंसान अगर प्रेम करना सीख जाए तो संसार से नफरत खत्म हो जाएगी। पीर पैगम्बर समय समय पर इंसान को प्रेम सिखाने के लिए ही आते हैं। कर्म से इंसान महान होता है। इंसान के जाने के बाद भी उसको कर्मों से ही जाना जाता है। भक्ती निःस्वार्थभाव से करनी चाहिए। लखीमपुर की निशा साहनी, श्वेता साहनी, गीता भारती ने सुनाया-मेरे मिशन का एक है नारा जग में हो भाईचारा, न टकरार करो। हर तन में है भगवान सभी से प्यार करो।। पुवायां की जसविंदर सिंह ने सुनाया-मेरा सद्गुरु यह बताने आया है तू कहां जाएगा तू इंसान कहां से आया है।

शाहजहांपुर के विवेक देव ने कहा-मुझमे भी तुझमे भी इसमे भी उसमे भी सबमे राम समाया है। पूरनपुर की काजल ने गीत के माध्यम से संत निरंकारी पर सुनायाओ दुनियां बालो सुनो जग वालों बड़े ध्यान से । मेरा सद्गुरु तो मिलाये भगवान से।। निरंकारी सत्संग का संचालन रामकरन राठौर ने किया। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज प्रीतपाल सिंह, संयोजक प्रवेश साहनी, क्षेत्रीय संचालक रंजीत सिंह, गोला मुखी बहन प्रमिला खुराना दिल्ली से आई बहन हेमा, संचालक लालजी प्रसाद, शिक्षक रामनरेश सोनी, मीडिया प्रभारी करन सिंह सहित क्षेत्र से पधारे निरंकारी महात्मा व सेवादल के भाई बहन मुस्तैद रहे। सभासद शोभित सिंह, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, सौरभ तिवारी, शाहिद अंसारी, आनन्दकिशोर गिरि भोली, शब्बन खां, हरिओम वर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, शत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार, धीरज बाजपेयी, नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, आरआई अब्दुल रहीम अंसारी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी छप्पर में आग, चार मवेशी झुलसे

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे कुबेर मजरे अमरवल किरसिया गांव में अज्ञात कारणों के चलते युवक के घर के बाहर रखे छप्पर में आग लग गई जिसमे छप्पर जलकर राख हो गया इसी दौरान उसी के नीचे बंधे चार मवेशी झुलसकर घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी सुकई पुत्र बिहारी गांव के बाहर छप्पर रखे हुए थे और उसी के नीचे मवेशी बांधते थे शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 बजे छप्पर में अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई आग की उठती लपेट को देखकर जानकारी होने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच और मौके पहुंचे लोग आग बुझाने में जुट गए ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की दी।

ग्रामीणों की सूचना पर जब तक मौके पर फायर ब्रिगेड टीम पहुंची लेकिन उसके पहले ही आग काबू पा लिया। पीड़ित सुकई ने बताया की आग लगने के बाद रस्सी तोड़कर दो भैंस बाहर भाग गई थी जिसके चलते थोड़ा बहुत झुलसी लेकिन उसके दो बच्चे उसी के नीचे बंधे हुए थे जो बुरी तरह से झुलस गए हैं सूचना पर मौके पर पहुंचे पशु चिकित्साकर्मी ने घायल पशुओं का इलाज किया है।

### प्रेमी के संग युवती फरार, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्रेमी के साथ नकदी व जेवर लेकर प्रेमिका फरार हो गयी। पीड़ित पिता की तहरीर पर आशिक सहित चार सहयोगियो के विरुद्ध जैदपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के कस्बे के एक मोहल्ले का है जहां एक प्रेमिका अपने आशिक के साथ घर मे रखे पचास हजार रुपए नकद व कीमती जेवर लेकर रफूचक्कर हो गयी। तलाश करने पर जब पता नही चला तो पीड़ित पिता ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है। कि मेरी पुत्री 19 वर्ष की है। जिसे बिलाल पुत्र मुईन बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसमे उसके साथी मुजीब सुहेल, बिलाल का सहयोग रहा है। जैदपुर पुलिस ने आशिक बिलाल सहित चार सहयोगियो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है जिन्हे जल्द गिरफ़्तार कर लिया जायेगा।

# दुर्घटना को दावत दे रहा ट्रांसफार्मर

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद गोंडा के कस्बा मनकापुर में विद्युत विभाग की लापरवाही कहे या बदइंतजामी दोनों बातें सटीक बैठ रही हैं।

लगातार कई वर्षों से विकासखंड मुख्यालय के गेट पर ही जमीन से करीब 2 फीट ऊंचाई पर मनकापुर उतरौला मुख्य मार्ग से सटकर रखा गया ट्रांसफार्मर खुलेआम राहगीरो के मौत को दावत दे रहा है। इसके साथ ही कस्बा सहित मनकापुर उतरौला मुख्य मार्ग पर रोड के ऊपर से 11000 बोल्ट की लाइन के तार को बगैर सपोर्ट जाल के इस तरफ से उसे तरफ विभाग द्वारा मनमानी करते हुए खींचकर अपने दायित्वों की तो इति श्री कर ली गई है। जिससे हाई वोल्टेज तारों के नीचे रोड क्रास कराते समय बिना जाल के लगे इन तारों से आम राह गीरो के सर पर खतरा मंडराता नजर आ रहा है। गर्मी और लू के थपेड़ों से बढ़ रही तपिश के कारण बिजली की बड़ी मांग से तार कब कहां कट कर गिर जाए कुछ नहीं कहा जा सकता है।लेकिन विभाग इन सब बातों को नजरअंदाज करते हुए अपने दायित्वों की इतिश्री करके आम जनमानस की जान को जोखिम में डाल रहा है। तथा आए दिन जनपद में विद्युत तारों से हो रही आगजनी जैसी बड़ी घटनाओं को भी देखकर विद्युत विभाग की आंखें नहीं खुल रही है। जिससे किसी न किसी दिन बड़ी अनहोनी की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है।

वही इस संबंध में जब मुख्य अभियंता विद्युत देवी पाटन मंडल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह सब डायनेमिक चीज हैं खतरा कोई चाहता नहीं है कि खतरा हो लेकिन संघन बस्तियों में और मार्केट में चौराहों पर जाल का प्रोविजन होता है। बाकी ग्रामीण क्षेत्र में कोई जाल का प्रोविजन नहीं है। यदि संघन बस्तियों में तार बगैर जाल के रोड क्रॉस कराए गए हैं तो इसका इंस्ट्रूमेंट बनवा करके शीघ्र ही जाल लगवा दियाजाएगा।

## मतदाता जागरूकता स्वीप अभियान संपन्न

**गोंडा, समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।** गोंडा बेलसर महर्षि परशुराम इंटर कॉलेज विजय नगर गोंडा में मतदाता जागरूकता स्वीप अभियान कार्यक्रम चलाया गया।

बीडीओ विजय कांत मिश्रा, राकेश तिवारी सचिव, इंजीनियर राजेंद्र कुमार गुप्ता, इंजीनियर आरिफ खान, प्रधानाध्यापक सुमन त्रिपाठी के नेतृत्व में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ ग्रहण कराया।

हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत सभी ने हस्ताक्षर किए,और मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली। इस अवसर पर कृष्ण कुमार शुक्ला, सूर्यांश संकुल स्तरीय समिति और समूह की महिलाए एवं ग्राम प्रधान पंचायत सहायक व समस्त ग्रामवासी ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाया।

# अयोध्या धाम से आए पुरोहितों ने कराया प्राण प्रतिष्ठा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



मंदिर श्रृंगार कुंज ठाकुरद्वारा शहर के राजा मोहल्ला में भगवान राम जानकी, लक्ष्मण,पंचमुखी हनुमान सहित भगवान श्री चित्रगुप्त की प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या धाम से आए पुरोहितों द्वारा चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ सम्पन्न हुई।श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर भजन कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण और विशाल भण्डारा चलता रहा।एम वी म्यूजिकल आर्केस्ट्रा ग्रुप के कलाकारों के साथ हजारों भक्तों ने मंदिर श्रृंगार कुंज में भगवान के दर्शन करते हुए ईश्वर की स्तुति के साथ भजनोत्सव का आनंद लिया मंदिर के ट्रस्टी नवीन चंद्र किशोर ने कहा कि,मेरे पूज्य पितामह शीतला नारायण ने मंदिर श्रृंगार कुंज का निर्माण कराया था। जो अभी कुछ वर्ष पूर्व काफी जीर्ण शीर्ण हो गया था। जिसे उसी स्थान पर पुनः मंदिर निर्मित कराया गया। जहाँ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होकर फिर से मंदिर वैभव को प्राप्त हो गया है।।पूर्व की भांति श्री कृष्ण जन्माष्टमी सहित तमाम सनातन पर्व के आयोजन चलते रहेंगे।

उक्त चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी गुरु जी, पंकज सिन्हा, आलोक. सिन्हा, गगन, हर्षवर्धन, अनूप कुमार श्रीवास्तव, सरदार राजेन्द्र सिंह खुराना, अनिल कुमार सिंह, विनोद कुमार श्रीवास्तव, राम फेर प्रजापति, अलंकार सिंह, राम जी सिन्हा, राजन श्रीवास्तव एडवोकेट, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश नारायण तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, सोनवरसा से आए संत छोटे बाबा, तिलकराम आदि उपस्थित रहे।

# दरवाजे पर जबरन रास्ता कायम करने को लेकर जिलाधिकारी से की शिकायत

**कर्नलगंज/गोण्डा,समृद्धि न्यूज।**

- पीड़ित ने विपक्षी गणों के अवैध हस्तक्षेप को रोक जाने एवं उनके विरूद्ध उचित कार्रवाई करने की उठाई मांग
- विपक्षीगण राजनैतिक रसूख एवं पैसे वाले व्यक्ति : पीड़ित

तहसील क्षेत्र के थाना व नगर पंचायत परसपुर अन्तर्गत चिंता पंडित पुरवा में एक व्यक्ति के सहन दरवाजे पर दबंगों द्वारा जबरन रास्ता कायम करने के विवाद को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर विपक्षी गणों के अवैध हस्तक्षेप को रोक जाने एवं उनके विरूद्ध उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है।

नगर पंचायत परसपुर के चिंता पंडित पुरवा वार्ड नं0 10 के निवासी सुभाष पाण्डेय पुत्र स्व0 उमाशंकर पाण्डेय ने जिलाधिकारी को भेजे गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि विपक्षी गण विनय मिश्रा पुत्र स्व0 रमेश मिश्रा व जगदम्बा प्रसाद मिश्रा पुत्र मथुरा प्रसाद मिश्रा निवासी पता उपरोक्त सरकशी के दम पर उसके सहन दरवाजे की भूमि पर एक तीसरा रास्ता बना रहे हैं और बार बार कोशिश कर रहे हैं। जबकि पूर्वजों के जमाने से बहुत पहले से विपक्षीगण के आवागमन हेतु दो रास्ते एक पैदल जाने के लिए दूसरा रास्ता चार पहिया या अन्य वाहन ले जाने के लिए है। इसके बावजूद कानून की परवाह न करते हुए विपक्षीगण जबरन उसकी भूमि पर एक तीसरा रास्ता निकालने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। जब वह इस बात का विरोध करता है तो विपक्षीगण दबंगई के बल पर भद्दी भद्दी गाली व जानमाल की धमकी देते हुए गाँव से ही उजाड़ देने की धमकी के साथ आमादा फौजदारी हो जाते हैं।

पीड़ित का कहना है कि विपक्षीगण राजनैतिक रसूख एवं पैसे वाले व्यक्ति हैं और वह एक सीधा साधा व्यक्ति है इसी का बेजा लाभ उठा रहे हैं। पीड़ित ने दबंगों से त्रस्त होकर जिलाधिकारी को पत्र भेजकर विपक्षी गणों के अवैध हस्तक्षेप को रोक जाने एवं उनके विरूद्ध उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

# पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- युवक का अपहरण कर मांगी थी पांच लाख की फिरौती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के सोहरवा गांव निवासी एक युवक का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। विरोध करने पर फायरिंग करते हुए युवक जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद युवक के पिता को फोन कर पांच लाख की फिरौती मांगी। पिता ने केस दर्ज कराया।

पुलिस ने अपहृत युवक को बरामद कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि चार अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। अपहरण में प्रयुक्त चार पहिया वाहन और हथियार भी पुलिस ने बरामद किया है। राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहरवा के मजरा चिल्हरिया निवासी अकरम (22) पुत्र रियाज अहमद को कुछ लोगों ने बुधवार को गांव के ही दोस मोहम्मद उर्फ शेर अली ने इलाज के बहाने दरगाह थाना क्षेत्र के ग्राम चिचड़ी के पास ले गया। यहां पर लोगों ने बाइक सवार युवक को चार पहिया वाहन में बैठाकर ले जाने लगे। युवक के विरोध करने पर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी दी। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि युवक के पिता को फोन कर पांच लाख 13 हजार की फिरौती मांगी गई। राम गांव थाना क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी कृष्ण प्रताप के घर में बंधक बनाकर रखा।

उन्होंने बताया कि रामगांव थाने की पुलिस ने युवक के पिता की तहरीर पर दोस मोहम्मद के विरुद्ध अपहरण समेत अन्य केस दर्ज कर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा, उप निरीक्षक रामदेव यादव, एसआई अजयकांत द्विवेदी, चौकी इंचार्ज नरेंद्र चौधरी, उप निरीक्षक पुनीत समेत अन्य की टीम ने तलाश शुरू की। जांच के दौरान अकरम को पुलिस ने बरामद कर लिया। साथ ही दो तमंचा, छह जिंदा कारतूस, कार संख्या यूपी 40 एएस 7613 और पीड़ित की बाइक यूपी 41 एए 5908 और एक फोन बरामद किया। अकरम को सकुशल बरामद कर उसके परिवार को सौंप दिया गया।

जबकि अपहरण के आरोपी दोस मोहम्मद पुत्र सुबरती, कमरूद्दीन पुत्र फारुख निवासी निबिया हुसैनपुर रिसिया, बब्बन सिंह उर्फ संतोष कुमार पुत्र दलजीत सिंह भयापुरवा नेवादा, कुलदीप शुक्ला पुत्र श्रीराम शुक्ला और कृष्ण प्रताप उर्फ जज पुत्र सालिक राम शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार चार अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। एएसपी ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि सभी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### तो इसलिए किया अपहरण

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि अभियुक्त दोस मोहम्मद ने कमरुद्दीन से 80 हजार रूपये उधार लिया था। जिसे वह वापस नहीं कर पा रहा था। जिसको लेकर आए दिन कमरूद्दीन, दोस मोहम्मद को परेशान करता था। अपने पैसे के बदले दोस मोहम्मद ने कमरुद्दीन और अन्य साथियों के साथ मिलकर अकरम का अपहरण कर लिया। जिससे कि मिलने वाले पैसे से वह उधारी चुका सके और अन्य खर्च कर सके।

## खबरें एक नजर में

### प्रिंस का हुआ जोरदार स्वागत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के ग्राम पंचायत कन्छर निवासी टेंट व्यवसाई के बेटे प्रिंस बाबू मिश्रा ने यूपीएससी की परीक्षा पास की है। आईएएस परीक्षा पास करने के बाद बृहस्पतिवार को वह गांव पहुंचे। उनका गांव के लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। सभी ने उनके मेहनत की सराहना की। विशेश्वरगंज विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंछर के मजरा ईश्वरनाथ पुरवा निवासी सुरेश चंद मिश्रा के बड़े बेटे प्रिंसबाबू मिश्रा ने यूपीएससी की परीक्षा में 505वीं रैंक हासिल की है।परीक्षा पास करने के बाद गुरुवार को वह अपने पैतृक निवास ईश्वरनाथ पुरवा पहुंचे। परीक्षा के बाद प्रथम बार घर आने पर क्षेत्र के लोग उनके साथ सर्वप्रथम थाने के पास स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर पहुंचे। जहां माथा टेका तथा लोगों ने आतिशबाजी व ढोल नगाड़े के साथ नृत्य करते हुए सैकड़ों लोग उनके साथ घर पहुंचे। फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया। सभी ने प्रिंस के गरीबी में किए गए मेहनत को याद किया। इस अवसर पर उनके दूर दराज से आये तमाम रिश्तेदार नातेदार पहुंचकर होनहार बच्चे को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, कई बीघे गेहूं की फसल राख



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम फत्तेपुर कोटहना के बंधिया घाट पर अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण कई बीघे गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे मंदिर के पास कुछ लोग बैठे थे तभी उनको मंदिर से करीब 200 मीटर दूर आग की लपटें दिखाई पड़ी। जिससे वह लोग हल्ला गुहार करने लगे। तब तक आग ने कई बीघे फसल को अपने आगोश में ले लिया। मौके पर कुछ लोग ट्रैक्टर व अन्य यंत्र को लेकर पहुंचे और आग पर काफी प्रयास के बाद काबू पाया। वही लोगों द्वारा फायर ब्रिगेड व डायल 112 को भी फोन किया गया लेकिन जब तक उक्त टीमें मौके पर पहुंची तब तक आग ग्रामीणों को आग बुझाने में सफलता मिल चुकी थी। इस संबंध में जानकारी करने हेतु तहसीलदार के सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

### जड़ी-बूटी की खेप के साथ एक गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नेपाल से भारत में जड़ी बूटी की खेप ला रहे वाहनों को नेपाली पुलिस ने पकड़ लिया। साथ ही एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।नेपाल बॉर्डर इलाके के अब्दुलगंज जंगल के रास्ते हो रही नेपाली प्रतिबंधित जड़ी बूटी तस्करी का बड़ा खुलासा किया गया है। नेपाल बॉर्डर पर तैनात नेपाली आर्म पुलिस फोर्स के जावानो ने दो भारतीय मालवाहक पिक अप में लदी प्रतिबंधित जड़ी बूटी को बरामद कर एक ब्यक्त को हिरासत में लिया है। नेपाल जिला बाँके के एक पीएफ के एसपी विनोद पौडेल ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ भारतीय और नेपाली अन्तराष्ट्रीय तस्कर मिलकर काफी लंबे समय से नेपाल के रास्ते भारत मे जड़ी बूटी की तस्करी करते आ रहे हैं। मैने अपने जवानों की एक टीम डुडुवा गाँव पालिका वार्ड नम्बर 06 स्थित मुंसिपुरवा इलाके में लगा दिया। देर रात करीब दो बजे दो भरतीय पिकप UP 40AT 1378 और यूपी 40 एटी 9316में लदी प्रतिबंधित जड़ी बूटी को एक भारतीय को अब्दुल्लागंज जंगल की ओर ले जा रहे थे। जवानों ने घेर कर जड़ी बूटी लदी पिकप को पकड़ लिया। कुछ तस्कर भारतीय सीमा में भाग गये एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है पूछताछ करने पर पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम आशीष कुमार कलवार निवासी जनपद बहराइच बाबागंज बताया है। जड़ी बूटी को सीज कर पकड़े गये व्यक्ति और जड़ी बूटी से लदी दो पिकप को वन कार्यालय नेपालगंज के सुपुर्द कर दिया है।

### अंतिम संस्कार में गए किशोर की नदी में डूबकर मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के पड़रियाघाट पर अंतिम संस्कार के लिए गया एक किशोर पानी में डूब गया। 24 घंटे बाद उसका शव पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैना रघुनाथपुर गांव निवासी एक महिला की बुधवार को मौत हो गई थी। जिसका अंतिम संस्कार सरयू नदी के पड़रिया घाट पर था। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गांव निवासी शिवा उर्फ किशन (14) पुत्र बांकेलाल भी गया था। सभी लोग स्नान कर चले आए। जबकि शिवा पानी में डूब गया। इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई। कुछ देर बाद तलाश शुरू हुई तो गांव के लोगों के काफ़ी खोजबीन के बाद भी उसका शव नहीं मिला। इस पर गोताखोरों ने तलाश शुरू की। गुरुवार शाम को छह बजे किशोर का शव नदी से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि किशोर के शव नदी से बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि अंतिम संस्कार के दौरान वह नदी में स्नान करते समय डूब गया था।

# जीरो ड्रॉप पंचायत बनाने के लिए पीरामल फाउंडेशन ने की पहल

- विद्यालय प्रबंधन समिति एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त सहयोग से महिला सभा का हुआ आयोजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




रिसिया प्रखंड के ग्राम पंचायत पड़रीतारा के प्राथमिक विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षता एवं पंचायत के सहयोग एवं नीति आयोग की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम पंचायत को जीरो ड्रॉप आउट बनाने और ग्राम के समस्त बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने के उदेश्य से महिला सभा का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।महिला सभा के शुभारंभ अवसर पर प्रधान अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाने के लिए हम सब मिलकर बच्चों के भविष्य को सही दिशा प्रदान करने के लिए काम करेंगे एवं भविष्य में हमारी ग्राम पंचायत जीरो ड्रॉप आउट बने, इसके लिए समय-समय पर विशेष काम करने की बात कहीं। इस अवसर पर गाँधी फेलो शालिनी कुमारी ने महिला सभा में उपस्थित समस्त अध्यापक व महिलाओं का स्वागत कर बाल्यावस्था में शिक्षा का महत्व को समझाते हुए बच्चों को निरंतर विद्यालय में भेजने के लिए बच्चों की माताओं को प्रेरित करने के पश्चात बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने से लेकर विद्यालय में निरंतर रूप से अनुपस्थित रहने वाले बच्चों से जुड़ी समस्याओं के निवारण पर संवाद स्थापित कर समस्त महिलाओं को स्वंय के बच्चों को विद्यालय तक पहुंचाने की जिम्मेदारी शिक्षक से ज्यादा बच्चे के माता - पिता की होने की बात कहीं। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के डी पी एल मोहम्मद् युसुफ ने महिलाओं की समाज एवं बच्चों की शिक्षा में स्वयं की सहभागिता को प्रमुखता से बताते हुए बच्चों की शिक्षा में भागीदारी बढ़ाने की बात समझाई। इस दौरान प्रधानाध्यापक मोहम्मद सईद अंसारी ने शिक्षा जागरूकता और अपने बच्चों के प्रति जिम्मेदारियां का निर्वहन करने की बात करते हुए बच्चों को रोजाना विद्यालय तक पहुंचाने के लिए आग्रह किया। इस बैठक में विद्यालय के समस्त शिक्षक, ग्राम प्रधान अरुण कुमार वर्मा, पिरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो शालिनी कुमारी और मोहम्मद युसुफ सहित महिलाएं उपस्थित रही।

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को स्कूल में प्रवेश करने से रोका

- प्रधानाचार्य ने जारी किया तुगलकी फरमान




**बहराइच समृद्धि न्यूज़** बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अब मीडिया के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। यह हम नहीं बल्कि प्रधानाचार्य द्वारा स्कूलों पर लिखाए गए स्लोगन बयां कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया की स्वायत्तता को बनाए रखने के लिए सरकारों को निर्देशित किया है।लेकिन सरकारी कर्मचारी मीडिया को पूरी तरह से पाबंद करना चाहते हैं। इसका उदाहरण जिले के शिक्षा विभाग में संविलियन विद्यालय हुजूरपुर में देखने को मिला। हुजूरपुर सांविलियन विद्यालय की प्रधानाचार्य ने विद्यालय के दीवार पर मीडिया के प्रवेश को पूरी तरह वर्जित बताते हुए स्लोगन लिखाया है।दीवार पर लिखे स्लोगन की फोटो और वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। साथ ही मीडिया से जुड़े लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं। इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ए आर तिवारी ने बताया कि कुछ विद्यालयों में लिखाया गया होगा, यह कोई शासनादेश नहीं है इसकी जांच करवा रहे हैं इसके बाद कार्रवाई करेंगे।

# व्यय प्रेक्षक ने किया क्षेत्र भ्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- फ्लाईंग स्क्वायड टीम की गतिविधियों से हुए रूबरू

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने वृहस्पतिवार को देर शाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत भ्रमण करते हुए धरसवां चौराहा के निकट वाहनों की जांच कर फ्लाईंग स्क्वायड टीम की गतिविधियों को देखा तथा आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान एफएसटी प्रभारी अवर अभि. स.न.ख. चतुर्थ सुनील कुमार ने बताया कि टीम द्वारा अब तक 13 वाहनों की जांच की गई है। व्यय प्रेक्षक श्री मुरूगन ने वाहन जांच पंजिका का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप अपनी पदेन जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, व्यय प्रेक्षक के लाइज़न आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, एफएसटी में तैनात उप निरीक्षक कैलाश प्रसाद चौधरी, मुख्य आरक्षी राहुल नन्दन, आरक्षी सत्यवान यादव व धर्मेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

# सोलर पैनल में स्पार्किंग से लगी आग, बालक की जलकर मौत

- दो फूस के मकान जले, परिवार के लोग खेत में कर रहे थे गेहूं कटाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के जूड़ा ग्राम पंचायत में शुक्रवार दोपहर में सोलर पैनल के स्पार्किंग से फूस के मकान में आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर पांच वर्ष के बालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एसडीएम के साथ अन्य अधिकारियों ने जायजा लिया है।कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत जूड़ा के मजरा जगरामपुरवा लक्ष्मन और उनके बेटे सनोज का आसपास मकान है। शुक्रवार को पिता पुत्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित खेत में गेहूं के फसल की कटाई कर रहे थे। जबकि घर सनोज की 14 वर्षीय बेटी, पांच साल का बेटा कुलदीप मौजूद थे। दोपहर में 12 बजे सोलर पैनल में स्पार्किंग हुई। इसके बाद चिंगारी से फूस के मकान में आग लग गई। शोर सुनकर परिवार के लोग दौड़े। सभी ने दमकल विभाग को सूचना दी। ग्राम प्रधान विनोद निषाद की सूचना पर दमकल कर्मी आ गए। सभी ने आग बुझाई, लेकिन आग की चपेट में आकर कुलदीप की जिंदा जलकर मौत हो गई। इस पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर एसडीएम अश्विनी कुमार, सीओ राहुल पांडेय, तहसीलदार अजय यादव और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीएम ने बताया कि मृतक आश्रित को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाएगी। बालक की मौत से परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

### खुद के साथ तीन माह के बच्चे को बचाया

जूड़ा गांव निवासी सनोज के घर पर 14 वर्ष की बेटी, पांच वर्ष का भाई और तीन माह का छोटा बच्चा था। आग लगने पर 14 वर्षीय बेटी ने तीन माह के बच्चे को बचाते हुए खुद आग से बाहर निकल आई। लेकिन पांच वर्षीय भाई को वह आग की लपट से बाहर नहीं निकाल सकी और उसकी जलकर मौत हो गई।

# चहलारीघाट व खैरा बाजार में स्थापित एसएसटी बैरियर का डीएम ने किया निरीक्षण

- तैनात एफएसटी एवं एसएसटी टीमों की गतिविधियों का लिया जायजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए फ्लाईंग स्क्वायड दल तथा स्टैटिक सर्विलांस टीमों का गठन किया गया है।

जनपद में गठित की गयीं सभी टीमें अधिसूचना के दिनांक से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की शुचिता को बनाये रखने के लिए गठित टीमें पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अत्यधिक प्रचार खर्चो, घूस की वस्तुओं का नकद या वस्तु के रूप में वितरण, अवैध हथियारों, गोला बारूद, मदिरा या असामाजिक तत्वों आदि की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएंगी।

विधानसभा क्षेत्र महसी अन्तर्गत तैनात एफएसटी एवं एसएसटी टीमों की गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारी पुल तथा खैरा बाज़ार में स्थापित किये गये एसएसटी बैरियर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि चेकिंग की कार्यवाही का पूर्ण विवरण पंजिका में दर्ज किया जाय तथा चेकिंग की कार्यवाही करते समय वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाय तथा आमजन के साथ मित्रवत व्यवहार रखें। डीएम ने समस्त एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिया है कि तहसील क्षेत्रान्तर्गत स्थापित बैरियर व टीमों की गतिविधियों का जायज़ा लेते रहें।

### जिलाधिकारी ने गेंहू क्रय केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

- कृषकों से मोबाइल पर सम्पर्क कर उन्हें क्रय केन्द्र पर अपनी उपज लाने के लिए प्रेरित करें : मोनिका रानी



जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत गेहूं क्रय केन्द्र बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि. ललईबाग का औचक निरीक्षण करते हुए क्रय केन्द्र प्रभारी अमरिका प्रसाद दीक्षित ने बताया कि अब तक ग्राम तेजवापुर के कृषक कुलदीप कुमार से 04 कुण्टल व ग्राम गौरीशंकरपुर रमपुरवा से 79 कुण्टल कुल 02 किसानों से 83 कुण्टल गेहूँ की खरीद की गई है। क्रय केन्द्र पर गेहूँ की कम आवक के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर केन्द्र प्रभारी ने बताया कि अभी ज्यादातर खेतों में गेहूँ की फसल खड़ी है। कटान कम होने के कारण आवक कम है। जैसे जैसे कृषकों द्वारा गेहूँ की कटान की जाएगी, केन्द्र पर गेहूँ की आवक बढ़ती रहेगी। डीएम ने क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र के कृषकों से मोबाइल पर सम्पर्क उन्हें क्रय केन्द्र पर अपनी उपज लाने हेतु प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान डीएम ने क्रय केन्द्र पर उपलब्ध उपकरणों के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि किसानों के लिए छाया व पेयजल का माकूल बन्दोबस्त रखा जाय।

# राहुल गांधी परिवार सनातन विरोधी : स्मृति

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अमेठी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र में रायबरेली के सलोन विधानसभा के क्षेत्रों में लगातार विभिन्न मंडलों में कार्यकर्ताओं से मिल रही हैं। गुरुवार की रात मंत्री स्मृति ईरानी ने सरकार की विकास नीति एवं संकल्प पत्र को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सलोन विधानसभा के छतोह मंडल, डीह मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैठक की। स्मृति ईरानी ने भाजपा के पूर्व विधायक स्वर्गीय दल बहादुर कोरी एवं सलोन विधायक अशोक कुमार कोरी के निवास स्थान बिजौली में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

**भाजपा जाति धर्म में नहीं करती भेदभाव :-** स्मृति ईरानी ने अपने सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए बताया, कि डीह ब्लॉक में हमने पिछले 5 सालों से 23 हजार से ज्यादा शौचालय और पूरी अमेठी क्षेत्र में चार



लाख से ज्यादा शौचालय बनवाये है। डीह ब्लॉक के अंतर्गत 5140 घर और पूरी अमेठी में 1 लाख 14 हजार घर बनवाए। मुफ्त का राशन, कोरोना की वैक्सीन देने वाले नेता का नाम नरेंद्र दामोदर दास मोदी है। कोरोना काल में बिना भेदभाव के सभी को कोरोना टीका लगा। यह भाजपा परिवार में ही संभव है, कि बिना भेदभाव के सभी जाति धर्म को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं मिलें।

### अबकी बार भी कमल खिलेगा

स्मृति ईरानी ने कहा, कि 4 जून को कमल का फूल खिलेगा। एक सप्ताह के अंदर सलोन विधानसभा के अंदर कैंप कार्यालय बनेगा। ताकि, कार्यकर्ताओं को गौरीगंज न जाना पड़े। तीसरा इंजन अमेठी से लगना चाहिए। इसी संकल्प के साथ हमें प्रत्येक वोटर के घर-घर जाना है। अमेठी है तैयार, फिर एक बार मोदी सरकार का नारा वायनाड तक जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, कि चुनाव के प्रचार को अभी 30 दिन बचा है। भारत की राजनीति में पहली बार ऐसा हुआ है, कि कांग्रेस ने अभी तक अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किये है। यही संकेत है, कि इस बात को कांग्रेसी स्वीकार करती है कि मेरी हार निश्चित है। इसीलिए प्रत्याशी अभी तक घोषित नहीं किया। कांग्रेस का यही डर अमेठी और रायबरेली से कमल का फूल खिलाने में मददगार साबित होगा।

# भाजपा की नुक्कड़ सभा में उमड़ी भीड़

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के मोन ग्राम पंचायत में भारतीय जनता पार्टी की नुक्कड़ सभा हुई जिसमें भारी संख्या में लोगों ने सहभागिता की कार्यक्रम में मोदी मैजिक पूरी तरह छाया रहा जहाँ नेताओं ने सिर्फ एक ही बात दोहराई की देश की हर सीट पर मोदी जी ही चुनाव लड़ रहे हैं अब विषय प्रत्याशी नहीं है हमारा एक ही प्रत्याशी कमल का फूल है वहीं मोदी जी के द्वारा

### नेताओं ने दिया जीत का मंत्र, साधा केंद्र में सरकार बनाने का लक्ष्य

किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को भी गिनाया गया साथ ही राष्ट्रीय सम्मान एवं रक्षा क्षेत्र के कार्यों की भी चर्चा हुई इसी क्रम में जहाँ राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक भगवान श्री राम के मंदिर की पुनर्स्थापना की चर्चा हुई वहीं एक सामाजिक कोढ़ धारा तीन सौ सत्तर को कश्मीर से हटाने का विषय भी उठा इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रांतीय परिषद सदस्य भाजपा माता दीन पासी,पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह, विद्यासागर अवस्थी पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, वंदना सिंह जिला मंत्री महिला मोर्चा भाजपा, उमा कुमारी सिंह मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा, कल्पेश शुक्ला सेक्टर संयोजक, अमरेश कुमार प्रधान प्रतिनिधि के साथ ही बूथों के अध्यक्ष अपनी टीम के साथ तथा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# इस देश का विकास गांधी, नेहरू परिवार की देन : अतुल सिंह

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कांग्रेस प्रदेश सचिव पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने ऊंचाहार विधानसभा के बरगदहा, अप्टा, हुल्ला का पुरवा, निमार्व अड्डा, किशुनदासपुर, कल्याणपुर आदि गांव में चौपाल व जनसंपर्क कर लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं कांग्रेस सरकार में हुए कार्यों की विस्तार से चर्चा की।श्री सिंह ने बटउआपुर मजरे कुटिया चित्रा गाँव में आग से जलकर 6 बीघे गेहूं की फसल नष्ट होने की सूचना पर किसान अंकुश यादव,उदय यादव के साथ खेत में पहुंचकर पीड़ित किसानों से हाल-चाल जाना और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इस देश का विकास गांधी, नेहरू परिवार की देन है। आज रायबरेली का अभूतपूर्व विकास गांधी परिवार ने किया है।एम्स जैसा बड़ा हॉस्पिटल, एनटीपीसी,रेल कोच जैसे बड़े कारखाने रायबरेली में है, यह सिर्फ और सिर्फ गांधी परिवार की देन है।रायबरेली ऐसा जिला है,जहां पांच-पांच नेशनल हाईवे शहर से निकले हुए है। श्री सिंह ने कहा कि आज देश के लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास मोदी सरकार कर रही है। देश की एकता व अखंडता को बचाने के लिए हम सबके नेता जननायक राहुल गांधी जी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी प्रधानमंत्री इंडिया गठबंधन की तरफ से बनेंगे।देश की जनता सिर्फ और सिर्फ राहुल गांधी जी और इंडिया गठबंधन के साथ है। आज उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी जी और अखिलेश यादव जी की जोड़ी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विजय उत्तर प्रदेश में होने जा रही है। प्रियंका गांधी जी रायबरेली के विकास के लिए लगातार चिंतित रहती हैं,रायबरेली की समस्याओं के बारे में हम सबसे लगातार चर्चा करती रहती हैं। रायबरेली में ऐतिहासिक विजय कांग्रेस पार्टी की होने जा रही है, यह विजय गांधी परिवार का जो भी प्रत्याशी होगा प्रियंका जी हो या राहुल गांधी जी हो 5 लाख से अधिक मतों से विजई होने जा रहा है। भाजपा के पास कांग्रेस के सामने लड़ने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहा है।

# भाजपा ने नुक्कड़ सभा का किया आयोजन



**बछरावां रायबरेली**

विकास क्षेत्र की सुदौली ग्राम सभा के सेक्टर रामपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गयाद्य इस नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह ने वही विशिष्ट अतीत के रूप में पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने शिरकत कीद्य नुक्कड़ सभा में आगामी लोकसभा चुनाव में रायबरेली में कमल खिलाकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को संसद भेजने एवं 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गईद्य इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, मंडल महामंत्री मयंक रंजन द्विवेदी रामपुर सुदौली शक्ति केंद्र संयोजक वीरेंद्र त्रिवेदी सहित ग्राम सभा के समस्त बूथ अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व सदस्य उपस्थित है।

# अग्निकांड में सात बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के राघवपुर गांव में शुक्रवार की सुबह 11:00 बजे के करीब खेतों में आग लगने से लगभग 7 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में किसान इंदल, मोतीलाल पुत्र गण ननकऊ निवासी करमगंज राघवपुर तथा राम लखन पुत्र राम आसरे निवासी चोखे का पुरवा मजरे राघवपुर एवं रामरती अन्य किसानों की लगभग 7 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।आग लगते ही भारी संख्या में ग्रामीण खेतों पर इकट्ठा होकर उसे बुझाने का प्रयास करने लगेद्य इसी दौरान दमकल कर्मियों ने भी पहुंच कर आग पर 2 घंटे बाद काबू पाया तब तक सात बीघा फसल जलकर राख हो चुकी थी। हल्का लेखपाल ओम प्रकाश सोनी ने बताया कि जिन-जिन किसानों की फसलें जली है उनकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# सड़क हादसे में युवक की हुई मौत, छह घायल

**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग रोड हादसों में एक युवक हुई मौत 10 वर्षीय बच्चा समेत 6 लोग हुए घायल। महराजगंज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की स्थिति को नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, वहीं जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में एक की मौत हो गई।

पहली घटना हैदरगढ़ रोड से शिवगढ़ जाने वाली सड़क पर रीवा गांव के पास की है। शिवगढ़ की तरफ से आ रहे बुलेट सवार और रीवा की तरफ जा रहे स्प्लेंडर प्लस में आमने-सामने टक्कर हो गई, हादसे में एक 10 वर्षीय लड़का शिवकुमार समेत रामकुमार (25) पुत्रगण सत्रोहन निवासी असरफाबाद, मनीष (24) पुत्र सुंदरलाल निवासी सुखई का पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गए।108 एंबुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में रामकुमार (25) पुत्र सत्रोहन की मौत हो गई।

अशरफाबाद निवासी रामकुमार कि अभी 6 माह पूर्व ही शादी हुई थी।वहीं दूसरी घटना जिहवा गांव के पास की है। गहरी खाई में रामबाबू (22) पुत्र राम हर्ष निवासी सुखई का पुरवा, जगदीश (55) पुत्र मोहन निवासी कोटवा मदनीया, उमेश कुमार (20) पुत्र रामखेलावन निवासी रवना को गंभीर दशा में राहगीरों ने देखा, जो दर्द से कराह रहे थे। आनन-फानन राहगीरों द्वारा 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की स्थिति में सुधार न होता देख, जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### पलटी ओमनी तीन घायल



**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर रवना मोड़ के पास शुक्रवार की सुबह एक ओमनी कार के पलट जाने से उस पर सवार तीन लोग घायल हो गए, सभी घायलों को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां इलाज चल रहा है।सीएचसी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह की है। बछरावां की तरफ से ओमनी कार आ रही थी। बताते हैं कि, कार का सीएनजी खत्म हो गया था, जिसकी वजह से रवना मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई और इसमें सवार तीन लोगों देवनाथ सिंह (60) पुत्र रामनरेश सिंह निवासी भीरा थाना हरचंदपुर (बांया शोल्डर टूट गया), के अलावा विनय (22) पुत्र मैकूलाल निवासी मलिकपुर थाना हरचंदपुर, अरुण सिंह (24) पुत्र माता प्रसाद निवासी भीरा थाना हरचंदपुर को मामूली चोटे आई है। सभी घायलों को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया, जहां इलाज किया जा रहा है।

# विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली कटौती एवं ओवरलोडिंग से मिलेगी मुक्ति

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बिशनपुर विद्युत उपकेंद्र पर बीते कई दिनों से 5 एमवीए के भारी भरकम ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने के कारण क्षेत्र के लगभग 50 से 60 गांवों को विद्युत कटौती एवं ओवरलोडिंग की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसको ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों ने इस समस्या को दुरुस्त करने के लिए इस विद्युत उपकेंद्र पर स्थापित 5 एमवीए + 5 एमवीए पावर परिवर्तक के स्थान पर 10 एमवीए + 5 एमवीए पावर परिवर्तक स्थापित कर उपकेंद्र की क्षमता में वृद्धि का कार्य किया गया। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग एवं विद्युत कटौती की समस्या से जूझना न पड़े। यह कार्य सुबह 7:00 से प्रारंभ हो गया, इस कार्य के लिए चार अवर अभियंता तथा डेढ़ दर्जन विद्युत कर्मचारियों को लगाया गया, हाइड्रा की मदद से ट्रांसफार्मर को उतार कर नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगाद्य यह जानकारी विद्युत विभाग के एसडीओ अजय कुशवाहा ने दी। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य में लगभग 10 से 12 घंटे लग सकते हैं, उन्होंने बताया कि पूर्व में सभी उपभोक्ताओं को इसके लिए अवगत करा दिया गया है कि शुक्रवार सुबह 7:00 से शाम 6:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शॉर्ट सर्किट से किराने की दुकान में लगी आग,आग से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ खाक, मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ऐहार गांव का है जहां देर रात चौरसिया जनरल स्टोर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई, आग की लपटें इतनी तेज थी कि वहां पर मौजूद लोगों में अपरा तफरी मच गई, स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची व दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था पीड़ित दुकानदार के मुताबिक आग से लगभग एक लाख के नुकसान का अनुमान लगाया गया।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-

### 01083/01084 लोकमान्य तिलक (ट) – गोरखपुर – लोकमान्य तिलक (ट) विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 01083 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:50 | लोकमान्य तिलक (ट) | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिन : 01083 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 20.04.2024 को तथा 01084 गोरखपुर से दिनांक 22.04.2024 को
स्थान : शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

### 03415/03416 मालदा टाउन – लालकुआँ – मालदा टाउन विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 03415 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 03416 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:15 | मालदा टाउन | 23:45 | --- |
| 06:10 | 06:15 | वाराणसी | 09:40 | 09:45 |
| 19:05 | --- | लालकुआँ | --- | 21:05 |

चलने के दिन : 03415 मालदा टाउन से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (प्रत्येक बुधवार) तथा 03416 लालकुआँ से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (प्रत्येक गुरूवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : बड़हरवा, साहिबगंज जं., भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., पटना जं., आरा, बक्सर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, लखनऊ, बरेली, बरेली सिटी, इज्ज़तनगर एवं किच्छा स्टेशन।

### 02396 आनंद विहार (ट)–धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी

| स्टेशन | गाड़ी सं. 02396 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| आनंद विहार (ट) | --- | 19:20 |
| धनबाद | 16:45 | --- |

चलने के दिन : 02396 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : 2 टियर वाता. एवं शयनयान
ठहराव : नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, पहाड़पुर, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

### 09523/09524 ओखा – दिल्ली सराय रोहिल्ला – ओखा सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 09523 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09524 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:00 | ओखा | 13:50 | --- |
| 10:20 | --- | दिल्ली सराय रोहिल्ला | --- | 13:20 |

चलने के दिन : 09523 ओखा से दिनांक 23.04.2024 से 25.06.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तथा 09524 दिल्ली सराय रोहिल्ला से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (प्रत्येक बुधवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, विरमगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर जं., आबूरोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा जं., बाँदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।

### 06071/06072 कोच्चुवेली – ह. निज़ामुद्दीन – कोच्चुवेली सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 13 फेरे

| गाड़ी सं. 06071 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 06072 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:15 | कोच्चुवेली | 07:10 | --- |
| 20:40 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 04:10 |

चलने के दिन : 06071 कोच्चुवेली से तत्काल प्रभाव से दिनांक 31.05.2024 (प्रत्येक शुक्रवार) तक तथा 06072 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 22.04.2024 से 03.06.2024 (प्रत्येक सोमवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : कोल्लम जं., कायमकुलम जं., चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जं., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै, काटपाडी जं., चित्तूर, तिरुपति, रेणिगुंटा जं., गूडूर जं., ओंगोल, विजयवाड़ा जं., वरंगल, बल्हारशाह, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

### 01667/01668 रानी कमलापति–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. – रानी कमलापति एक्स. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 01667 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01668 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:20 | रानी कमलापति | 15:35 | --- |
| 20:15 | 20:25 | लखनऊ | 04:50 | 04:55 |
| 23:45 | --- | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. | --- | 01:05 |

चलने के दिन : 01667 रानी कमलापति से दिनांक 22.04.2024 से 24.06.2024 (प्रत्येक सोमवार) तथा 01668 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से दिनांक 23.04.2024 से 25.06.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तक।
स्थान : 3 टियर वाता.
ठहराव : भोपाल, विदिशा, बीना जं., ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, भीमसेन, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं अमेठी स्टेशन।

### 09044 बरौनी जं. – बान्द्रा टर्मिनस अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09044 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| बरौनी जं. | --- | 10:20 |
| बाराबंकी जं. | 01:33 | 01:35 |
| बान्द्रा टर्मिनस | 07:05 | --- |

चलने के दिन : 09044 बरौनी जं. से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : समस्तीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरुच जं., सायण, सूरत, वापी, बोईसर एवं बोरीवली स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

### 09016 भागलपुर–वलसाड विशेष रेलगाड़ी

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09016 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| भागलपुर | --- | 05:00 |
| लखनऊ | 00:30 | 00:40 |
| वलसाड | 02:30 | --- |

चलने के दिन : 09016 भागलपुर से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : शयनयान
ठहराव : सुलतानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुज़फ़्फ़रपुर, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, फ़र्रूखाबाद, मैनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टूण्डला, आगरा किला, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरुच, अंकलेश्वर, सायण, सूरत एवं उधना स्टेशन।

### 09032 गोरखपुर–वलसाड अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09032 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| गोरखपुर | --- | 05:00 |
| लखनऊ | 10:30 | 10:40 |
| वलसाड | 12:30 | --- |

चलने के दिन : 09032 गोरखपुर से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, फ़र्रूखाबाद, मैनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टूण्डला, आगरा किला, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरुच, अंकलेश्वर, सायण, सूरत एवं उधना स्टेशन।

### 09048 मालदा टाउन–उधना अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09048 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| मालदा टाउन | --- | 20:00 |
| बाराबंकी | 21:33 | 21:35 |
| उधना | 01:00 | --- |

चलने के दिन : 09048 मालदा टाउन से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : साहिबगंज ज., भागलपुर, सुलतानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरुच जं., सायण एवं सूरत स्टेशन।

### 07031/07032 सिकंदराबाद – ह. निज़ामुद्दीन – सिकंदराबाद विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 07031 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 07032 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:45 | सिकंदराबाद | 06:30 | --- |
| 02:00 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 04:00 |

चलने के दिन : 07031 सिकंदराबाद से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार) तथा 07032 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 23.04.2024 से 02.07.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : काजीपेट, रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूरकागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर एवं आगरा छावनी स्टेशन।

### 07621/07622 हजूर साहिब नान्देड – ह. निज़ामुद्दीन – हजूर साहिब नान्देड विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 07621 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 07622 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:45 | हजूर साहिब नान्देड | 00:35 | --- |
| 14:00 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 21:40 |

चलने के दिन : 07621 हजूर साहिब नान्देड से दिनांक 20.04.2024 से 27.04.2024 (प्रत्येक शनिवार) तथा 07622 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 21.04.2024 से 28.04.2024 (प्रत्येक रविवार) तक।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : पूर्णा, परभणी, सेलू, परतूर, जालना, औरंगाबाद, मनमाड़, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

### 05583/05584 रक्सौल – आनंद विहार (ट) – रक्सौल एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 05583 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05584 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:30 | रक्सौल | 05:30 | --- |
| 03:45 | 03:55 | मुरादाबाद | 13:00 | 13:10 |
| 07:15 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 09:00 |

चलने के दिन : 05583 रक्सौल से दिनांक 20.04.2024 को तथा 05584 आनंद विहार (ट) से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : शयनयान
ठहराव : नरकटियागंज जं., बगहा, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।

### 05537/05538 दरभंगा जं. – दौराई – दरभंगा जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 05537 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05538 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:15 | दरभंगा जं. | 06:50 | --- |
| 04:48 | 04:58 | सीतापुर जं. | 16:10 | 16:20 |
| 22:30 | --- | दौराई | --- | 23:45 |

चलने के दिन : 05537 दरभंगा जं. से दिनांक 04.05.2024 से 29.06.2024 (प्रत्येक शनिवार) तथा 05538 दौराई से दिनांक 05.05.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहाँपुर, बदायूँ, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., जयपुर जं., किशनगढ़ एवं अजमेर जं. स्टेशन।

### 08103/08104 टाटानगर जं. – वाराणसी जं. – टाटानगर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 08103 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 08104 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:05 | टाटानगर जं. | 22:30 | --- |
| 08:00 | --- | वाराणसी जं. | --- | 09:30 |

चलने के दिन : 08103 टाटानगर जं. से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (प्रत्येक गुरूवार) तथा 08104 वाराणसी जं. से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (प्रत्येक शुक्रवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : पुरुलिया जं., बोकारो स्टील सिटी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम एवं पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कांग्रेस की घर-घर गारंटी कार्यक्रम का अच्छा असर


**हरिहर स्वरूप**

3 अप्रैल को जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी के घर-घर गारंटी कार्यक्रम को लॉन्च करने के लिए उत्तरी दिल्ली के उस्मानपुर की संकरी गलियों में चले गये, तो इस घटना ने ऐसी ही एक यात्रा की पुरानी स्मृति ताजा कर दी। लगभग पांच दशक पहले इसी क्षेत्र में पहली बार कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ का इस्तेमाल चुनाव में किया गया था। इस घोंडा विधानसभा सीट-जहां उस्मानपुर स्थित है से 1978 में तत्कालीन मेट्रोपॉलिटन काउंसिल के लिए उपचुनाव हुए थे। 1977 में कांग्रेस के विभाजन के बाद, जब देवराज अर्स गुट ने गाय और बछड़ा प्रतीक लिया, तो इंदिरा गांधी ने हाथ चुना। दोनों घटनाओं की तुलना में हम पाते हैं कि अगर वह 1977 में अपनी हार के बाद सत्ता में वापसी करना चाह रही थी, तो 2024 के लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर कांग्रेस खुद को और भी गंभीर स्थिति में पाती है, और सत्ता में वापसी की भरपूर कोशिश कर रही है। उदाहरण के लिए, उत्तर पूर्वी दिल्ली को लीजिए। मलिन बस्तियों और पुनर्वास कॉलोनियों का निर्वाचन क्षेत्र कभी कांग्रेस का गढ़ था। अब यह विधानसभा राज्य विधानसभा के चुनाव में आप को और लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देती है। भाजपा ने कभी लोकप्रिय रहे भोजपुरी गायक और अभिनेता मनोज तिवारी को उस सीट से मैदान में उतारा है, जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रवासियों की एक बड़ी आबादी रहती है। लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ, कांग्रेस को निर्वाचन क्षेत्र वापस जीतने का मौका मिल रहा है। आप कार्यकर्ता कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन कर रहे हैं, इसलिए क्षेत्र से घर-घर गारंटी शुरू करने का निर्णय लिया गया है। आम जनता से गहरे सम्पर्क साधने के प्रयास के हिस्से के रूप में, पार्टी गारंटी कार्ड वितरित कर रही है जिसमें पार्टी के पांच मुख्य चुनावी वादों को सूचीबद्ध किया गया है। जहां खड़गे ने उस्मानपुर में पहल शुरू की, वहीं राहुल गांधी ने उसी दिन वायनाड में ऐसा किया, जहां से वह चुनाव लड़ रहे हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेसी ने कहा, यह उत्तर और दक्षिण को संतुलित करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकर्ता गारंटी कार्ड लेकर आठ करोड़ घरों में जायेंगे। अभियान के पीछे का विचार संगठन को संगठित करना और कार्यकर्ताओं में जोश भरना है। वहीं वरिष्ठ नेता ने यह भी बताया किइस बार घोषणापत्र काफी अच्छे समय में जारी किया गया है।

# भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि बनाम जीवनयापी संसाधनों की स्थिति

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर भारत की जनसंख्या चीन को पछाड़ते हुए 142 करोड़ के ऊपर जाकर विश्व की नंबर वन जनसंख्या वाला देश भारत बन गया है यह हमें पिछली बार 2023,में आई संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में पता चल गया था परंतु दिनांक 17 अप्रैल 2024 को जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि वार्षिक विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट ने मुझे हैरान कर दिया है, क्योंकि इसमें बताया गया है कि भारत की जनसंख्या अभी 144.17 करोड़ हो चुकी है और आने वाले 77 वर्षों में यह इसकी दोगुना हो जाएगी,जिसमें अनेक रेश्यो भी दिए हैं कि किस क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि के कैसे प्रभाव पड़े हैं जैसे उम्र लेवल पर जनसंख्या, महिलाओं की जनसंख्या लेवल पर स्थित,मातृ मृत्यु में असमानता महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ तथा प्रवस के दौरान रोज 800 महिलाओं की मृत्यु सहित 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत बाल विवाह सहित अनेको विश्लेषण दिए हैं। परंतु इस बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या पर मेरा मानना है कि इसके कंपनसेशन में जीवनयापी संसाधनों की क्या स्थिति है, बढ़ती बेरोजगारीको मिटाने का क्या प्लान है, जीवो को रहने के संबंध में कैसा प्रबंध प्रपोज्ड है जैसे अनेक मुद्दों पर गहन चर्चा कर नीति आयोग द्वारा नीति निर्माण करना होगा, क्योंकि मानव निर्मित संसाधनों को हम उपलब्ध करा सकते हैं, परंतु जब संसाधन कुदरत रचित हैं जैसे हवा पानी धरती के रूप स्थान के लिए तथा अनाज सहित अनेक ऐसी खाद्य वस्तु है जो सृष्टि द्वारा रचित है या कुदरत की देन है, इनमें हम कैसे इजाफा करेंगे ताकि जनसंख्या वृद्धि का संतुलन समय पर हम कर सकें क्योंकि भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि दर के अनुपात मेंजीवनयापी संसाधनों की स्थिति को रेखांकित करना समय की मांग है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि बनाम जीवनयापी संसाधनों की स्थिति।




**रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी भारी गिरावट आई है। साथियों बात अगर हम जनसंख्या के बायफरकेशन की करें तो, रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की 144.17 करोड़ आबादी में 24 फीसदी आबादी 0-14 साल की है,जबकि 17फीसदी आबादी 10-19 साल के अंदर है। इतना ही नहीं, 10-24 साल वाले भी भारत में 26 फीसदी हैं, जबकि 15-64 आयु वर्ग के सबसे ज्यादा 68 फीसदी हैं। इसके अलावा भारत की 7 फीसदी जनसंख्या 65 साल और उससे ज्यादा उम्र की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 साल और महिलाओं की 74 साल है।मातृ मृत्यु पर भारत की सराहना रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मातृ मृत्यु दर में काफी गिरावट आई है, जोकि दुनिया भर में ऐसी सभी मौतें का 8 फीसदी है।भारत में इस सफलता का क्रेडिट सरकार के सस्ती और अच्छी स्वास्थ सेवाओं को जनता तक पहुंचाना और लैंगिक भेदभाव को कम करने के प्रायासों को दिया है।**

साथियों बात अगर हम भारत में जनसंख्या के बढ़ते आंकड़े की करें तो,भारत में आखिरी जनगणना 2011 में की गई थी,उस वक्त भारत चीन के बाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा आबादी वाला देश था और देश की जनसंख्या 121 करोड़ थी। भारत की ताजा जनसंख्या पर यूनाइटेड नेशन पॉपुलेशन फंड (यूएनएफपीए) ने रिपोर्ट जारी की है,जिसके मुताबिक भारत दुनियां का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। भारत की पॉपुलेशन 144 करोड़ से अधिक हो गई है, इसमें 24 फीसदी आबादी 0 से 14 साल से कम उम्र की है। इस रिपोर्ट में ये भी अनुमान लगाया गया है कि भारत की आबादी आने वाले 77 सालों में दोगुनी हो जाएगी। रिपोर्ट में जनसंख्या के साथ-साथ नवजात बच्चों की मौत, महिलाओं और एलजीबीटीक्यू की स्थिति आदी के बारे में भी डेटा दिया गया है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी भारी गिरावट आई है। साथियों बात अगर हम जनसंख्या के बायफरकेशन की करें तो, रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की 144.17 करोड़ आबादी में 24 फीसदी आबादी 0-14 साल की है,जबकि 17फीसदी आबादी 10-19 साल के अंदर है। इतना ही नहीं, 10-24 साल वाले भी भारत में 26 फीसदी हैं, जबकि 15-64 आयु वर्ग के सबसे ज्यादा 68 फीसदी हैं। इसके अलावा भारत की 7 फीसदी जनसंख्या 65 साल और उससे ज्यादा उम्र की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 साल और महिलाओं की 74 साल है।मातृ मृत्यु पर भारत की सराहना रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मातृ मृत्यु दर में काफी गिरावट आई है, जोकि दुनिया भर में ऐसी सभी मौतें का 8 फीसदी है।भारत में इस सफलता का क्रेडिट सरकार के सस्ती और अच्छी स्वास्थ सेवाओं को जनता तक पहुंचाना और लैंगिक भेदभाव को कम करने के प्रायासों को दिया है। पीएलओएस की ग्लोबल पब्लिक हेल्थ रिपोर्ट का हवाला देते हुए यूएनएफपीए ने कहा कि सर्वे में पता चला है कि भारत के 640 जिलों में एक तिहाई जिलों ने मातृ मृत्यु कम करने के लिए सतत विकास लक्ष्य हासिल कर लिया है।

बता दें भारत सरकार द्वारा नवजात की मृत्यु दर को कम करने और शिशुओं और माओं को पौष्टिक आहार मुहैया कराने के लिए कई स्कीम चलाई जा रही हैं. इसके अलावा अच्छे और सस्ते स्वास्थीय ने भी जनसंख्या बढ़ोत्तरी में अहम किरदार निभाया है। देश में महज 7 फीसदी आबादी 65 वर्ष या इससे अधिक उम्र की है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि (यूएनपीएफ) की तरफ से वार्षिक विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं, जिसकी वजह से मातृ मृत्यु दर में कमी आई है और जीवन प्रत्याशा बढ़ी है।देश की आबादी में महज 7 फीसदी 65 साल या इससे अधिक उम्र के लोग हैं।

देश में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेंटेसी) बढ़कर 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष हो गई है। 77 वर्ष बाद 2101 तक भारत की आबादी बढ़कर दोगुनी हो जाएगी। रिपोर्ट में भारत में जनसंख्या बढ़ने के पीछे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व जीवन प्रत्याशा में वृद्धि है। रिपोर्ट में गर्भवती व प्रसूताओं को पौष्टिक आहार मुहैया कराने को लेकर चलाई जा रहीं योजनाओं की भी प्रशंसा की गई है। यह भी बताया गया है कि 2006-2023 तक भारत में बाल विवाह की दर 23 फीसदी रही, जोअत्यंत चिंताजनक है। साथियों बात अगर हम जनसंख्या के उपलब्ध आंकड़ों में महिलाओं का विश्लेषण करें तो,रिपोर्ट के मुताबिक देश के 640 जिलों में सतत विकास लक्ष्यों के मुताबिक मातृ मृत्यु दर का अनुपात एक लाख़ पर 70 या इससे कम है लेकिन 114 जिले ऐसे हैं, जहां यह अनुपात 1 लाख पर 210 या इससे ज्यादा है। अरुणाचल प्रदेश के तिराप जिले में यह सबसे ज्यादा एक लाख पर 1,671 है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लैंगिक भेदभाव कम हुआ है। हालांकि, दिव्यांग महिलाओं को सामान्य महिलाओं की तुलना में 10 गुना ज्यादा लैंगिक भेदभाव और हिंसा का शिकार होना पड़ता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के धनी परिवारों की महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार का ज्यादा लाभ मिला। इसके अलावा विकलांग महिलाएं, लड़कियां, प्रवासी, शरणार्थी, जातीय अल्पसंख्यकों, एलजीबीटीक्यू प्लस, एचआईवी पीड़ित व वंचित जातियों को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जोखिमों का अधिक सामना करना पड़ता है।

## विचार

# प्रांतीय राजनीति की चुनौती

**अरविन्द मोहन**



नरेंद्र मोदी और उनकी प्रचार मंडली को इस बात का श्रेय दिया ही जाना चाहिए कि वे इस चुनाव में कई मामलों में बढ़त बना चुके हैं। सरकार, भाजपा की जगह मोदी की गारंटी और चार सौ पार जैसे नारों से उन्होंने अपने समर्थकों को उत्साहित करने की कोशिश की है। नए नारे या जुमले गढ़ने में मोदी जी का जबाब नहीं है। पहले भी काफी बार ऐसे नारे गढ़े गए थे और उनके न पूरा होने या चुनाव हारने के बाद अमित शाह को कहना पड़ा कि ये तो अपने कार्यकर्ताओं को उत्साहित और प्रेरित करने के लिए हैं। आज यह सवाल सबसे मौजूं है कि चार सौ सीटें आएंगी कहां से जो कोई राज्यवार हिसाब लगाता है वह सारी उदारता बरतते हुए भी 272 पार नहीं कर पाता क्योंकि उत्तर और पश्चिम के राज्यों में भाजपा ने पिछली बार लगभग सारी सीटें जीती थीं और दक्षिण तथा पूरब में बहुत कम। इस बार दक्षिण और पूरब में भी सीटें बढ़ने की जगह घटती लग रही हैं और उत्तर तथा पश्चिम में भी। वहां भाजपा के लिए सीटें बढ़ाने की गुंजाइश तो नहीं ही बची है। भाजपा को अपने सौ से ज्यादा सांसदों का टिकट काटना पड़ा है और जगह-जगह बगावत है। कई मंत्री बेटिकट रह गए हैं। दर्जन भर मुद्दों की रस्साकशी के बाद मोदी जी खुद मुद्दा बन गए हैं, सारा चुनाव अपने ऊपर ओढ़ लिया है। चुनाव घोषणा पत्र में सबसे ज्यादा 65 बार नरेंद्र मोदी आया है।

जब काफी लंबी अनिश्चितता के बाद अचानक इंडिया गठबंधन उभर आया तो सारी कवायद उसे बदनाम करने, तोड़ने और एक श्शेर और जाने कितने गीदड़ों की लड़ाई बताने की रही। पर जल्दी ही समझ आया कि लीडर के दावे और सारे प्रचार के बावजूद विविधता भरे इस देश में गठबंधन के बगैर काम नहीं चलाने वाला है तो सारे लिहाज छोड़कर जाने किस-किस दल या नेता के साथ गठबंधन किया गया, एनडीए को पुनर्जीवित करने का नाटक किया गया। कई राज्यों में स्थानीय मजबूद क्षेत्रीय दल के खिलाफ साम- दाम- दंड- भेद अपनाने के बावजूद बात नहीं बनी। इस बदलाव के बावजूद यही लगता है कि भाजपा के रणनीतिकारों को यह बात समझ ही नहीं आई है कि नब्बे के दशक के बाद इस देश की राजनीति एकदम बदल गई है। भले इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1985 में कांग्रेस को 413 सीटें मिलीं लेकिन उसे अपना कार्यकाल पूरा करना भारी पड़ गया। जीत के इसी गुमान में कांग्रेस ने अपने चंडीगढ़ अधिवेशन में एकला चलो का नारा दिया था जबकि वी.पी. सिंह ने अपने मुट्ठी भर साथियों के साथ अलग किस्म की राजनीति की और भाजपा तथा कम्युनिष्ट पार्टियों को भी मजबूर किया कि वे उनकी सरकार को समर्थन दें। दुर्भाग्य से यह प्रयोग तो लंबा नहीं चला लेकिन कांग्रेस और भाजपा दोनों को गठबंधन राजनीति और क्षेत्रीय दलों की उभरती ताकत का अंदाजा हो गया। राव साहब ने क्षेत्रीय दलों को गलत ढंग से पटाकर अल्पमत की सरकार चलाई लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने तो धारा 370 हटाने, राम मंदिर का निर्माण और कामन सिविल कोड जैसे अपने बुनियादी मसलों को ताक पर रखकर नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस-एनडीए बनाया और राज किया।

**राव साहब ने क्षेत्रीय दलों को गलत ढंग से पटाकर अल्पमत की सरकार चलाई लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने तो धारा 370 हटाने, राम मंदिर का निर्माण और कामन सिविल कोड जैसे अपने बुनियादी मसलों को ताक पर रखकर नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस- एनडीए बनाया और राज किया। यह नई चीज थी- देश में क्षेत्रीय दलों की राजनीति का निरंतर प्रबल होना। नेहरू के समय के कांग्रेस के बारे में माना जाता था कि वह सामाजिक स्तर पर एक श्रेनबो कॉलिशन बनाकर चलती थी।**

यह नई चीज थी- देश में क्षेत्रीय दलों की राजनीति का निरंतर प्रबल होना। नेहरू के समय के कांग्रेस के बारे में माना जाता था कि वह सामाजिक स्तर पर एक श्रेनबो कॉलिशन बनाकर चलती थी। प्रसिद्ध राजनीति विज्ञानी रजनी कोठारी इसे नेहरू माडल ही कहते हैं।

हालांकि तब भी पूर्वोत्तर, तमिलनाडु और पंजाब में भिन्न स्वर सुनाई देने लगे थे लेकिन कुल मिलाकर कांग्रेस सारे समाज को साथ रखती थी। पर धीरे धीरे वह ब्राह्मण, दलित और मुसलमान पार्टी बनने लगी और मध्य जातियां समाजवादी आंदोलन के प्रभाव में उससे छिटकती गईं। कालांतर उन्होंने अपनी मजबूत पार्टियां बनाईं। आज उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, हरियाणा में लोकदल, पंजाब में अकाली दल, कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-पीडीपी, ओडिशा में बीजद, प. बंगाल में टीएमसी और दक्षिण के राज्यों की तो पूरी राजनीति क्षेत्रीय दलों के कब्जे में आ गई। शुरू में कांग्रेस और कथित राष्ट्रीय पार्टियां इन आंदोलनों दलों को देश की एकता के लिए खतरा बताती थीं, इनके नेताओं को जातिवादी-परिवारवादी बताती रहीं। लेकिन वीपी सिंह वाले प्रयोग ने यह ठप्पा हटा दिया। देश में पहली बार सिर्फएक मुसलमान मुफ्ती मोहम्मद सईद को गृह मंत्री ही नहीं बनाया गया था, अंगरेजी न जानने वाले देवी लाल उप प्रधानमंत्री और फिर तो रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, रेलवे मंत्रालय समेत सारे महत्वपूर्ण मंत्रालयों पर क्षेत्रीय सूरमा आए और उन्होंने मजे से बढ़िया शासन किया। कुशासन और जंगल राज के लिए बदनाम लालू यादव का रेल मंत्रालय प्रबंधन हार्वर्ड के मैनेजमेंट कोर्स में शामिल हुआ। कई फैसले (खासकर क्षेत्रीय दल से जुड़े मंत्रियों को लेकर) दिल्ली की जगह चेन्नई, लखनऊ और पटना में होने लगे। देश टूटने का खतरा और देशद्रोही वाला तमगा जाने कहां बिला गया। करुणानिधि, जयललिता और प्रकाश सिंह बादल जैसे लोग दिल्ली नहीं आए लेकिन दिल्ली की राजनीति में उनकी धमक बढ़ी।

# आपदा को आमंत्रण

युक्त अरब अमीरात और खाड़ी के कुछ अन्य देशों में अचानक आई भारी व असामान्य बारिश ने इंसान को तमाम सबक दिए हैं। जिन देशों को अपनी समृद्धि व संपन्नता का दंभ था, वहां आई मूसलाधार बारिश ने सारी आधुनिक व्यवस्थाएं ध्वस्त कर दीं। दुनिया का सबसे ज्यादा आधुनिक व चहल-पहल वाला दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट अराजकता का शिकार हो गया। सैकड़ों उड़ाने रद्द हो गईं। दुनिया के चोटी के हवाई अड्डों में शामिल जिस दुबई एयरपोर्ट में पिछले साल आठ करोड़ यात्रियों की आमद थी, एक मूसलाधार बारिश से उसकी सारी व्यवस्थाएं चौपट हो चुकी थीं। इस दौरान ओमान में 19 लोगों की मौत के अलावा अन्य देशों में भी लोगों के हताहत होने की आशंका है। बताते हैं कि अभी भी कई निचले इलाकों में बारिश का पानी भरा हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात में पिछले 75 साल बाद रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में डूबे वाहन और बारह लेन वाले हाईवे पर लगा जाम बता रहा है कि कुदरत की माया के आगे मानव का विकास अभी भी बौना ही है। फिर मध्यपूर्व के रेगिस्तानी इलाकों में मूसलाधार बारिश का होना निश्चित ही अचरज की बात है। अचानक आई इस बारिश और बाढ़ को जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव कहा जा रहा है। लेकिन वहीं लोग आरोप लगा रहे हैं कि यह घटना विशुद्ध रूप से प्रकृति से मानवीय छेड़छाड़ का नतीजा है। आलोचक इस असामान्य बारिश को क्लाउड सीडिंग का नतीजा बता रहे हैं। दरअसल, कृत्रिम तरीके से बारिश कराने की कोशिश को ही क्लाउड सीडिंग कहा जाता है, जिसमें बादल में बारिश के बीज बोने के लिये कृत्रिम तरीके से प्रयास किये जाते हैं। ऐसे कुछ प्रयास यूएई में किये जा रहे थे। एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट में बताया गया है कि रविवार व सोमवार को यूएई में क्लाउड सीडिंग की योजना बनायी गई थी और मंगलवार को भयावह बाढ़ के हालात पैदा हुए हैं। आशंका जतायी जा रही है कि क्या कृत्रिम बारिश के प्रयासों के चलते यह स्थिति पैदा हुई है? बहरहाल, आने वाले वक्त के अध्ययन हमें बताएंगे कि इस आपदा के आने में क्लाउड सीडिंग की कितनी भूमिका थी। वैसे दुनिया के तमाम देशों में संकट के समय क्लाउड सीडिंग कराने के मामले सामने आते रहते हैं। किन्हीं देशों में सामरिक तो कहीं कृषि उद्देश्यों के लिये कृत्रिम बारिश का सहारा लिया जाता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के चलते बदले हालात में यह संकट गहरा हो जाता है। उल्लेखनीय है कि कृत्रिम बारिश का सहारा तब लिया जाता है, जब हवा की नमी की कमी के चलते बारिश नहीं हो पाती। भारत में साठ के दशक में कृत्रिम बारिश का प्रयोग किया गया था। दरअसल, बारिश के बीजों के रूप में सिल्वर आयोडाइड, पोटेशियम क्लोराइड व सोडियम क्लोराइड जैसे पदार्थों का उपयोग किया जाता है, जिनका हवाई जहाज की मदद से बादलों में छिड़काव किया जाता है। इससे बर्फ के कण बादलों की नमी के साथ मिलकर बारिश होने की प्रक्रिया को अंजाम देते हैं। दरअसल, आधुनिक विकास के मोह में संयुक्त राज्य अमीरात अपने व्यापारिक उद्देश्यों व नागरिकों के लिये पानी की कमी को पूरा करने के लिये इस तकनीक का उपयोग करता रहा है। ऐसे ही भारत में नब्बे के दशक में तमिलनाडु में भयंकर सूखे से निपटने के लिये क्लाउड सीडिंग तकनीक का उपयोग कई बार किया गया था। वहीं चीन ने भी बीजिंग में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के दौरान पर्यावरण प्रदूषण दूर करने के लिये क्लाउड सीडिंग तकनीक का इस्तेमाल किया था। बहरहाल, यूएई, ओमान व सऊदी अरब जैसे इलाकों में ऐसी भारी बारिश हमारे नीति-नियंताओं को विकास योजनाओं को लेकर नये सिरे से विचार करने को मजबूर कर रही है। इन देशों को अपनी सड़कों व अन्य विकास कार्यों को अब बारिश के ऐसे संकट को नजर में रखकर तैयार करना होगा। साथ ही मनुष्य को इस तथ्य को गंभीरता से स्वीकारना होगा कि प्रकृति के साथ अन्याय करने पर हमें उसका प्रतिकार सहने के लिये तैयार रहना होगा।



# राशिफल

**मेष:-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह :-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीन:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# बेहद अहम चुनाव का आगाज

543 सीटों वाली भारतीय लोकसभा के लिये जिस आम चुनाव का प्रारम्भ पहले चरण के रूप में शुक्रवार से हो रहा है, उसे अगर आजादी के बाद का सर्वाधिक महत्वपूर्ण निर्वाचन माना जा रहा है तो वह इसलिये गलत नहीं है क्योंकि इस चुनाव के नतीजों से अनेक बातें तय होने जा रही हैं। मसलन, कि भारत में लोकतंत्र बचेगा या तानाशाही कायम हो जायेगी, देश संविधान द्वारा निर्देशित होता रहेगा या जैसा कि अप्रत्यक्ष संकेत मिल रहे हैं कि इसे परे कर दिया जायेगाय और तो और, क्या इसके बाद चुनाव होंगे भी या नहीं- जिसकी आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं? ऐसे कई सवाल हैं, कई डर हैं जिनके बीच से गुजरकर देशवासी पहले चरण के अंतर्गत 21 राज्यों की 101 सीटों पर वोट करने जा रहे हैं।

2014 तथा 2019 में बहुमत पाने वाले भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी मर्तबा सता पाने के लिये प्रयासरत हैं। इन 10 वर्षों में बेहद सुनियोजित तरीके से प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सभी राजनैतिक व आर्थिक शक्तियों को अपने प्रभाव में ले लिया है। पहले त्त दौर (2014-19) में उनका दिया कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दूसरे दौर (2019 से अब तक) में पहुंचकर विपक्ष मुक्त भारत में बदल गया। यह नारा पहले अभियान और फिर मोदी के लक्ष्य में बदल गया है। जाहिर है कि लोकतंत्र में विश्वास करने वाला कोई भी व्यक्ति विपक्ष मुक्त देश की कल्पना कर ही नहीं सकता। विपक्षी नेताओं, सांसदों, विधायकों या अन्य जनप्रतिनिधियों को डरा-धमकाकर अथवा प्रलोभन देकर भाजपा में शामिल कराना, ऑपरेशन लोटस के नाम पर निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराना या अस्थिर करना, पैसे व ताकत के बल पर उन्हें हटाकर अपनी सरकारें बना लेना भाजपा का नियमित खेल हो गया है।




भारतीय राजनीति को दूषित करने के लिये भाजपा ने धन का निर्लज्ज प्रदर्शन किया। पैसे बटोरने के लिये सरकार किस तरह से चुनावी बॉन्ड्स लाई और केन्द्रीय जांच एजेंसियों के बल पर उसने कैसे अकूत राशि बटोरी, यह भी चुनाव आते-आते साफ हो गया। इसके लिये कतिपय सिविल सोसायटियों के साथ मुख्यतरू एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) तथा देश के कुछ स्वतंत्र चेता वरिष्ठ वकीलों ने इस योजना के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं डाली थीं जिसे मोदी सरकार 2018-19 में इलेक्टोरल बॉन्ड्स के नाम पर लेकर आई थी। इसके जरिये भाजपा को खूब पैसे मिले हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द कर दिया। इस फैसले ने भाजपा के भ्रष्टाचार विरोधी होने के मुखौटे को निकाल कर फेंक दिया क्योंकि इसके बारे में कहा गया कि यह देश ही नहीं विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक घोटाला है। इसने यह भी बतला दिया कि मोदी सरकार ने किस प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग धन इकत्र्र करने में किया है। यह अलग बात है कि अब भी नरेन्द्र मोदी इसे एक अच्छी योजना यह कहकर साबित करने की कोशिश कर रहे हैं कि इसके कारण अब पता चल रहा है कि राजनीतिक दलों को पैसा कहां से मिला है। यानी कि मनी ट्रेल की जानकारी हो रही है। यह योजना भाजपा के लिये इतनी फायदेमंद साबित हुई है कि देश की सबसे बड़ी अदालत द्वारा इसे असंवैधानिक करार दिये जाने के बावजूद यह सरकार उसके नये वजर्न पर वित मंत्रालय के जरिये काम कर रही है ताकि उसे जीतने पर तीसरे कार्यकाल में लाया जा सके। जनता की बदहाली तथा उसके चौमुखी शोषण पर आधारित एक कठोर पूंजीवादी मॉडल भी मोदी सरकार की देन है जिसमें आर्थिक गैरबराबरी इतनी बढ़ी है जितनी कि पिछले करीब पांच दशकों में नहीं बढ़ी थी। देश के 85 करोड़ लोग 5 किलो प्रति माह राशन की लाइन में खड़े होते हैं और श्री मोदी के करीबी दो कारोबारी- गौतम अदानी व मुकेश अंबानी दुनिया के सर्वाधिक अमीर लोगों की सूची में हैं। पौना शताब्दी की भारतीयों की मेहनत व गाढ़े पसीने की कमाई से निर्मित सरकारी उपक्रम मोदी सरकार ने कुछ लोगों को औने-पौने भाव में दे दिये। सत्ता की राह आसान करने के लिये ऐसा सामाजिक विखंडन किया है, जिसको वापस दुरुस्त करने में शायद दशकों लगें। पूरे समाज का साम्प्रदायिक विभाजन कर दिया गया है। कपड़ों से पहचानने, श्मशान-कब्रिस्तान, बजरंगबली, राममंदिर, विरोधियों को पापियों के रूप में निरूपित करते हुए चुनावों में उन्हें न भूलने जैसे नारे देकर पीएम ने देश का जो नुकसान किया है उसकी जल्दी भरपाई होने से रही। राजनैतिक लाभ उठाने भाजपा ने अगड़ों-पिछड़ों के बीच के बैर को भरपूर बढ़ाया है। अब इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाने के लिये संविधान बदलने की बात हो रही है जिसमें आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द कर दिया। इस फैसले ने भाजपा के भ्रष्टाचार विरोधी होने के मुखौटे को निकाल कर फेंक दिया क्योंकि इसके बारे में कहा गया कि यह देश ही नहीं विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक घोटाला है। इसने यह भी बतला दिया कि मोदी सरकार ने किस प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग धन इकत्र करने में किया है। यह अलग बात है कि अब भी नरेन्द्र मोदी इसे एक अच्छी योजना यह कहकर साबित करने की कोशिश कर रहे हैं कि इसके कारण अब पता चल रहा है कि राजनीतिक दलों को पैसा कहां से मिला है। यानी कि मनी ट्रेल की जानकारी हो रही है। यह योजना भाजपा के लिये इतनी फायदेमंद साबित हुई है कि देश की सबसे बड़ी अदालत द्वारा इसे असंवैधानिक करार दिये जाने के बावजूद यह सरकार उसके नये वजर्न पर वित मंत्रालय के जरिये काम कर रही है ताकि उसे जीतने पर तीसरे कार्यकाल में लाया जा सके।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# दूल्हे समेत बारातियों को पीटा लूटपाट करने का आरोप

महोबा, समृद्धि न्यूज।

- पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल लूट का मामला नहीं आया सामने
- कार सवार दबंगों ने कई लोगों के साथ की मारपीट

कुछ युवकों ने दूल्हे साथ उसके पिता और कई लोगों के साथ मारपीट कर दी। सड़क पर हुई इस घटना को लेकर खासा हड़कंप मचा रहा। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पीड़ितों ने अपने साथ लूटपाट का भी आरोप लगाया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है लूट जैसी कोई घटना नहीं हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश जनपद छतरपुर के थाना नौगांव निवासी 22 वर्षीय कमलेश की शादी गुरुवार को होना थी। दूल्हा और उसके पिता 50 वर्षीय लल्लू, भाई 18 वर्षीय अखिलेश और मामा 32 वर्षीय कृष्ण कुमार के साथ कई लोग कार में सवार होकर बारात लेकर कबरई जा रहे थे। तभी हाईवे में पुलिस लाइन मोड़ पर पीछे आई तेज रफ्तार कार ने बारातियों की कार को ओवरटेक कर रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। जब बारातियों से विरोध किया तो उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और अन्य लोगो ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों ने आरोप लगाया कि 95 हजार रुपये नकद और लाखों के जेवरात लूटने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर पुलिस का कहना है कि होटल हड़ेड़े धाम के पास बारात में जा रही गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ था, इस दौरान दोनों पक्षो में वाद-विवाद एवं झड़प हुई थी।

प्राथमिक जांच में लूट की घटना का होना नहीं पाया गया है। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर महोबा में किसी भी पक्ष के द्वारा कोई शिकायती प्रार्थना पत्र/तहरीर नहीं दी गई है। प्रकरण की जांच व अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा अग्निशमन सेवा सप्ताह



महोबा, समृद्धि न्यूज।

- प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी ने किया जागरूक

अग्नि से संबंधित होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक) के तहत चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा मुख्यालय के ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अग्निशमन अधिकारी ने वहां जाकर मौजूद छात्र/छात्राओं एवं स्कूल स्टॉफ को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया एवं अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन कर एलपीजी गैस से लगी आग को बुझाने की विधियों सहित विभिन्न प्रकार से होने वाली अग्निसुरक्षा हेतु अग्निशमन उपकरण- फायर एक्सटिंग्यूसर इत्यादि को चलाने की विधि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बता दें कि जिले में 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है और इसके तहत लोगों को आग बुझाने का प्रशिक्षण देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे आग से होने वाली घटनाओं व इनसे होने वाली क्षति को रोका जा सके।

# पति सहित दादी को पीटा, जेवर ले जाने का आरोप

महोबा, समृद्धि न्यूज।

- पुलिस ने पत्नी सहित छह आरोपियों के खिलाफ लिखा मुकदमा

महिला ने अपने पति और उसकी दादी को मायके पक्ष के लोगों के साथ मारपीट कर दी। मायके पक्ष के लोग नकदी व कीमती जेवरात भी अपने साथ ले गए। पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की तो उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

न्यायालय आदेश पर पुलिस ने पत्नी सहित छह आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506 व 427 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हमीरपुर के कस्बा मौदहा के मराठीपुरा हाल निवास मुहल्ला सराफीपुरा निवासी आशीष सोनी ने न्यायालय में दायर किए वाद में बताया कि वह नवोदय विद्यालय में कांट्रेक्ट का कार्य करता है और महोबा में ही किराए के मकान में रहता है। उसकी शादी अनामिका सोनी उर्फ रीतू निवासी बनियाटपुरा थाना पनवाड़ी के साथ बिना किसी दान दहेज के हुई थी। शादी के बाद से ही वह मनमानी करती है और घर का कोई कामकाज नहीं करती है। सारा दिन मोबाइल चलाती है। मना करने पर गालियां देती है। इस कारण उसकी 75 वर्षीय दादी भूरी सोनी को उसके साथ रहना पड़ रहा है। दादी ने समझाने का प्रयास किया तो वह झगड़ा फसाद करने पर आमाद हो गई। 14 जनवरी 2024 को दादी से हुए मामूली विवाद को लेकर उनके विरुद्ध थाना महिला में शिकायत कर दी। पुलिस ने दोनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद अनामिका ने अपने मायके वालों को सूचना देकर बुला लिया। इन लोगों ने आकर गाली गलौज की और उसे व दादी को पीटा। साथ ही घर का कीमती सामान तोड़कर नष्ट कर दिया। जिससे उसे एक लाख की क्षति हुई। सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए जेवरातों का बैग 3 लाख 50 हजार का सोना का हार सहित हजारों के जेवरात व 40 हजार की नकदी लेकर ये लोग अपने साथ चले गए। 9 मार्च 2024 को शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी पर कुछ नहीं हो सका। 13 मार्च को एसपी को इसकी जानकारी दी गई पर कोई सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय आदेश पर पुलिस ने पत्नी अनामिका उर्फ रीतू सोनी, चंद्रप्रभा सोनी, सियाराम सोनी उर्फ मल्लू, दीपक सोनी, अखिलेश उर्फ राहुल व पप्पू सोनी के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506 व 427 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### चार बच्चों की मां प्रेमी के साथ चंपत

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी चार बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ चम्पत जाने पर ससुर ने क्षेत्राधिकारी की चौखट पर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के इचौली गांव निवासी प्रहलाद प्रजापति ने क्षेत्राधिकार श्रेय त्रिपाठी को तहरीर सौंपते हुए बताया कि उसकी बहू एक लड़का और तीन बच्चियों की मां है जो प्रेमी के साथ गुरुवार को घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर नौ दो ग्यारह हो गई। जिसके छोटे-छोटे बच्चेअसहज महसूस कर रहे हैं पीड़ित ने यह भी बताया है उसका लड़का बिजली विभाग में संविदा कर्मी के पद पर कार्य कर रहा था जिसका एक्सीडेंट हो जाने पर विभाग की ओर से आर्थिक क्षति पूर्ति का मुआवजा मिला हुआ था जिसका पैसा स्टेट बैंक और आर्यावर्त बैंक में बहू के नाम जमा है उस पैसे संचालन पर रोक लगाते हुए और प्रेमी और बहू के साथ कड़ी कार्यवाही करने की जोरदार मांग की है। किस संबंध में क्षेत्राधिकार श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है आवश्यकता अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### मार्ग दुर्घटना में सात घायल,अस्पताल में भर्ती

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के अलग-अलग रास्तों पर हुई मार्ग दुर्घटना में सात लोग बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। मझगवा थाने के जराखर गांव निवासी विजय पुत्र महेश बाइक से रामरतन पुत्र रामस्वरूप के साथ राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया है। वहीं कुम्हारिया गांव निवासी दयाशंकर, पड़रा गांव निवासी भानु प्रताप , मुस्करा थाने के बिहूंनी निवासी हरीराम पुत्र गनपत, जरिया थाने के अमूंद गांव निवासी राकेश पुत्र रघुनाथ, कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी विजय पुत्र बिहारीलाल मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### महुआ बीन रही महिला की बाइक की टक्कर से मृत्यु

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। खेत के किनारे महुआ बीन रही वृद्धा को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। घायल को सीएचसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जरिया थाने के खेड़ा शिलाजीत गांव निवासी कढ़ोरा कुशवाहा अपनी 65 वर्षीय पत्नी कमली रानी के साथ खेत पर बने नलकूप पर ही रहते हैं। कमली रानी शुक्रवार सुबह छह बजे खेत किनारे महुआ बीन रही थी। तभी रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना कर बाइक सवार मौके से भाग गया। लेकिन बाइक सवार का मोबाइल घटना स्थल पर ही गिर गया। चीख सुनकर पति मौके पर आया और घायल को सीएचसी सरीला ले जा रहे थे। तभी वृद्धा ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### महिला के साथ की मारपीट,पुलिस से शिकायत

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। जलालपुर थाने के भेड़ी डांडा गांव निवासी ममता ने बताया कि बुधवार को वह अपनी भाभी ज्योति के साथ गांव के मल्लू के चबूतरे पर बैठे थे। तभी वहां मौजूद गांव का कांत प्रजापति देखकर गालियां देने लगा। जब विरोध किया तो श्रीकांत ने अपने भाई उमाकांत के साथ भाभी ज्योति के बाल पड़कर मारपीट शुरू कर दी। जिससे बुरी तरह घायल हो गई। मारपीट के बाद श्रीकांत और उसका भाई उमाकांत भाला और कुल्हाड़ी लेकर आया और गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जलालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### स्वच्छता अभियान निरंतर जारी रहेगा : शरद बाजपेयी



इटावा, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी नगर की स्वच्छता के प्रति सदैव स्वच्छता अभियान चलाकर जनता को जागरुक करते रहते हैं। उन्होंने गुरुवार को पुराना शहर के अपने क्षेत्र के सभी मोहल्लों में सफाई कर्मचारियों की पूरी टीम के साथ विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर विशेषकर नालियों की सफाई के साथ साथ, शाहगंज पड़ाव की सफाई, सड़कों की सफाई कराकर पूरे क्षेत्र में ऐंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि ऐसे स्वच्छता अभियान निरंतर चलते रहेंगे, लगातार फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव भी कराया जाएगा, जैसे ऐंटी लार्वा दवा का लगातार छिड़काव कराया जा रहा है। उन्होंने जनता से भी अपील की आप सभी स्वच्छता में अपना पूरा सहयोग प्रदान करें और कूड़ा सड़कों पर न फेंकें, कूड़े गाड़ी में ही डालें, नालियों में भी कूड़ा ना फेंके क्यों कि स्वच्छता से ही हम संक्रामक रोगों से बच सकते हैं। इस अवसर पर सफाई नायक चंद्रशेखर एवं सफाई कर्मचारियों की टीम अशोक, रोहित, गोलू, गोपाल, शशि, किशन, दीपू,अमित,अशोक, जितेंद्र आदि सहित कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### चुनावी खर्चे का हिसाब लेंगे व्यय प्रेक्षक

इटावा, समृद्धि न्यूज। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने सर्व साधारण की जानकारी हेतु सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसमा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए चतुर्थ चरण में 41-इटावा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन हेतु प्रेक्षक व्यय को नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक राजीव थमपुला का जनपद में आगमन हो गया है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित कोई समस्या है तो प्रेक्षक के मोबाइल नंम्बर पर या सुमेर सिंह किला स्थित गेस्ट हाउस में वार्ता कर सकते हैं।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी

- पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया



महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई व टोलीवार परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक एवं मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़, परेड ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत साप्ताहिक शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाइन में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों से अभ्यास कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर कार्यालय भोजनालय, बैरक व शौचालय का साफ सफाई के दृष्टिगत निरीक्षण किया गया एवं पुलिस बल को प्रदान किये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा गया, सभी पुलिस कर्मियों के मैस, बैरक, स्नानागार, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किया गया। संबंधित को पुलिस लाइन परिसर में उच्च कोटि की साफ-सफाई बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में साप्ताहिक अर्दली रूम कर विभिन्न शाखाओं/सुरक्षा गार्दों के रजिस्टर चेक किए गए। इस दौरान अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा पुलिस कर्मियों को उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखते हुए निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए जाने के दिए निर्देश। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/नगर दीपक दूबे, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## आफाक सरवर बने चरखारी विधानसभा के को-आर्डिनेटर

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज। संगठन के प्रति निष्ठा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में लोकप्रिय कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष आफाक सरवर को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा चरखारी विधानसभा का लोकसभा कोआर्डिनेटर बनाया गया है। आफाक सरवर को कोआर्डिनेटर बनाए जाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बेहद खुशी है। पूर्व जिलाध्यक्ष आफाक सरवर ने बताया कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है उस पर वो खरा उतरने का प्रयास करेंगे और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भाई अजेन्द्र सिंह लोधी को विजयी बनाने के लिए हर संभव प्रयत्न करेंगे। आफाक सरवर को कोआर्डिनेटर बनाए जाने पर प्रदेश सचिव ब्रज राज सिंह, जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, संतोष कुमार धुरिया, कुंवर राकेश सिंह, अजीज खान दीवान , मोहम्मद शफीक, नंद राम मुखिया, राम किशन मिश्रा, जय राम अवस्थी सहित अन्य लोगों ने खुशी का इजहार किया है।

# दो किसानों की सत्रह बीघे फसल जलकर राख



मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के ग्राम अरतरा में अज्ञात कारणों आग लगने से दो किसानों की सत्रह बीघे में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से पीड़ित किसानों के सामने पेट भरने की समस्या खड़ी हो गई है।

तहसील क्षेत्र मौदहा के ग्राम अरतरा निवासी शिवकुमार यादव के 15 बीघे में खड़ी गेहूं की फसल में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों आग लग गई। फसल से आग के शोले उठते देख आसपास मौजूद किसानों व मजदूरों ने आग को बुझाने के प्रयास शुरू कर इसकी सूचना दमकल विभाग को कर दी। हवाएं तेज होने के चलते देखते ही देखते आग में पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचती तब तक शिवकुमार यादव व लालू यादव की भी दो बीघे गेहूं की फसल जलकर राख में बदल गई। इस घटना से पीड़ित परिवारों के सामने पेट भरने की समस्या खड़ी हो गई है।

# मौसी के घर शादी में आये दसवीं के छात्र की तालाब में डूबकर मौत

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।



कोतवाली के बिलरख गांव में मौसी के घर शादी में आए दसवीं के छात्र की तालाब में डूबकर मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जनपद महोबा के महोबकंठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रजोनि गांव निवासी हिमांशु (15) कोतवाली के बिलरख गांव निवासी मौसी हरसुधा पत्नी कल्लू के पुत्र सागर की शादी में शामिल होने के लिए अपनी मां के साथ आया था। गुरुवार को सागर की बारात लोडी चंदला गई हुई थी। इधर शुक्रवार की शाम हिमांशु रिश्तेदारों शादी वाले घर में आए हम उम्र के लड़कों के साथ गांव की जमुनिया तालाब में नहाने चला गया। तभी वह नहाते समय पानी के अंदर चला गया तो लड़कों ने जब वह बाहर नहीं निकला। जब किशोर पानी में डूब गया तो तब लड़कों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे पानी से बाहर निकाला। स्वजन आनन फानन में सीएचसी ले गए। जहां डॉ माजिद ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। स्वजनों ऐबताया कि हिमांशु इकलौता पुत्र था। वह कक्षा 10 में पढ़ता था।

## अमरनाथ सिंह बने इंटेलीजेंट इन्सपेक्टर



मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। ग्रामीण क्षेत्र के एक कृषक परिवार के छात्र का इंटेलिजेंट विभाग मै इंस्पेक्टर पद पर हुए चयन से ख़ुशी की लहर दौड़ी लोगो ने घर जाकर बधाईया देकर दी शुभकामनाये ग्राम पिपरोदा निवासी किसान संतोष सिंह के पुत्र अमरनाथ सिंह के इंटेलिजेंट विभाग मै इंस्पेक्टर पर पर चयन होने की खबर मिलते ही, उनके घर बधाई देने वालों का ताता लग गया, वही प्रारम्भिक शिक्षा उसने मौदहा के सरस्वती विद्यमंदिर मै पाई वहा के प्रधानाचार्य चार्य भारत सिंह व सभी अचारयो ने छात्र को आशिर्बाद देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की वही तमाम समाज सेवी शुभ चिंतको ने भी होनहार छात्र को शुभकामनाये दी है।

# छात्र-छात्राओं को लेकर शिरडी साईं बाबा स्कूल निस्वारा का समर टूर झारखंड रवाना

पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।



शिरडी साई बाबा इंटर कालेज निस्वारा के समर टूर इस बार स्टूडेंट्स को लेकर विश्वामित्र को तपोभूमि झारखंड गया जहाँ पर छात्र छात्राओं ने झरने पहाड़ आदि नैचरल सीन को देखा और आनंद लिया गौरतलब हो कि साईंधाम निस्वारा के छात्र छात्राओं को पाठ्यक्रम से इतर उनके क्रियाकलाप पर अधिक ध्यान दिया जाता है एवम रोचक जगह पर उन्हें घुमाया जाता है यही पिछले टूर की बात करे तो स्टूडेंट्स चित्रकूट गए थे जहाँ पर उन्होंने ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान पर भ्रमण किया था इस बार उन्हें पनवाड़ी विकास खण्ड के झारखंड की प्राकृतिक वादियों के बीच झरने नदी पहाड़ आदि पर उत्सव करने का।मौका दिया गया स्टूडेंट्स के अभिवावोको को बड़ी खुशी हुई इस टूर से यह स्टूडेंट्स से टूर के नाम का कोई पैसा आदि नही लिया जाता है और घूमने से स्टूडेंट्स के मानसिक विकास में सहायता मिलती है और एक नई ऊर्जा का संचयन होता है तथा स्टूडेंट्स के अंदर एक नई ऊर्जा का प्रवाह होता है इसके बाद छात्र छात्राओं ने मुनि विश्वामित्र के आश्रम में बैठकर एवम अध्यापकों ने एक साथ पिकनिक में भोजन का आनंद लिया

साईंधाम की इस पहल से स्टूडेंट्स एवम अभिवावोको में दोनों में खुशी है कि हर महीने कोई न कोई देशाटन टूर निशल्क तैयार के स्टूडेंट्स को नई जगह ले जाया जाएगा जिसमे स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी, नितिन विश्वकर्मा, स्वाति परिहार रश्मि अग्रवाल एवम स्काउट टीचर प्रदीप कुमार सहित कक्षा नौ व दस के छात्र छात्राओं मौजूद रहे और भ्रमण के आनद लिया।

# हवेली खड़ी करने से क्या फायदा, जब ब्लाक में गंदगी का अंबार : सीडीओ

- सीडीओ बोले,नंबर एक ब्लाक को तीन नंबर पर ला दिया
- सीडीओ की नाराजगी से बंगले झांकने लगे अधिकारी व प्रतिनिधि



पनवाड़ी(महोबा), समृद्धि न्यूज।

गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन ने पनवाड़ी ब्लाक का औचक निरीक्षण किया तो गंदगी देखकर उनका माथा ठनक गया और उन्होंने कहा कि एक नंबर ब्लाक को तीन नंबर पर पहुंचा दिया और कहा कि हवेली खड़ी करने से क्या फायदा,जब उसका रख रखाव व साफ सफाई व्यवस्था ही ठीक नहीं है। यह सुनकर अधिकारी व प्रतिनिधि एक दूसरे की बगले झांकने लगे। सीडीओ रुके नही रुके,उन्हे निर्मित भवनों गुणवत्ता ठोक बजाकर देखा तथा तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि रात्रि 12 बजे तक साफ सफाई करा लें और वह पुनः आकार चेक करेंगे। बस इतना सुनते ही मौजूद सफाई कर्मियों ने अपने हाथों में झाड़ू लेकर सफाई व्यवस्था शुरू कर दी। बता दें कि लोकसभा चुनाव मतदान तिथि नजदीक आ रही है। जनपद में पांचवे चरण की 20 मई को बोट पढ़ना है। इसलिए जिले के अधिकारी गांव गांव भ्रमण कर बूथ पोलिंग स्टेशन आदि चेक कर रहे है। आज गुरुवार सीडीओ चित्रसेन सिंह पनवाड़ी ब्लाक के गांवों के बूथ चेक करने निकले और इसे पहले वह ब्लाक मुख्यालय में प्रवेश कर गए। उन्होंने सबसे पहले निर्मित गेट देखा,सुरक्षा रूम देखा तथा असंतोष जताया। ब्लाक के गंदगी कचरा देखकर भड़क गए और उन्होंने क्लास ले डाली। बीडीओ, एडीओ, मनरेगा,आदि को चेक किया तो नाराजगी जताई। यह देखकर जनप्रतिनिधि खामोश रहे और कुछ कहने की स्तिथि में नजर नहीं आए। सीडीओ ने ब्लाक के निर्माण कार्यों पर भी उंगली उठाई तथा जिम्मेदारों के प्रति कहा कि कभी ए ब्लाक एक नंबर था,आज तीन नंबर पर है। कूड़े के ढेर में रिक्सा देखा तो नाराज हुए।

# एचटी लाइन शिफ्टिंग में विद्युत विभाग ने मांगे छह करोड़ 61 लाख रुपये

विनोद शुक्ला, हमीरपुर।



- बुन्देलखंड में परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गई एचटी लाइन
- शासन ने कहा जिले में जमा मिनरल फंड व विद्युत विभाग द्वारा की गयी पेनाल्टी से कराया जाये काम

हमीरपुर। बुंदेलखंड में 677 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गयी हाईटेशन लाइन को शिफ्ट करने के लिये विद्युत विभाग ने बेसिक शिक्षा से 6 करोड़ 61 लाख 94 हजार रुपये की मांग की है हालाकि शासन ने विद्युत बिभाग से कहा है कि जिले के मिनरल फंड व उपभोक्ताओं से वसूल की पेनाल्टी से लाइट शिफ्टिंग का काम किया जाये

बुन्देलखंड मे परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशनलाइन बहुत बडी समस्या बनी हुई है। आय् दिन तार टूटन से घटनाएं हो रही है। सातों जिलों में कराये गये सर्वे में चित्रकूटधाम मंडल में हमीरपुर में 26,बादां में 77,चित्रकूट में 107,महोवा में 88 विद्यालयों में हाईटेंशन लाइन ऊपस से निकली है। ,इसी प्रकार झासी मंडल में झांसी में 125,ललितपुर में 69,जालौन में 145 विद्यालयों में हाइटेंशन लाइन ऊपर से गयी है। इस प्रकार कुल मिलाकर 677 विद्यालयो में हजारो बच्चों के जीवन मे हर समय खतरा मंडराता रहता है। विद्युत विभाग ने झांसी मंडल के लिये दो करोड़ 54 लाख 28 हजार रुपये व चित्रकूट मंडल के लिये चार करोड़ सात लाख छह हजार रुपये का इस्टीमेट बनाकर शासन को प्रेषित किया था। कुल धनराशि 6 करोड़ 61 लाख 94 हजार रुपये का मांग शासन की गयी है। विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों ने शिक्षा विभाग से कहा है कि जैसे ही धनराशि विभाग को मिल जायेगी वैसे ही लाइट शिफ्टिंग का कार्य शुरु कर दिया जायेगा। इधर शासन के मिले आदेश के अनुसार शिक्षा निदेशक ने बुन्देलखंड के सभी बीएएस को कड़ा पत्र लिखकर कहा है कि जिले में जमा मिनरल फंड व विजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को लगायी गयी पेनाल्टी से आयी धनराशि से विजली शिफ्टिंग का कार्य सम्पन् कराया जाये। इधर शासन के उच्चाधिकारियों का कहना है कि परिषदीय विद्यालयो में लाइट शिफ्टिंग के लिये बजट देने का कोई प्राविधान नही है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गयी एचटी लाइन के मामले को शासन से काफी गंभीरता से लिया था उसी का परिणाम है कि इस मामले में कार्यवाही शुरु हो गयी है। वेसिक शिक्षा अधिकारी(बीएसए) आलोक सिंह ने बताया कि जैसा शासनादेश होगा उसी के उनुसार कार्य किया जायेगा। एचटी लाइन का मामला काफी गंभीर है। जिन विद्यालयों में एचटी लाइन ऊपर से गयी है वहा के शिक्षक व बच्चे हमेशा दहशत में रहते है कब कोई घटना न घट जाये इससे अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है।

# भाजपा नेता गोपाल मोहन ने किया स्वतंत्र देव का अभूतपूर्व स्वागत

इटावा, समृद्धि न्यूज।

भाजपा भरथना विधानसभा लोकसभा चुनाव के चलते आज लखना में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने पहुंचने से पहले, यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा स्वतंत्र देव सिंह का बकेवर में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष इटावा गोपाल मोहन शर्मा के नेतृत्व में स्वागत हुआ उसके बाद वो श्री शर्मा के आवास पर पहुंचे, जहां उनके परिवार और मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलकर कुशलक्षेम जाना।

भारतीय जनता पार्टी भरथना विधानसभा के अंतर्गत, लखना चंद्रशीला रिसोर्ट में खुले, लोकसभा चुनाव के चलते, भाजपा भरथना विधानसभा के चुनाव कार्यालय का भरथना विधानसभा संयोजक पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष इटावा गोपाल मोहन शर्मा के प्रमुख संयोजकत्व में, मुख्य अतिथि वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री यूपी सरकार एव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा यूपी स्वतंत्र देव सिंह ने उदघाटन करते हुए भरथना विधानसभा के बूथ सम्मेलन को संबोधित किया। उद्घाटन करने से पहले बकेवर पहुंचने पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का भाजपा भरथना विधानसभा चुनाव संयोजक/ पूर्व



भाजपा जिलाध्यक्ष इटावा गोपाल मोहन शर्मा के प्रबल नेतृत्व में सैकड़ों भाजपाजनों, नगर वासियों ने, शानदार स्वागत किया, वहीं स्वतंत्र देव सिंह के सम्मान में भारी पुष्प वर्षा हुई, ताबड़तोड़ नारेबाजी के साथ, ढोल नगाड़े बजते हुए, जल शक्ति मंत्री गोपाल मोहन शर्मा के बकेवर स्थित आवास पहुंचे, जहां उनके घर में परिवार से मिले और बात - चीत करते हुए कुशलक्षेम पूंछा। उसके बाद मौजूद भाजपाइयों से भी लोकसभा चुनाव की जानकारी ली और संबधित कई मुद्दों पर वार्ता हुई। इस दौरान गोपाल मोहन शर्मा के बकेवर आवास पर अशोक शुक्ला, एडवोकेट आदित्य मोहन शर्मा, रिंकू श्रीवास्तव, ब्रजेश शर्मा, हरनाथ सिंह, महेंद्र तिवारी, कक्का शर्मा, राहुल राजपूत, चंदन त्रिपाठी, बिंदु यादव, सतेंद्र राजपूत, गगन चौबे, गुल्लू, निखिल, रामू, अंकित, सुमेध अवस्थी, सचिन, कृष्णलाल, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# महिला आरक्षी को अच्छे टर्नआउट एवं शस्त्र कवायद को देखकर किया सम्मानित

इटावा, समृद्धि न्यूज।



आगामी लोकसभा निर्वाचन एवं नामांकन के दृष्टिगत जनपदीय कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा शहरी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी ड्यूटी चैक की जा रही थी। इसी दौरान एसएसपी चौराहे पर ड्यूटीरत महिला आरक्षी से शस्त्र के साथ सैल्यूट की कवायद को कराया गया जिस पर महिला आरक्षी द्वारा सशस्त्र होने पर एके-47 के साथ शस्त्र के साथ सैल्यूट किया गया जिसमें महिला आरक्षी द्वारा अच्छा टर्नआउट, शस्त्र कायदा, एव प्रोपर रिदम में थम बनाया गया तथा शस्त्र के साथ सैल्यूट की कवायद को पूरा किया गया जिसकी सराहना करते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा उक्त महिला आरक्षी प्रतीक्षा देवी थाना सिविल लाइन को शाबासी दी गयी एवं 500 रूपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# डीएम-एसपी ने पार्टी रवानगी स्थल का किया निरीक्षण

## जिला निर्वाचन अधिकारी बोले, विद्युत, पेयजल, व पार्किंग आदि व्यवस्थाओं की तैयारियां पूर्ण कर ली जाए

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने कालपी रोड नवीन गल्ला मंडी में मतगणना स्थल, पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने जाते डीएम व एसपी।

उन्होंने स्ट्रांग रूम और उसकी सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि विद्युत, पेयजल, साफ सफाई व पार्किंग आदि व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए शत-प्रतिशत तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम से संबंधित सभी कक्षों को रंगाई पुताई व साफ सफाई कर सुव्यवस्थित कर लिया जाए। इसके साथ ही परिसर की नियमित साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग आदि व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि रूट प्लान तैयार करते हुए वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों के लिए पेयजल सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें, जससे उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, उप निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, उप जिलाधिकारी उरई सुरेश कुमार पाल, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अमित सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## आर्थिक तंगी से जूझ रहे वृद्ध ने लगायी फांसी

**जालौन (उरई)।** बीमारी व आर्थिक तंगी से जूझ रहे वृद्ध ने सूने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी सुरेंद्र श्रीवास्तव (73) पिछले काफी समय से बीमारी से जूझ रहे थे। उनके उनकी व बेटे का कई वर्ष पूर्व निधन हो चुका था। घर पर वह अकेले ही रहते थे। घर पर आय का कोई स्रोत न होने के चलते वह आर्थिक तंगी से भी जूझ रहे थे। शुक्रवार की सुबह जब काफी देर तक उनके घर का दरवाजा नहीं खुला तो ग्रामीणों ने पहले तो उन्हें आवाज लगाई। लेकिन कोई जबाव न पाकर जब ग्रामीणों ने झांककर देखा तो कमरे में कमरे की छत के हुक से रस्सी के सहारे उनका शव फांसी के फंदे पर लटका दिखा।

# बुजुर्गों को मतदान स्थल पर पहुंचायेंगे बच्चे

- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को दिलाई गई शपथ

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शपथ लेते बच्चे।

शुक्रवार को बृज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल झांसी रोड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को शपथ दिलाई गई कि वह अपने घर में एवं अपने घर के पास दस दस घरों में सम्पर्क कर 20 मई 2024 को लोगों को मतदान करने के लिऐ आग्रह करें।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक इं अजय इटोरिया ने अपील करते कहा कि ''पहले मतदान फिर जलपान'' उन्होंने कहा कि इस बार भी स्कूल के बच्चे मतदान वाले दिन बुजर्ग, मतदाताओं को मतदान स्थल पर पहुंचाने का कार्य करेंगे। इसके लिए उन्होंने विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अशीष तिवारी को जिम्मेदारी देते कहा कि वह बच्चों को हाउस कैप्टन के साथ जिम्मेदारी दें कि वह अपने घर के मतदान केन्द्र पर पानी, आदि में प्रशासन के निर्देश पर कार्य करें। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा श्रीखंडे ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सामाजिक विषय में एक प्रोजेक्ट के रूप में लेकर कार्य करने को कहा और कहा कि बच्चे रिर्पोट तैयार करे कि कितने घरों में संपर्क किया और उस परिवार में मतदाता किनते थे। उस परिवार में कितने सदस्य ने मतदान किया। इस अवसर पर पुरषोत्तम पुरवार, डॉ. स्वेता अग्रवाल, गोविन्द सिंह, देवेश पाठक, नीतू सिंह सहित विद्यालय का मौजूद रहा।



## साढ़े सात किलो गांजा सहित दो सप्लायर पकड़े

**जालौन (उरई)।** अलग-अलग जगहों से कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को अवैध रूप से ले जा रहे गांजा के साथ पकड़ा। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से लगभग साढ़े सात किग्रा गांजा बरामद किया। छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को सूचना मिली कि सिकरीराजा मोड़ के पास एक सदिग्ध व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने धीरज सिंह निवासी सिकरीराजा को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से दो किग्रा गांजा बरामद किया। उधर, जालौन चौकी प्रभारी प्रभारी दामोदर सिंह को सूचना मिली कि छत्रसाल रोड के पास एक व्यक्ति गांजा बेचने के लिए ले जा रहा है। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने तालिब उर्फ छोटू को लगभग साढ़े पांच किग्रा गांजा के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कार्यदायी संस्था की धींगामुश्ती में फंसा रेलवे ओवरब्रिज

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

33 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले जोल्हूपुर रेलवे क्रॉसिंग परियोजना का काम 6 वर्ष गुजर जाने के बाद भी पूरा नहीं होने पर विधायक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए काम को जल्द पूरा करने से संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है। विदित हो कि जोल्हूपुर मोड़-हमीरपुर फोरलेन सड़क में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग में फोरलेन ओवरब्रिज निर्माण कार्य की मंजूरी वर्ष 2017 में मिली थी।

उप्र राज्य सेतु निगम तथा रेलवे विकास निगम लिमिटेड के द्वारा वर्ष 2018 में काम शुरू कराया गया था। तीन वर्ष के अंदर कार्य पूरा होना था, लेकिन 6 वर्ष से अधिक का समय गुजर चुका है लेकिन काम पूरा नहीं हो सका। कालनिर्भर अधीन होने की वजह से भारी वाहनों के लिए आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगी हुई है विधायक विनोद चतुर्वेदी ने जोल्हूपुर गांव भ्रमण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह, विवेक सिंह आदि ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए स्थलीय निरीक्षण कराया। काम की धीमी गति तथा अव्यवस्थित होने पर उन्होंने जिम्मेदार कर्मचारियों से फोन में वार्ता की।

### क्षेत्रीय विधायक ने जिम्मेदारों के कसे पेंच



अधूरा पड़ा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण।

**कालपी।** विधायक विनोद चतुर्वेदी ने उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर मुकेश कुमार तथा अवर अभियंता आर.के सचान को अगवत कराया कि सड़क में भारी गाड़ियों के आवागमन पर रोक होने से ट्रक आटा-इटौरा डायवर्ट होकर लंबे अरसे से गुजर रहे हैं। इससे वाहन ऑपरेटरों का समय तथा धन की बर्बादी हो रही है। कई बार आश्वासन दिए जाने के बाद भी काम पूरा नहीं हो सका है। विभागीय अधिकारियों ने भरोसा दिया है कि मई के अंतिम सप्ताह में टू लेन ओवरब्रिज का कार्य पूरा हो जाएगा तथा हल्के भारी वाहन गुजरने लगेंगे, फिलहाल रेलवे के द्वारा ओवरब्रिज में रेलिंग का कार्य चल रहा है।

## नाला की सफाई न होने से गंदगी का लगा अंबार

**जालौन (उरई)।** छत्रसाल रोड पर अनस गेस्ट के सामने नाला चोक होने से नाले में गंदगी का अंबार लगा। आसपास रहने वाले लोग बदबू से परेशान हैं। मोहल्ले के लोगों ने नाले की सफाई कराने की मांग जिलाधिकारी से की है। नगर में छत्रसाल रोड पर अनस गेस्ट हाउस के सामने स्थित नाला की सफाई न होने से नाले में गंदगी का अंबार लग गया है। वर्तमान में हालत यह है कि नाला पूरी तरह से चोक हो गया है। नाला चोक होने की वजह से गंदगी और सिल्ट आदि नाले में ही जमा हो गई है। महीनों से गदंगी जमा होने से नाले से बदबू निकलने लगी है। बदबू के चलते आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं। साथ ही गंदगी के चलते गर्मी के मौसम में लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी डर सता रहा है। मोहल्ले के मोहम्मद हसीन, अनवर सफीक, मोहम्मद नासीम, कल्लू आदि ने बताया कि नाले में महीनों से गंदगी जमा होने से दुर्गंध निकल रही है।

# एसडीएम ने कुआंखेड़ा के खेतों में किया क्राप कटिंग का निरीक्षण



**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

तहसील के राजस्व कर्मचारियों के द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल क्रापट सर्वे की पड़ताल का कार्य सभी ग्रामों में गतिशीलता से चलाया जा रहा है। शुक्रवार को एसडीएम हेमंत पटेल ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ कुआं खेड़ा गांव में क्राप कटिंग काम का स्थलीय निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कालपी तहसील के कालपी तहसील में ई पड़ताल का कार्य उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की माटीरिंग के मुताबिक चलाया जा रहा है। प्रतिदिन अधिकारियों के द्वारा कार्य की मॉनिटरिंग भी करते हैं। सर्वेयर के तौर पर क्षेत्रीय लेखपालों के द्वारा गांव गांव की खेतों की फसल का जिंसबार सर्वे किया गया है। विभागीय सूत्रों में बताया कि खेतों की पकी फसलों गेंहू आदि की पड़ताल कार्य कदौरा विकास खंड तथा महेवा विकास खंड के गांवों में चल रहा है। पिछले दिनों राजस्व विभाग के कार्यो को गतिशीलता से निपटाने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में विभागीय कार्यो की समीक्षा की गई।

## सट्टा पर्ची लिखते युवक को किया गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** सट्टे के नंबर लिख रहे एक युवक को चौकी प्रभारी ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टे के नंबर लिखी हुई पर्चियां, डायरी, पेन व 575 रुपये नकद बरामद किए हैं। चौकी प्रभारी दामोदर सिंह को सूचना मिली कि चुंगी नंबर चार के पास एक युवक 10 रुपये लगाने पर 900 रुपये मिलने का लालच देते हुए सट्टे कें नंबर लिख रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने युवक के पास से सट्टे के नंबर लिखी हुई पर्चियां, डायरी, पेन व 575 रुपये नगद बरामद किए।

# जनता को उपलब्ध करायें बेहतर सुविधाएं: आरटीओ

- प्रशासन ऋतु सिंह ने किया एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण, खामियां दूर कराने के दिए निर्देश

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सुश्री ऋतु सिंह ने शुक्रवार को उप संभागीय परिवहन कार्यालय बाराबंकी का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एआरटीओ प्रशासन बाराबंकी श्रीमती अंकिता शुक्ला, उमाशंकर मिश्रा,यात्री मालकर अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण में आरटीओ सुश्री सिंह को कई खामियां मिल गई जिस पर रोष व्यक्त करते हुए उन्होंने मातहत अधिकारियों को इन्हें तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए हैं।

आरटीओ सुश्री सिंह के निरीक्षण की शुरुआत कार्यालय के पटल निरीक्षण के साथ हुई।निरीक्षण मे पटल सहायक का नाम,पदनाम तथा आवंटित कार्य प्रदर्शित नहीं पाया गया तथा कर्मचारियों द्वारा जनता के साथ मृदु व्यवहार न करने और शिकायत मिलने पर आरटीओ सुश्री सिंह ने नाराजगी जाहिर की तथा सभी पटल सहायकों के नाम व पदनाम प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। पटल निरीक्षण के बाद आरटीओ सुश्री सिंह द्वारा कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों की सर्विस बुक,जीपीएफ बुक तथा एनपीएस बुक सहित अन्य लेखा संबंधी अभिलेखों की जांच की गई जिसमें ज्यादातर कर्मियों की सेवा पुस्तिका सत्यापित पाई गई जबकि कुछ कर्मिकों की जीपीएफ पासबुक अद्यतन नहीं पाई गई।वर्ष 2005 के बाद नई पेंशन स्कीम में आने वाली एनपीए पासबुक पूछने पर उपलब्ध नहीं कराई गई तथा कार्यालय के मुख्य द्वार पर अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी प्रदर्शित नहीं मिले।इसके अलावा व्यावसायिक वाहनों की पत्रावलियों को चेक करने पर पाया गया कि संबंधित पटल सहायकों द्वारा अपनी आख्या देते समय अपने नाम पद नाम की मोहर का अंकन नहीं किया जाता है और न ही प्रपत्रों को विधिवत तरीके से चेक किया जाता है।

# घघसरा चौकी क्षेत्र में बढ़ रहा शराबियों का आतंक

**सहजनवां,गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**

- भद्दी-भद्दी गाली देने से मना करना पड़ा महंगा

सहजनवां थाना क्षेत्र पुलिस चौकी घघसरा के अन्तर्गत ग्राम सोनबरसा उर्फ हड़हा के एक परिवार को बीते बुधवार समय लगभग आठ बजे करीब पड़ोसी शराब की नशे में धुत्त होकर भद्दी भद्दी गालियां दे रहे थे जिन्हें भद्दी-भद्दी गाली देने से मना करना महंगा पड़ गया।



घघसरा चौकी क्षेत्र में यह कोई नई बात नहीं है ऐसी घटनाएं तो आएदिन होती रहती हैं। पीड़ित लोग घघसरा चौकी पर न्याय के लिए जाते हैं तो मामले को गंभीरता के बजाय रफा दफा कर दिया जाता है। जिससे मनबढ़, दबंग, शराबी,आतातार्इयों के हौसला बुलंद होते जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को सोनबरसा उर्फ हड़हा निवासिनी गमली देवी पत्नी कपिल साहनी ने सहजनवां पुलिस को दिए तहरीर में पड़ोसी दिवाकर, दीपक, सुधाकर पुत्र जगन्नाथ, कालीचरन, जगन्नाथ पुत्र राजाराम पर आरोप लगाया है कि बुधवार को समय लगभग सायं आठ बजे करीब सभी लोग गोलबंद लाडी, डंडा,ईंट लेकर मारने की नियत से हमारे घर आ धमके जिन्हें आता देख हम अपने घर के अंदर कैद हो कर अंदर से घर का दरवाजा बंद कर लिए। पड़ोसियों द्वारा उल्टे ही हमारे ही खिलाफ 112 नं.पर फोन से पुलिस को सूचना देकर हमें ही दोषी बताया जा रहा था। बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजे करीब अपने पति कपिल साहनी बेटी सरिता इकलौते लड़के मनीष के साथ घघसरा पुलिस चौकी पर जाने के लिए निकली ही थी कि पड़ोस के उक्त लोगों ने पीछे से लाठी,डंडा, ईंट से मारपीट कर घायल कर व घर के सामानों को भी जला दिया। जिसका विडियो भी वायरल हो रहा है। लिखित तहरीर सहजनवां थाने पर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# आग से 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

- पांच गांवों में आग की लपटों से हाहाकार
- ग्रामीणों एवं अग्निशमन कर्मियों की सूझबूझ से आग पर पाया गया काबू

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सोना गांव में लगी आग ने अपने आसपास के पांच गांवों को जद में ले लिया।अज्ञात कारण से लगी आग की लपट इतनी तेज थी की बहुत लोगों के प्रयास के बावजूद भी कई गांव जद में आ गए और कई लोगों की 50 बिगहे की गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। आग लगने की सूचना जब सुबह 9:30 बजे यूथ आइकॉन सौरभ कांत पति तिवारी को हुई तो उन्होंने तुरंत जिले के आला अधिकारियों से संपर्क कर आग को गांव की और बहुत तेजी से बढ़ने की सूचना दी और अपने युवक मंगल दल की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए प्रयास करने लगे। आग की लपट इतनी तेज थी कि उस पर काबू पाना बहुत मुश्किल था बहुत हो हल्ला करने पर गांव के भी काफी लोग वहां पर इकट्ठा हो गए और छोटी-छोटी टहनियों से आग पर काबू करने का प्रयास करने लगे और कुछ लोग ट्रेक्टर से खेत की जुताई करने लगे कुछ लोग जनरेटर स्टार्ट करके पानी का छिड़काव करने लगे। एक समय तो ऐसा लगा कि अब पांच गांव जलकर खाक हो जाएंगे लेकिन तब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्रीराम साहनी की कुशलता से पहुंची दमकल की गाड़ियों ने तेजी से बढ़ रही आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लगभग 50 बीघा की फसल जलकर खाक हो चुकी थी। उधर यूथ आइकॉन सौरभ कांत पति तिवारी का कहना है कि जिले के जिम्मेदार अधिकारियों एवं मीडिया के लोगों को सूचना दी गई थी जिनका पूरा सहयोग मिला जिससे कई गांव जलने से बच गए। उन्होंने कहा कि मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राम साहनी जी जो कि खुद एक युवा है उनका सहयोग सराहनीय रहा और वह खुद खेत में उतरकर ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में सहयोग कर रहे थे।दुरावल गांव के पिंटू पटेल.जीवार गांव निवासी पूर्व प्रधान बलवंत देवरी खुर्द निवासी राजकुमार तिवारी,तियरा गांव निवासी शंभू.रजपूरवा गांव निवासी रामजतन.सोना गांव निवासी अम्बुज आदि लोगो ने जिनकी भी फ़सल नष्ट हुई है उनको मुआवजा देने की मांग की है।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से किसान की मौत

## शव को पंचनामा कर अत्यंत परीक्षण के लिए दुद्धी भिजवा दिया गया

**कोन, सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम सभा चेरवाडीह में एक व्यक्ति की मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार कपूर चंद पुत्र स्वर्गीय गोवर्धन उम्र लगभग 40 वर्ष सुबह लगभग 4:00 बजे अपने खेतों में महुआ बिनने जा रहा था जिसमें तार जर्जर की स्थिति में टूट कर नीचे गिरी हुई थी।

तार में करंट प्रवाहित हो रहा था जिसे संपर्क में आने पर तत्काल उसकी मौत हो गई। मृतक की कुल पाँच बच्चे है। जिसमें चार लड़किया एवं एक लड़का है। दो बेटियों की शादी कर चुके है। तथा शेष तीन बच्चे अभी नाबालिक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी का भी देहान्त तीन वर्ष पूर्व हो चुकी है। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने ग्राम प्रधान को दिया मौके पर ग्राम प्रधान उपस्थित होकर संबंधित सूचना कोन प्रशासन को दिया सूचाना मिलते ही कोन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत पहुंच आये एवं मामले को संज्ञान में लेते हुए शव को पंचनामा कर अत्यंत परीक्षण के लिए दुद्धी भिजवा दिया गया प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि व्यक्ति की मौत सुबह लगभग 4:00 बजे महुआ बिनने जाते वक्त हाई टेंशन तार की चपेट में आने से हो गई है आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ला एंड ऑर्डर की कोई समस्या नहीं है ।

## बीस लीटर कच्ची शराब ले जाते पुलिस के हत्थे चढ़े

**जालौन (उरई)।** अवैध रूप से शराब बेचने के लिए जा रहे एक व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। कोतवाली में तैनात एसआई रमेशचंद्र को सूचना मिली कि ग्राम गायर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति कोई नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसआई ने जुम्मन निवासी पटेलनगर उरई को रोककर जब उसकी केन की तलाशी ली तो पुलिस ने उसमें 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। उसने पुलिस को बताया कि वह शराब बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने आरेपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अम्बेडकर का पोस्टर फाड़ते मनबढ़ युवक का वीडियो वायरल

**सहजनवां,गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**

जनपद के गीड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भरसाड में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का पोस्ट फाड़ने का वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल होने के बाद दलित समुदाय के लोगों ने युवक का विरोध जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा में विगत वर्षों कि भांति इस वर्ष भी अनुसूचित जाति के लोगों के द्वारा 14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने के उद्देश्य से पोस्ट लगवाया गया था। जिसे 17 अप्रैल दिन में करीब 3:00 बजे गांव का ही एक युवक मोनू शुक्ला पुत्र प्रकाश शुक्ला निवासी ग्राम भरसाड़ अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर बाबा साहब तथा समाज को अपमानित करने के नियत जानबूझकर पोस्टर फाड़ दिया।जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिससे नाराज गांव के अनुसूचित जाति के लोगों ने दर्जनों की संख्या में लिखित शिकायत गीड़ा थाने पर की है तथा उपरोक्त के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

विगत हो कुछ समय पहले भी इसी गांव में दो पक्ष के लोगों में बाबा साहब को अपमानित करने कि बात को लेकर आमना सामना हुआ था जिस दौरान गांव में कई दिनों तक भारी पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।

# आचार संहिता के अनुपालन व नामांकन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु मजिस्ट्रेटों की हुई तैनाती

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 एवं 403-दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन,2024 के लिए कार्यक्रम निर्गत किया गया है। जनपद में 80-राबर्ट्सगंज (अ.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 403-दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन, 2024 के नाम निर्देशन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट लोढ़ी, सोनभद्र में सम्पन्न करायी जायेगी। उन्होंने बताया



कि नाम निर्देशन की संवीक्षा 15 मई, 2024 (बुधवार) को, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 17 मई, 2024 (शुक्रवार) को (राजकीय अवकाश दिनों को छोड़कर)। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में पदाभिहित किया गया है। निखिल यादव उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज-9454416847 को निर्धारित स्थल डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार से हाईवे के दोनों तरफ, सुभाष चन्द्र यादव अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सोनभद्र-9005860763 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार पर, अजय कुमार सिंह उप जिलाधिकारी ओबरा-9454416847 को कलेक्ट्रेट गेट पर तथा श्री सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सोनभद्र-9454417640 को कलेक्ट्रेट कैम्पस के अन्दर सम्पूर्ण नामांकन स्थल के लिए तैनात किया गया है।



## जनप्रतिनिधि से पदाधिकारी तक सब बनेंगे पन्ना प्रमुख

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** पार्टी द्वारा सांगठनिक स्तर पर हर घर हर मतदाता से तीन बार सम्पर्क को लेकर पार्टी ने वृहद स्तर पर तैयारियां की हैं। तैयारियों को लेकर लोक सभा चुनाव कार्यालय पर कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। तीन बार सम्पर्क अभियान को लेकर बूथ समिति के छह सदस्यों को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। मतदाता सूची प्रमुख,लाभार्थी सम्पर्क प्रमुख,व्हाट्सअप ग्रुप प्रमुख,महिला सम्पर्क प्रमुख, प्रभावी मतदाता सम्पर्क प्रमुख बनाए गए हैं। 12 से 15 परिवार के वोटरों का एक पन्ना है जिसमें 60 मतदाता है। जिन पर एक पन्ना प्रमुख बनाया गया है। 22 से 25 अप्रैल तक शक्ति केन्द्रों पर बूथ समिति का बैठक किया जाएगा। जिसमें बूथ समिति को उनके कार्य बताए जाएंगे। 03 मई से 07 मई तक पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन किया जाएगा।

**सूचना**

मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश रामदेव चौहान व जन्मतिथि 01/07/1953 दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पिता का सही व वास्तविक नाम रामदेव प्रसाद (RAMDEO PRASAD) व जन्म तिथि 01/01/1948 है जो कि उनके आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्रों में दर्ज है। जिसे मेरे आर्मी रिकार्ड में दर्ज किया जाये।
**JC-677618W नायब सूबेदार सच्चिदानंद कुमार पुत्र रामदेव प्रसाद निवासी ग्राम सोन्डीहा पो0 रामनाथपुर, थाना सरमेरा, जिला नालंदा बिहार।**

**सूचना**

मेरे आर्मी रिकार्ड में माता का नाम त्रुटिवश दौली देवी व जन्मतिथि 01/07/1963 दर्ज हो गया है, जबकि मेरी माता का सही व वास्तिवक नाम वौली देवी (VAULI DEVI) व जन्मतिथि 01/01/1954 है जो कि उनके आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्रों में दर्ज है। जिसे मेरे आर्मी रिकार्ड में दर्ज किया जाये।
**JC-677618W नायब सूबेदार सच्चिदानंद कुमार पुत्र रामदेव प्रसाद निवासी ग्राम सोन्डीहा पो0 रामनाथपुर, थाना सरमेरा, जिला नालंदा बिहार।**

# सगे पुत्र ने ईंट से कूचकर पिता की कर डाली हत्या

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

- छोटे पुत्र ने भाई के खिलाफ कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, आरोपी की तलाश में दे पुलिस दे रही दबिश
- घर में चारपाई पर सो रहे पिता पर नशे की हालत में किया हमला

**कोतवाली क्षेत्र** के वंशीपुर्वा गांव में गुरूवार की रात एक पुत्र ने जमीन के विवाद पर अपने पिता को ईंट से कूचकर हत्या कर दी। मामले में मृतक के छोटे पुत्र ने अपने बड़े भाई के खिलाफ तिर्वा कोतवाली में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

वंशीपुर्वा गांव निवासी जसवंत सिंह (50) पुत्र भजन लाल गुरूवार की रात अपने घर में चारपाई पर सो रहे थे। आरोप है कि देर रात उनका बड़ा पुत्र दयाराम उर्फ सोनू शराब के नशे में घर पहुंचा। चारपाई पर सो रहे पिता को जगाकर सारी पैतृक जमीन अपने नाम करने की बात कही। पिता ने जब कहा कि वह जमीन चारों भाईयों के बीच बराबर बांटेगे, तो इसपर विवाद शुरू हो गया। पिता ने उसको वहां से जाने की बात कहकर अपनी चारपाई पर दोबारा लेट गए। इसी दौरान नशे में धुत दयाराम ने चारपाई के पास पड़ी एक ईंट को उठाकर अपने पिता के सिर पर मार दी। पिता चिल्लाए, तो उसने फिर से छाती पर्र इंट से हमला कर दिया। इसी दौरान घर में सो रहे परिजनों की नींद खुल गई। शोरगुल देख जब परिजन दौड़े, तो दयाराम मौके पर भाग निकला। गंभीर हालत में छोटे पुत्र ने पिता को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।



फाइल फोटो मृतक जसवंत सिंह

सूचना पर पहुंची तिर्वा पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में कोतवाली प्रभारी जेपी गंगवार ने बताया कि मृतक के छोटे पुत्र मोनू ने अपने बड़े भाई दयाराम के खिलाफ पिता की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक आरोपी की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी गई है। पर अभी तक आरोपी फरार है।



मेडिकल कॉलेज में रोते-बिलखते मृतक के परिजन

## पांच बीघा जमीन बनी पिता के हत्या की वजह

तिर्वा। पांच बीघा खेतिहर जमीन के विवाद में सगे बेटे ने अपने पिता को ईंटो से कूचकर मार डाला। इस घटना से वंशीपुर्वा गांव में हत्यारे पुत्र के खिलाफ काफी आक्रोश है। तिर्वा कोतवाली के वंशीपुर्वा गांव निवासी जसवंत सिंह के चार पुत्र है। बड़ा पुत्र दयाराम (28), मोनू (26), गोपाल (23) व सचिन (20) है। इनमें दयाराम का विवाह हो चुका है। अन्य भाईयों के विवाह अभी नहीं हुए है। जसवंत की पत्नी गुड्डी देवी भी अभी जीवित है। उनके नाम भी जसवंत ने कुछ समय पहले एक बीघा जमीन खरीदी थी। जसवंत के नाम भी पांच बीघा जमीन है। मृतक की पत्नी गुड्डी देवी ने बताया कि विवाह के बाद उसका बड़ा बेटा दयाराम शराब पीने का आदी हो गया है। आएदिन घर में जमीन को लेकर विवाद करता रहता है। वह चाहता है कि पिता के हिस्से की सारी जमीन उसके नाम कर दी जाए। गुरूवार की रात भी इसी को लेकर विवाद शुरू हुआ। पिता के मना करने पर दयाराम ने उनकी हत्या कर दी।

# जीरो वेस्ट इवेंट के साथ गोष्ठी में मतदाताओं को जागरूक किया

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**शासन** के निर्देश पर ज़िलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार नगर के मोहल्ला गांधी नगर वार्ड संख्या 04 पटेल नगर में पालिका टीम द्वारा भ्रमण कर नागरिकों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं गोष्ठी आयोजित कर जीरो वेस्ट इवेंन्ट के लिये प्रोत्साहित करते हुये मतदान करने की अपील की गई।

शुक्रवार को नगर पालिका के वार्ड संख्या 04 पटेलनगर में आयोजित गोष्ठी में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित नें नागरिकों को सफ़ाई व्यवस्था में सहयोग देने तथा गीला एवं सूखा कूड़ा अलग अलग प्रदान किए जाने हेतु प्रोत्साहित करते हुये कहा कि कचरे को रिसाईकल करके खाद सहित अन्य कार्यों में प्रयुक्त किया जायेगा। इसके बाद उन्होनें मौजूद नागरिकों को मतदान का महत्व बताते हुये चुनाव पर्व 13 मई को मतदान करनें के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि आपके द्वारा चुना गया जनप्रतिनिधि सदन में आपकी समस्याओ को उठाकर निस्तारित करानें का कार्य करेगा। उन्होनें आमंत्रण पत्र प्रदान कर मतदान हेतु आमंत्रित करते हुये देश के सुदृढ लोकतंत्र के लिये मतदान करनें की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी, आकाश कुमार, पूरन सिंह, मोहित गुप्ता, लेखपाल कौशल पाण्डेय सहित नागरिक एजाज, शहनवाज खान, नसीम खान, गुड्डू, रियाजुद्दीन, कैसर, शकील आदि मौजूद रहे।




गोष्ठी को संबोधित करते एवं शपथ दिलाते ईओ — समृद्धि न्यूज

# ओमनी की टक्कर से पैदल जा रहे अधेड़ की मौत

- इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के पट्टी गांव के सामने हुआ हादसा
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**इंदरगढ़ थाना** क्षेत्र के पट्टी गांव के निकट तिर्वा-इंदरगढ़ मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ओमनी वैन की टक्कर से पैदल जा रहे अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के रतनापुर गांव निवासी रामनाथ(50) पुत्र मंगली प्रसाद खरीददारी करने के लिए पट्टी गांव आए थे। वह सड़क किनारे पैदल जा रहे थे, तभी इंदरगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ओमनी कार सड़क किनारे खड़े पोल से टकरा गई। कार अनियन्त्रित होकर पैदल जा रहे रामनाथ को रौंद दिया। इसके बाद कार चालक मौके का फायदा उठाकर कार समेत फरार हो गया। घटना होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर इंदरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## 23 अप्रैल को होनी थी पुत्री की शादी

**तिर्वा।** सड़क हादसे में रामनाथ की हुई मौत के बाद शादी वाले घर में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक रामनाथ की पुत्री शशी का विवाह 23 अप्रैल को होना था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। जिस बजह से राई पिराने के लिए रामनाथ पट्टी गांव गया था। यहां वह हादसे में मौत का शिकार हो गए।

# फसल बीमा क्लेम बीमा कंपनी के नियमों में उलझ तोड़ रही दम

**कालपी (जालौन)।** वेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से फ़सले गंवाने वाले किसानों को बीमा क्लेम मिलने की उमीद बेहद कम है। उनकी माँग फ़सल बीमा क पनी के नियमों में उलझकर दम तोड़ सकती है क्योंकि प्रशासन ने भी अभी तक ज्यादा किसानों की फ़सलों में नुकसान नहीं माना है। विदित हो कि दैवीय आपदा के अलावा अन्य प्रकार के आकस्मिक कारणों से किसानों की फ़सलो को पहुंचने वाले नुकसान से बचाने के लिए शुभ ने फ़सल बीमा की शुरूआत की है जिसमें किसान को अपनी फ़सल का प्रीमियम महज कुछ प्रतिशत ही देना होता है और बाकी का भुगतान शासन द्वारा बीमा क पनी को किया जाता है। हालांकि बीमा क पनी के इस कारोबार में बैंकों का अहम किरदार होता है जो बैंक से कर्ज लेने वाले किसानों के खाते से प्रीमियम काटकर बीमा क पनी को भेज देते हैं और बदले में कमीशन ले लेती है लेकिन आपदा के दौरान फ़सले खराब होने के बाद क्लेम दिलाने में उनकी कोई भूमिका नहीं होती है। विदित हो कि इस वर्ष एसबीआई क्राप इन्शयोरेन्स क पनी ने फ़सलो का बीमा किया है लेकिन गत 22 फ़रवरी से 3 मार्च तक वेमौसम बरसात और ओलावृष्टि ने किसानों की फ़सलों को तबाह कर दिया है। हालांकि शासन ने किसानों को राहत राशि के साथ बीमा क्लेम दिलाने का भरोसा दिया था और प्रशासन ने आनन फ़ानन कदौरा ब्लाक क्षेत्र के 706 किसानों को राहत राशि भी दी और लगभग 3000 किसानों की फ़सलों को नुकसान होने की पुष्टि की है। लेकिन राजस्व रिकार्ड की मानें तो तहसील क्षेत्र में लगभग 76000 किसानों के पास लगभग 76000 हेक्टेयर जमीन है। ऐसे में अब तक 3000 किसानों को चिन्हित करना प्रशासनिक जि मेदारों पर भी सवाल खड़ा कर रहा है।

# जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी हुए सक्रिय

- सशक्त लोकतन्त्र के लिए आपका एक वोट बेहद आवश्यक है-जिला निर्वाचन अधिकारी
- मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शहर के मोहल्ला बाजार कला में कैम्प लगाकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों से संवाद कर मतदान के लिए किया प्रेरित, वितरण किये आंमत्रण पत्र

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**मतदान प्रतिशत** बढ़ाने के लिए चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने शहर के मोहल्ला बाजार कला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में आमजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 13 मई को लोकतन्त्र के महापर्व में निर्भीक होकर सभी लोग मतदान अवश्य करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता संवाद में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मताधिकार, एक बड़ा अधिकार है, जो आपको सशक्त व मजबूत लोकतंत्र बनाकर बेहतर भविष्य का मौका देता है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 13 मई को वोट दे, इससे जनपद व राष्ट्र के विकास में आपकी भी भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने जनपदवासियों को अश्वस्त किया कि जनपद में सुरक्षित व शान्तिपूर्ण वातावरण में वे निर्भीक होकर मतदान करें। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदान तिथि 13 मई के पहले सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर परियोजना निदेशक डीआरडीए राम अवतार सिंह ने लोगों को मतदान करने हेतु गीत सुनाकर प्रेरित किया। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, उपजिलाधिकारी सदर अवनीश कुमार गौतम, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर नवनीता राय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य अधिकारीगणों ने मतदाता जागरूकता हेतु घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया तथा आंमत्रण पत्र वितरण किये। उन्होने राम नारायण चौराहे से भारतीय स्टेट बैंक होते हुए विमल प्रिंटिंग प्रेस वाली गली से छोटा चौराहा से प्राइमरी स्कूल बाजार कला तक मतदाताओं को जागरुक व प्रेरित किया।

# खबरें चलते-चलते

## हवा, अंधड़ चलने पर दिन में 10 से 4 बजे तक खेतों से निकले विद्युत पोलों से बिजली आपूर्ति बंद रखें: डीएम

- नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में 56 पानी के टैंकर भरकर रखें
- जर्जर तारों से किसी भी प्रकार की घटनाएं न होने पाए यह सुनिश्चित हो
- बढ़ती आगजनी की घटनाओं को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की वर्चुअल मीटिंग

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गर्मी का मौसम और गेहूं कटनी का समय आते ही आग की घटना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी न किसी तरह की लापरवाही से होने वाली घटना को रोकने के लिए अग्निशमन विभाग को दिशा-निर्देश दिए कि फ़ायर ब्रिगेड गाड़ी में पानी भरी रहें, जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित संबंधित स्थान पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि खेत में फ़सल के लिए अग्नि सुरक्षा पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनपद में विभिन्न विभागों एवं नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में 56 पानी के टैंकर है उनका उपयोग भी किया जाये तथा सभी टैंकरों में पानी भर कर खड़ा रखे, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनका यूज किया जा सके। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि खेतों से गुजरने वाले बिजली के तार के किसी भी जोड़ को ढ़ीला या खुला नहीं छोड़ें। जर्जर तारों को बदलने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जर्जर तारों से किसी भी प्रकार की घटनाएं न होने पाए यह सुनिश्चित रहे। दिन में तेज हवा, अंधड़ चलने की स्थिति में दिन में 10 से 4 बजे तक खेतों से गुजरने वाले विद्युत पोलों से बिजली न चले। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के उदासीन कार्मिकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही के भी निर्देश दिये। उन्होंने जनपद वासियों से भी अपील की है कि खेत के आस-पास बीड़ी-सिगरेट आदि नहीं पीएं तथा न ही किसी को पीने दें। खेत के आस-पास पराली न जलाये और न ही किसी को ऐसा करने दें। कटनी के बाद खेत में छोड़े डंठलों, पराली में आग नहीं लगाएं। कटाई के बाद शीघ्रातिशीघ्र मढ़ाई का काम कर लिया जाये। कूड़ा घर या खाद के गड्ढे पर आग तेजी से फैलती हैसाथ ही वातावरण दूषित करता है और खेतों की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है। सूखे और कटनी योग्य फ़सल के खेतों के इर्द-गिर्द अलाव या चूल्हे का राख नहीं फेंके। पकी फ़सल के खेतों के अगल-बगल पेड़ से गिरे पत्ते या झाड़ियों में आग नहीं लगाएं। किसी भी उत्सव के दौरान पकी फ़सल के आस-पास आतिशबाजी नहीं करें न ही किसी को करने दें।सभी अधिकारी लोगों को जागरूक कर अग्नि कांड की घटना रोके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अपर जिलाधिकारी समस्त उप जिलाधिकारी, अधीक्षण अभियंता एवं विद्युत विभाग के सभी अधिकारी मु य अग्नि शमन अधिकारी समेत अग्नि शमन सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## जर्जर विद्युत तार की चिंगारी से छह बीघा गेहूं की फसल हुई राख

**जालौन (उरई)।** एक बार फ़िर झूलती हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने छह बीघा गेंहू की फ़सल जलाकर राख कर दी। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का जायजा लेकर रिपोर्ट एसडीएम को भेज दी है। इस समय खेतों में फ़सल पककर तैयार खड़ी हैं। लेकिन जर्जर लाइनें लगातार किसानों की फ़सल को जलाकर उन्हें आर्थिक क्षति पहुंचा रही हैं। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम नारायण निवासी शिव कुमार निरंजन का खेत नारायणपुरा मौजा में स्थित है। उन्होंने खेत में गेंहू की फ़सल बोई थी। जो कि अब पककर तैयार थी। शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे जर्जर हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी उनकी फ़सल में गिर गई। देखते ही देखते चिंगारी से फ़सल ने आग पकड़ ली और खेत में खड़ी फ़सल धू धूकर जलने लगी। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने जब फ़सल को जलते हुए देखा को तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और दमकल गाड़ी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक छह बीघा खेत की फ़सल जलकर राख हो चुकी थी। किसान शिव कुमार ने बताया कि आग लगने से उन्हें करीब एक लाख रुपये की क्षति हुई है। उधर, जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लेकर रिपोर्ट एसडीएम को भेज दी है।

## बस की टक्कर से कार सवार दंपति घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बीती देर रात अनियंत्रित गति से आ रही रोडवेज बस की टक्कर लगने से कार सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद हरदोई के थाना अलवर के ग्राम बानामऊ निवासी बदन सिंह पुत्र जदुवीर सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि गुरूवार की देरशाम वह कार पर सवार होकर अपनी पत्नी पुष्पा के साथ रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे। जैसे ही रामाश्रम स्थित बुलबुल पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे तभी अनियंत्रित गति से आ रही रोडवेज बस के अज्ञात चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह एवं उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करने के उपरांत विधिक कार्रवाई करते हुए बस को कब्जे में लेकर कोतवाली लाया गया।

# लोदीपुर, बहादुरपुर में आग लगने से गेहूं फसल हुई नष्ट

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज

स्थानीय तहसील क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में आग लगने की घटनाएं दिनों दिन बढोत्तरी हो रही है। इस पर प्रशासन के द्वारा कवायत तेज कर दी गई है। उप जिलाधिकारी के निर्देशन पर विभाग के द्वारा टोल फ्री नंबर के साथ ही संबंधित मोबाइल नंबरों को भी जारी कर दिया गया है।

विदित हो कि पथरेहटा बहादुरपुर में अज्ञात कारणों की वजह से उर्मिला देवी पत्नी घसीटा तथा रेखा देवी पत्नी गुरजन के दो-दो बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फ़सल में आग लगने से काफी नुकसान हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन अधिकारी महेंद्र प्रकाश बाजपेई ने टीम के साथ काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तथा आसपास खेतों में आग फैलने से बच गई नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। इसी प्रकार जमरेही (लोदीपुर) गांव में रखे धान के पुआल में भीषण आग लगने की सूचना ग्राम प्रधान के द्वारा दी गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम ने काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। इससे पहले शॉर्ट सर्किट से उदनपुरा गांव में किसान के खेत में खड़ी 8 बीघा गेंहू की फ़सल जलकर नष्ट हो गई। दादुपुर, मसगायां आदि ग्रामों में भी आग की घटनाएं हो चुकी हैं।

## अग्निकांड जैसी घटनाओं को लेकर सतर्कता जरूरी: एसडीएम

कालपी। गर्मी का मौसम शुरू होते ही कालपी तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों में आग लगने की घटनाओं में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही हैं। इसको लेकर जि मेदार अधिकारियों ने चिंता जताई है तथा एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए है। उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल कि दो दिन पहले कालपी से सटे सुल्तानपुर के जंगल मे लगी भीषण आग की सूचना पर नायब तहसीलदार तथा अग्निशमन अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची थी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे आग आगे नहीं फैल सकी। इस वजह से जंगल में जेसीबी मशीन से नाली खुदबा दी गई। उन्होंने बताया कि अग्निकांड की घटनाओं के प्रति सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## अग्निकांड पर काबू के लिए न बर हुए जारी

**कालपी।** अग्निशमन केंद्र प्रभारी एमपी बाजपेई ने बताया कि खेत-खलिहान, सार्वजनिक या निजी स्थानों में आग लगने की सूचनाओं के लिए सार्वजनिक न बरों को जारी कर दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि डायल-112 के अलावा 9454418443 तथा 9454418445 कालपी अग्निशमन केंद्र के हैं। कही भी आग लगने की घटना पर उक्त न बरों पर सूचना दें विभाग तत्परता से कार्यवाही करेगा।

राजनीति | शुक्रवार को कन्नौज पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सपा समेत विपक्षियों पर जमकर बोला हमला

# विपक्षी पार्टियों ने प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाकर लूट की: बृजेश पाठक

- डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा ने जाति के नाम पर यादवों का वोट तो ले लिया पर उनके उत्थान के लिए कुछ नहीं किया

कन्नौज,समृद्धि न्यूज






**शुक्रवार** को जिला मुख्यालय के मानपुर रोड स्थित एमजे पैलेस में आयोजित हुए भाजपा बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सपा समेत विपक्षियों पर जमकर हमला बोला। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी की गाड़ी डिरेल हो गई और पूरे प्रदेश में उसे प्रत्याशी ढूंढ़े नहीं मिल रहे हैं। कन्नौज में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपना प्रत्याशी घोषित करने के लिए अच्छे दिन नहीं मिल रहे हैं। उन्होने कहा कि सपा परिवारवाद के सिद्धांत पर चल रही है। उन्होंन इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस में हमेशा गांधी परिवार ही हावी रहा है।

शुक्रवार को कन्नौज पहुंचे उप मुख्यमन्त्री बृजेश पाठक ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि बूथ कमेटी ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और इस चुनाव में सबसे अहम भूमिका उनकी होगी। हम सभी को समाज विरोधी और राष्ट्र विरोधी ताकतों को जवाब देना होगा। श्री पाठक ने कहा कि मोदी जी यह चुनाव भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध लड़ रहे हैं। आज लोगो का भरोसा मोदी जी पर है। मोदी जी इस देश की जनता के दिलो में बसते है। उन्होने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने जाति के नाम पर यादवों का वोट तो ले लिया पर उनके उत्थान के लिए कुछ नहीं किया, न ही उनको उचित सम्मान दिया। बीजेपी हर वर्ग व हर समाज की पार्टी है और बीजेपी ने समाज के हर वर्ग को सम्मान दिया है। कहा कि सपा केवल परिवारवाद के सिद्धांत पर चल रही है। उन्होने कहा कि अगर कोई पूछे की समाजवादी पार्टी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा तो निश्चित है कि अखिलेश यादव का बेटा ही होगा, लेकिन इससे अलग भाजपा में कौन राष्ट्रीय अध्यक्ष होगा तो निश्चित ही बूथ अध्यक्ष की तरफ इशारा करके कहा आप में से कोई हो सकता है। इसलिए बीजेपी कार्यकर्ताओं की पार्टी है वहीं समाजवादी पार्टी परिवारवादी पार्टी है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस में हमेशा गांधी परिवार ही हावी रहा। वहीं बसपा में मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बना दिया। एनसीपी में शरद पवार ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले को गद्दी सौंप दी। भाजपा ने इस परिवारवाद को खत्म किया और राष्ट्रवाद की अलख जगाई। धारा 370 पर बोलते हुए कहा कि लोग कहते थे कि कश्मीर में 370 को हाथ लगाया तो देश में खून की नदिया बह जाएगीं। कहा कि धारा 370 भी हटी और खून का एक कतरा भी नही गिरा। भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब हमारा परिवार है और पार्टी हमारी जाति है राष्ट्र की चिंता करने वाले मोदी को पीएम बनाना चाहते हैं। परिवार की चिंता करने वाले मोदी को हराना चाहते है। मोदी की हार का सपना देखने वाले राम मंदिर के विरोधी है। इस अवसर पर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, लोकसभा सैयोजक नरेंद्र राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संजू कटियार ,ब्लॉक प्रमुख तालग्राम दिनेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, सौरभ कटियार, अवधेश राठौर, रामवीर कठेरिया, ठाकुर हरिबख्श सिंह, शैलेंद्र दुबे, शरद कटियार, अनिल शुक्ला समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ. नवल किशोर शाक्य ने डॉक्टर होने का निभाया फर्ज

- रास्ते में घायल को पड़ा देख रुकवाया काफिला
- गमझा सर में बांधकर रोकी ब्लीडिंग, भिजवाया अस्पताल


घायल के सिर में गमझा बांधते प्रत्याशी डॉ0 नबल किशोर शाक्य व मौजूद समर्थक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सपा से** लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 नबल किशोर शाक्य ने अपने डाक्टर होने का फर्ज अदा किया। उनके इस कार्य की सभी ने जमकर प्रशंसा की और उन्हें चुनाव जीतने की दुआयें दीं।

जानकारी के अनुसार कायमगंज से फर्रुखाबाद एक कार्यक्रम में जाते समय ग्राम शुकरुल्लाहापुर के पास एक राहगीर का ऑटो और बाइक का एक्सीडेंट हो गया। जिससे बाइक सवार गम्भीर रुप से घायल हो गया और उसका सर फट गया। वह काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा, तभी उधर से फर्रुखाबाद के लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य का काफ़िला वहां से गुजर रहा था। घालल व्यक्ति को सड़क पर पड़ा देख उन्होंने गाड़ियों को रुकवाया और देखा कि उस व्यक्ति की कोई भी मदद करने को तैयार नहीं हो रहा था और उसे बहुत ही ब्लीडिंग हो रही थी। खून नाक और मुंह में चले जाने के कारण उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। जिस पर डॉ0 नबल किशोर शाक्य ने अपना गमछा तुरंत उतारा और उसके सर में बांधा। जिससे उसकी ब्लीडिंग रुक गयी। उसके बाद उन्होंने अपना रुमाल निकालकर उसके मुंह के अंदर जमा खून को साफ किया। जिससे उसे सांस लेने में कुछ राहत मिली। इसके बाद एंबूलेंस को फोन करके बुलाया और उसे एंबूलेंस में शिफ्ट कराकर सरकारी अस्पताल में भिजवाया। उनके इस कार्य की सभी ने खूब सराहना की। इस पर डॉ0 नबल किशोर शाक्य ने कहा कि वह नेता बाद में डाक्टर पहले है।

# बैंड बजाने के बाद भुगतान न करने पर थाने पहुंचा मामला

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**


पुलिस से शिकायत करते बैंडकर्मी — समृद्धि न्यूज

**बीती रात** आयी बारात में बैंड का भुगतान ना करने पर बैंड कर्मचारियों ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उधरनपुर निवासी ऋषिदेव की पुत्री की बीती रात बारात आयी थी। जिसमें वर पक्ष की तरफसे बैंड 27 हजार रूपये में नन्हे खां का बैंड बुक किया था। नन्हे खां ने बताया कि उन्हें 3 हजार रूपये एडवांस में नकद दिये गये थे तथा शेष 24 हजार रुपये बारात वाले दिन देने की बात तय हुई थी। नन्हें खां का आरोप है कि बैंड बजाने के बाद जब बचे हुए शेष 24 हजार रूपये मांगे, तो वर पक्ष पैसा न देते हुए लड़ाई झगड़े पर आमादा फसाद हो गया। साथ ही बैंड कर्मियों पर कई आरोप लगाये। जिस पर बैंड मास्टर नन्हें ने डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 ने मौके पर आकर जाँच की और थाना पुलिस को जानकारी दी। बैंड मास्टर नन्हें खां ने रूपये न देकर धमकी देने का आरोप लगाया। अमृतपुर थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि बैंड के भुगतान को लेकर जाँच की जा रही है।

## खबरें चलते-चलते

### भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी सहित 9 ने लिये पर्चे, नहीं हुआ कोई नामांकन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी सहित 9 ने नामांकन पत्र खरीदे, लेकिन अभी किसी नें भी अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है। शुक्रवार को बहुजन क्रांति पार्टी से रंजीत सिंह पुत्र जीवा लाल निवासी धन्सुआ फतेहगढ़, समाजवादी पार्टी से नबल किशोर शाक्य पुत्र सूरज पाल निवासी श्याम नगर मझोला कायमगंज, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से दिनेश सक्सेना पुत्र जीवा लाला निवासी उम्मरपुर कायमगंज, संयुक्त जनादेश पार्टी से इरशाद पुत्र इमदार हुसैन निवासी जरारी जहानगंज, किसान क्रांाति दल से नरेंद्र सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी भगुआ नगला पांचाल घाट, बहुजन समाज पार्टी से क्रांति पाण्डेय पुत्र बृजेश पाण्डेय निवासी नई बस्ती फर्रुखाबाद, आजाद समाज पार्टी से सुनील कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी अम्बेडकर नगर कमालगंज, भाजपा से मुकेश राजपूत व उनकी पत्नी सौभाग्यवती राजपूत ने निर्दलीय पर्चा खरीदा है। सहायक रिटर्निंग आफिसर ने बताया की शुक्रवार 19 अप्रैल को एक भी नामांकन नहीं हुआ।

### शराब का पौआ उधार न देने पर सेल्समैन को ईंट मारकर किया लहूलुहान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शराब का पौआ उधार न देने पर दबंगों ने सेल्समैन को ईंट मारकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सुधीर कुमार पुत्र रामलड़ैते निवासी पट्टी दारापुर भरखा चौराहा थाना राजेपुर पर स्थित देसी शराब के ठेके पर सेल्समैन है। उसने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे जसूपुर निवासी कल्लू पुत्र धर्मपाल आया और उधरा में शराब का पौआ मांगा। जिस पर उधार में पौआ देने से मना कर दिया, तो वह अपने भाई को बुला लाया। दोनों भाइयों ने गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों आदि से हमला कर दिया और सिर में ईंट मारकर मुझे घायल कर दिया। घायल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित सेल्समैन ने कार्रवाई के लिए थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### मोबाइल और नगदी पड़ोसी ने किया चोरी, मांगने पर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बलीपुर निवासी बादाम सिंह ने पुलिस को तहरीर में बताया की 17 अप्रैल की रात उनका पड़ोसी कल्लू पुत्र मधराज सिंह उसके भाई की दीवाल से चढ़कर उसके घर में घुस आया और मोबाइल और 600 चोरी कर ले गया। उक्त घटना उसके पड़ोसी ने रात में देख ली। सुबह उसने पीड़ित को जानकारी दी। जब पीड़ित ने शिकायत की, तो पहले तो उसने मोबाइल वापस करने की बात कह दी, लेकिन घटना के दो दिन बीत जाने के बाद शुक्रवार को जब उसने अपना मोबाइल और 600 रुपये मांगे, इसी बात से नाराज युवक ने बादाम सिंह के साथ मारपीट कर दी। जिससे बादाम सिंह घायल हो गया। बादाम सिंह ने थाना पुलिस को गांव के ही नामजद युवक कल्लू पुत्र मधराज सिंह के खिलाफथाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### महिला तथा उसकी पुत्री के साथ देवर ने की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सादिकपुर निवासी कुसमा देवी पत्नी कन्हैयालाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि बीती शाम उसका देवर शराब के नशे में उसके साथ गाली-गलौज कर रहा था। जिसका उसने विरोध किया। इसी बात से नाराज उसने कुसमा देवी के साथ मारपीट की। बचाने आई पुत्री कोमल को भी मारपीट कर घायल कर दिया। सुबह महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने महिला व उसकी पुत्री का चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

# ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत


मृतक का फाइल फोटो


खाई में पड़ी ट्रैक्टर ट्राली — समृद्धि न्यूज

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज**

**खेत से** भूसा भरने जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। जिससे चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे बाहर निकालकर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार राजेपुर कस्बा निवासी मौजी लाल यादव का 33 वर्षीय पुत्र त्रिलोक सिंह बीती रात 2:00 बजे ट्रैक्टर ट्राली लेकर खेत से भूसा भरने जा रहा था। अलीगढ़ कड़का संपर्क मार्ग पर अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिससे चालक त्रिलोक सिंह ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दब गया। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे और घायल त्रिलोक सिंह को निकालकर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डियूटी पर तैनात डाक्टर मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताते हैं कि मृतक बहुत ही मिलनसार था। उसकी मौत पर गांव के सभी लोग दुखी दिखायी दिये। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक अपने पीछे पिता व दो भाई सहित पत्नी सोनी व दो बेटी गुनगुन, बाबू व 15 दिन का एक नवजात बेटा जिसका नामकरण संस्कार 16 अप्रैल दिन मंगलवार को हुआ था, को रोता भी बिलखता छोड़ गया।

# लेंटर गिरने से घायल भाजपा बूथ अध्यक्ष की इलाज के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


मृतक का फाइल फोटो

**लेंटर गिरने** से घायल हुए भाजपा नेता की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गयी। उनकी मौत की खबर मिलते ही भाजपा नेताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के उखरा निवासी श्रीकांत दीक्षित (42) भारतीय जनता पार्टी में बूथ अध्यक्ष थे। वह कुछ दिन पूर्व मकान का निर्माण करवा रहे थे। लेंटर तोड़ने का काम चल रहा था, तभी लेंटर अचानक भरभराकर गिर गया था। इसमें एक मजदूर 22 वर्षीय रजत कठेरिया पुत्र सुभाष चन्द्र की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि श्रीकांत दीक्षित का दिल्ली में उपचार चल रहा था। शुक्रवार को सुबह उनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। उनकी मौत का समाचार मिलते ही कई भाजपा नेताओं ने उनके घर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया तथा मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वह अपने भाइयों में सबसे बड़े थे। उनका एक भाई चंदन खेतीबाड़ी करता है, जबकि श्रीकांत दीक्षित नवाबगंज स्थित एक गैस एजेंसी में मैनेजर पद पर काम करते थे। घटना के बाद से मृतक की पत्नी रानी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक श्रीकांत दीक्षित अपने पीछे पुत्र क्षितिज और उदय छोड़ गए हैं। वहीं मृतक की मां देवकी देवी का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से चार बीघा गेहूं जला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


आग से जली गेहूं की फसल को दिखाते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार थाना मोहम्मदाबाद के ग्राम धीरपुर निवासी रामकुमार दीक्षित का खेत रामऔतार पुत्र प्रवीन शाक्य बटाई पर किए हुए हैं। शुक्रवार को अचानक खेत में खड़ी फसल में आग लग गयी। सूचना मिलने पर बटाईदार प्रवीन शाक्य मौके पर पहुंचे। तब तक कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। बटाईदार का कहना था कि सूचना देने के बाद भी कोई भी प्रशासनिक अधिकारी व लेखपाल मौके पर नहीं पहुंचा। उसका कहना है कि उसका हजारों का नुकसान हो गया है। बताते चलें कि गर्मी का मौसम है। इस समय आग की घटनायें आये दिन हो रही हैं। अधिकांश घटनायें हाईटेंशन लाइन से निकलने वाली चिंगारी से घट रही हैं। बटाईदार का कहना था कि करीब चार बीघा गेहूं जला गया।

# ट्रांसफार्मर से बिजली का तेल चोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**


ट्रांसफार्मर से चोरी किया गया तेल — समृद्धि न्यूज


**ट्रांसफार्मर** से तेल चोरी के मामले में नलकूप स्वामी में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लहरा निवासी घासीराम का थाना क्षेत्र के ही गांव खुड़िना धमगमा के पास खेत है। खेत में फसलों की सिंचाई के लिए समरसेबिल की बोरिंग थी। संचालन के लिए 25 के0वी0ए0 का ट्रांसफार्मर लगाया गया था। पीड़ित नलकूप स्वामी के अनुसार 15 अप्रैल की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर से बिजली का तेज चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में पीड़ित नलकूप स्वामी ने बिजली विभाग को सूचित करते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी। शमशाबाद थाना पुलिस ने पीड़ित नलकूप स्वामी की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### महिला को पति व जेठ ने पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के नगला हिल्की निवासी सीमा पत्नी राजवीर शुक्रवार अपने घर पर साफ-सफाई कर रही थी। इसी बीच उसके पति राजवीर उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट की आवाज सुनकर उसके जेठ पेशकार पुत्र लालाराम भी आ गये और वह भी उसे पीटने लगे। महिला ने थाने पहुंचकर पति वह जेठ के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी है।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर दुकानदार को पीटा, की तोड़फोड़


बिखरा पड़ा सामान तथा पीड़ित दुकानदार — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- दुकानदार ने 20 हजार की नकदी लूट लेने का लगाया आरोप

**गाली-गलौज का** विरोध करने पर बुलैरो सवार युवकों ने दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया। दुकानदार ने 20 हजार की नकदी लूट लेने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शान्तिभंग में चालान कर दिया।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुरहास कन्हैया निवासी पुष्पेन्द्र राजपूत की मुख्य मार्ग पर राजपूत पान कार्नर के नाम से दुकान है। जिसके सामने बुलेरो पर बैठकर कुछ लोग शराब पी रहे थे। साथ ही शराब पीने के दौरान गाली-गलौज कर रहे थे। जब पुष्पेन्द्र ने उन्हें टोंक दिया, तो बुलैरो सवार नीचे उतर आये और पुष्पेन्द्र के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने लगे। मारपीट होने के बाद पुष्पेन्द मौके से भाग गया। आरोप है कि दबंगों ने अपने 10-15 साथी और बुला लिये। उन्होंने दुकान में पथराव करने के बाद गुल्लक में रखे 20 हजार रूपये भी लूट लिये। पुष्पेन्द्र ने डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके से विश्व जीत, टिंकू पुत्र जंग बहादुर निवासी राजपूत नगला मैनपुरी, राम लखन सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी कादरी गेट, विपिन कुमार पुत्र देवी दयाल निवासी पिपरगांव मोहम्मदाबाद को बुलैरो सहित थाने ले गयी। पुलिस नें तीनों आरोपियों का शान्तिभंग में चालान कर दिया। कोतवाल मनोज भाटी ने बताया कि लूट नहीं हुई, मारपीट हुई थी। तीन का शांतिभंग में चालान कर दिया गया। बाद में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया।

### दिल्ली में रह रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत


मृतक का फाइल फोटो

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली में रह रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटवन गली निवासी ओम गुप्ता उम्र 22 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार गुप्ता जो कि दिल्ली के नोयडा सेक्टर नम्बर 62 में रहता था। बीते दिन वह बाइक द्वारा घर जा रहा था। रास्ते में मार्ग दुर्घटना में उसकी मौत हो गई थी। मौत की सूचना पर पहुॅचे परिजन शव घर लेकर आये और उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हमला

### डेढ़ वर्ष पूर्व सोते समय अचानक पागल कुत्ते ने किया था हमला

# वैक्सीनेशन के बाद युवक की मौत, घर परिवार में कोहराम

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**


रैबीज बीमारी से ग्रसित युवक को काटता कुत्ता लोगो

**वैक्सीनेशन** के बाद भी युवक को हाइड्रोफोबिया हो गया। हालत बिगड़ने पर परिजन कानपुर से आगरा लेकर जा रहा थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयाखेड़ा निवासी अवधेश कुमार सक्सेना पुत्र बृजभान सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष के भाई स्वदेश सक्सेना ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व भाई अवधेश कुमार सक्सेना को दोपहर के समय एक दुकान के बाहर चबूतरे पर सोते समय अचानक एक पागल कुत्ते ने हमला कर दिया था। जिससे अवधेश कुमार सक्सेना घायल हो गया था। जिस पर उसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीनेशन करवाया गया था। बीते दिन भाई की अचानक हालत बिगड़ गयी। उसे फर्रुखाबाद ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने इंकार करते हुए कानपुर ले जाने को कहा। जब परिजन कानपुर लेकर पहुंचे, तो चिकित्सकों ने उसे आगरा के लिए रेफर कर दिया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी। उधर मौत की सूचना के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों को अफसोस जताते हुए कहा कि वैक्सीनेशन के बावजूद भी हाइड्राफोबिया बीमारी का असर हो गया। वहीं चिकित्सकों के अनुसार जब भी किसी के साथ ऐसी घटना हो जाए तो लापरवाही न बरतें पागल कुत्ते के हमले में घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर वैक्शीनेशन कराएं। चिकित्सको के अनुसार वैक्शीनेशन का निर्धारित समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 अन्यथा की स्थित में वैक्सीन निष्क्रिय भी हो सकती है। मृतक मेहनत मजदूरी कर अपना परिवार का भरण पोषण करता था। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। पत्नी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अनियंत्रित बाइक सवार की साइकिल सवार से भिड़ंत, दोनों घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांसंत निवासी भूरे पुत्र राजाराम देर शाम साईकिल से किसी कार्य से फैजबाग आया था। वापस जाते समय कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर कस्बा फैजबाग स्थित एक कोल्ड के निकट गुजरते समय अचानक साईकिल सवार की बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में जहां एक ओर साइकिल सवार घायल हो गया। वहीं दूसरी ओर बाइक सवार भी गिरकर घायल हो गया। बताते हैं साइकिल सवार द्वारा अचानक साइकिल को विपरीत दिशा में मोड़ दिए जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई और साइकिल सवार से टकरा गई। परिणामस्वरुप इस दुर्घटना में दोनों सवार घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को उठाया और कस्बे के अलग-अलग नर्सिंग होम में भर्ती कराया। बाइक सवार द्वारा उपचार के लिए कुछ रुपए भी दिलाए गए।

# महिलाओं ने हस्ताक्षर कर लोकतंत्र के महापर्व के प्रति किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



महिलाओं ने हस्ताक्षर कर लोकतंत्र के महापर्व के प्रति किया जागरुक — समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को बूथ संख्या 81, 82, 83, 84 गंगा दरवाजा पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा ने उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतदान स्थल बहुत सुविधाजनक हो गए हैं। वहां पर बैठे हुए मतदान अधिकारी मतदाताओं के साथ बहुत ही विनम्र व्यवहार करते हैं। प्रत्येक बूथ पर पीने का पानी शौचालय आदि की उत्तम व्यवस्था है, इसलिए सभी को बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करना चाहिए। यह किसी भी नागरिक के लिए गर्व का विषय है कि सरकार चुनने में उसकी अपनी भी भागीदारी है। पांच वर्ष में एक बार आने वाले इस अवसर पर चूकें नहीं, सोच समझकर मतदान अवश्य करें। मोहम्मद शकील खान ने कहा कि 13 मई जनपद के लिए महापर्व का दिवस है और हम सब लोग इस महापर्व को मिलजुल कर मनाएं। इस दौरान भारती मिश्रा ने सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी तथा हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत सभी से इस संकल्प के साथ कि वह मत अवश्य देंगे, हस्ताक्षर करवाए गए। इस अवसर पर आकांक्षा कटियार, पूनम यादव, निधि गुप्ता, निर्मला, मुन्नी देवी, सुधा यादव, जितेंद्र यादव, शीशराम, सत्येंद्र, सूरजमुखी, पूनम, रजनी, सरिता, गीता, रीता, ऊदन, मनोज, राजपाल, मलखान सिंह, वीरेंद्र, प्रशांत, पूजा, मीरा, मीना देवी, सुरेंद, ऋषि, सुमन, बिट्टन, राजेश्वरी, संतोष आदि मौजूद रहे।

# पहले मतदान फिर जलपान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



मरीजों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते चिकित्सक

**आगामी** 13 मई को होने वाले आमचुनाव के लिए सभी लोग अपील कर रहे हैं चाहे आम हो या खास इसमें सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए और अपने मनमुताबिक सरकार को चुनना चाहिए, जिससे देश का विकास हो सके। मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए होम्योपैथिक विभाग ने भी अपील की है। राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढहर में चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने राष्ट्र के बेहतर विकास के लिए अस्पताल में आए हुए समस्त रोगियों, उनके परिजनो और अन्य ग्रामीण वासियों को उनके वोट डालने के अधिकार के प्रति जागरूक किया और साथ ही सभी रोगियों ने चिकित्सालय परिसर में चिकित्साधिकारी के साथ मतदान करने की शपथ ली। डॉ0 सिंह ने बताया कि मतदान के दिन अन्य कामों के साथ साथ मतदान अवश्य करें और साथ ही घर में अन्य व्यस्कों को भी मतदान के लिए अपने अपने पोलिंग बूथ पर समय से भेजें और राष्ट्रहित में अपने वोट से योगदान ज़रूर करें।

# खाद्य पदार्थों की खुले में बिक्री करने वालों का किया गया चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



खाद्य पदार्थ की दुकान पर चालान करती टीम — समृद्धि न्यूज

**खुले में** खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शुक्रवार को सहायक आयुक्त सैय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षाधिकारी विजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, अरूण कुमार मिश्र व विमल कुमार ने बस स्टैण्ड पहुंचकर कार्यवाही की है। लालगेट बस स्टैण्ड स्थित दुर्गेश कुमार कश्यप पुत्र रामभरोसे (विक्रेता) व अमन पुत्र दुर्गेश कुमार बाथम के खाद्य प्रतिष्ठान में निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों का सुधार न करने पर धारा-55 के अन्तर्गत चालान किया गया। वहीं अमर गुप्ता पुत्र प्रमोद गुप्ता व प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र चन्द्रसेन के खाद्य प्रतिष्ठान में निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों में सुधार न करने पर भी चालान किया गया।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 22 अप्रैल को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भगवान** महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव रथयात्रा का आयोजन 22 अप्रैल दिन सोमवार को होगा। शोभायात्रा का आयोजन जैन वाटिका लालबाग से शुरु होकर लाल दरवाजा, घुमना, नेहरु रोड, चौक, लोहाई रोड, नाला मछरट्टा, साहबगंज चौराहे होते हुए जैन मंदिर सधवाड़ा में सम्पन्न होगा। जहां आरती के साथ समापन होगा। रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया जायेगा। 21 अप्रैल को राजस्थान के संगीतकार संतोष भइया आकर कार्यक्रम पालना उत्सव में संगीत सम्पन्न करायेंगे। यह जानकारी कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जैन ने दी है।

# स्टेट करांटे जूनियर प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी लखनऊ हुए रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



प्रतियोगिता के रवाना होते करांटे खिलाड़ी

**पुष्कर** करांटे अकादमी द्वारा 6 बच्चों का प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयन हुआ। तिकोना सब्जी मण्डी स्थित पुष्कर अकादमी टीम के 6 करांटे खिलाड़ी 20 और 21 अप्रैल को स्टेट करांटे जूनियर 21 प्लस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लखनऊ रवाना हुए। प्रशिक्षक सेंसई पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज ने बच्चों के साथ प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अर्पिता भारद्वाज, पाखी सक्सेना, उमंग तिवारी, आयुष राजपूत, निष्ठा मेहरोत्रा, कृष्णा गुप्ता आदि करांटे खिलाड़ी रवाना हुए। संरक्षक ठा0 सर्वेन्द्र सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को अग्रिम जीत की शुभकामनायें देकर बधाई दी।

## खबरें एक नजर में

### सलोवा जिलाध्यक्ष ने विधानसभावार प्रचार-प्रसार हेतु प्रभारी व सह प्रभारी किये नियुक्त



सलोवा जिलाध्यक्ष अनुराग यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव ने लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत विधानसभा चुनाव प्रसार हेतु पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा। अनुराग यादव ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी का प्रचार-प्रसार करेंगे। जिसके लिए लोहिया वाहिनी द्वारा प्रभारी व सह प्रभारी विधानसभा वार नियुक्त किये गये। कायमगंज विधानसभा के प्रभारी रजनेश कुमार, सह प्रभारी सुनील दिवाकर, अमन शाक्य, साविर मंसूरी, अनुरुद्ध प्रताप, अभिषेक यादव को बनाया गया है। अमृतपुर विधानसभा प्रभारी रवि यादव व विपिन सिंह के बनाया गया। सह प्रभारी आशीष यादव, कमलेश माथुर, छविराम सिंह, नितिन राजपूत, सितन शाक्य, पंकज सिंह, महिपाल कश्यप को जिम्मेदारी दी गई है। सदर विधानसभा प्रभारी अमन चतुर्वेदी, वीनेश पाल, मोहित कुमार, गोपाल यदुवंशी को बनाया गया है। सह प्रभारी पवन यादव, सनी कनौजिया, मोहम्मद सरीफ बने। भोजपुर विधानसभा प्रभारी मोहम्मद इरफान, अंकित यादव को बनाया गया है। सह प्रभारी की जिम्मेदारी नाजिम, नवाब सिंह, अतुल यादव, पुष्पेन्द्र सिंह को बनाया गया है। सभी प्रभारी व सह प्रभारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करेंगे।

### भाजपा का विधानसभा वार बूथ सम्मेलन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी का अमृतपुर विधानसभा बूथ सम्मेलन पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में शनिवार 20 अप्रैल 11 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री डा0 वीएल वर्मा होंगे। साथ ही सदर विधानसभा का बूथ सम्मेलन ठंडी सड़क स्थित नवभारत सभा भवन में 20 अप्रैल को 11 बजे होगा। जिसमें प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षामंत्री रजनी तिवारी मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेगी। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी ने दी है।

### शराबी पति की पिटाई से गुस्साई महिला का फैजबाग चौराहे पर हाई वोल्टेज ड्रामा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद नगर के मोहल्ला बढ़इयन टोला निवासी एक महिला जिसे शराबी पति द्वारा गाली गलौज ही नहीं किया गया बल्कि उसके साथ मारपीट कर आभूषण भी छीन लिए गए। पति की पिटाई से क्षुब्ध महिला इतनी नाराज हो गई वह मायके जाने के लिए फैजबाग आ गई। जब पति को पता चला कि पत्नी नाराज होकर घर से चली गयी है, तो वह उसे ढूंढता हुआ फैजबाग पहुंचा और नाराज पत्नी को मनाने लगा। करीब एक घंटा मनाने के बाद भी पत्नी नहीं मानी। महिला के अनुसार उसके माता माता-पिता इस दुनिया में नहीं हैं इसका मतलब यह तो नहीं पति शराब के नशे में ज्यादती उसक साथ करें और जब चाहे गाली-गलौज कर मारपीट करे। महिला का आरोप था शाम के वक्त पति द्वारा अकारण गाली गलौज किया गया। विरोध करने पर लात-घूसों से पिटाई की गई। साथ ही नाक फूल और कुंडल छीन लिये। यह देखकर वहां काफी भीड़ एकत्रित हो गयी। अंत में महिला दिल्ली से फर्रुखाबाद जाने वाली बस पर बैठकर चली गयी। महिला का कहना था फतेहगढ़ में उसके रिश्तेदार हैं। वहां से अपने घर चली जाएगी।

### मार्ग दुर्घटना में पांच घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव महादेवपुर निवासी रचना (25) पत्नी ब्रजराज, कम्पिल क्षेत्र के गांव पुंथर निवासी भंवर पाल (40), नगर से सटे गांव दमदमा निवासी अल्यान (19), कम्पिल के गांव सिवारा निवासी गोविन्द (20), नगर से सटे गांव पितौरा निवासी तारिक खां (65) मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद भंवर पाल व गोविन्द को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### मासूम को छिपकली ने काटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव जौरा निवासी जय प्रकाश का 3 वर्षीय पुत्र बाँबी को जहरीली छिपकली ने काट लिया। गंभीर हालत मे परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# विक्रांत सिंह राना के चुनाव लड़ने से भाजपा प्रत्याशी की बढ़ेगी बेचैनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



विक्रांत सिंह राना

**स्वतंत्र** इंडियन लेबर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह राना सरकार ने नामांकन पत्र खरीदने के बाद एलान किया है कि वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। सांसद मुकेश राजपूत के खिलाफ लोधी लोध महासभा के जिला उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह राना चुनाव लड़ेंगे तो ऐसे में लोधी लोध महासभा किसको लड़ायेगी। यह असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अगर लोधी समाज ने विक्रांत सिंह राना को समर्थन दिया तो मुकेश राजपूत के लिए नुकसान होना लाजमी है। अभी तक लोधी समाज के जिलाध्यक्ष द्वारा कोई घोषणा नहीं की गई है। जबकि प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा राना सरकार के साथ कई कार्यक्रमों में दिखायी पड़े है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि समाज का उन्हें समर्थन मिल रहा है। राना सरकार ने बताया कि मेरा चुनाव लड़ने का मुख्य मुद्दा शराब बंद कराना, जमीनी विवाद खत्म कराना, मेड़ समस्या को खत्म कराना और गांव-गांव प्राइमरी अस्पताल खुलवाने व जनता की समस्याओं को निराकरण कराने को लेकर उनके बीच जायेगे। ऐसे में विक्रांत सिंह राना चुनाव लड़कर भाजपा प्रत्याशी की मुसीबते बढ़ा सकते है।

# प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौधरी का हुआ स्वागत

- प्रमोद दीक्षित के निवास पर संगठन को गति देने पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



प्रीतम सिंह को सम्मानित करते संघ के लोग — समृद्धि न्यूज

**अवर सहायक** संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौधरी का राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रमोद दीक्षित के निवास पर जोरदार स्वागत किया गया। संगठन की ओर से प्रमोद दीक्षित के निवास पर उनका आगमन हुआ। संगठन के सदस्यों ने प्रीतम सिंह का फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। राज्यकर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद दीक्षित ने बताया कि छोटे भाई प्रीतम सिंह चौधरी ने औपचारिक मुलाकात कर संगठन पर चर्चा की। इस मौके पर गौरव पाठक, राहुल कुशवाहा, प्रेमचन्द्र राम, अवनीश सिंह, दीपक किशोर, विजय सिंह, मनोज दीक्षित, अक्षय प्रताप सिंह आदि लोगों ने प्रीतम सिंह व प्रमोद दीक्षित को सम्मानित किया।

# सपा प्रत्याशी ने अधिवक्ताओं से लिया जीत का आशीर्वाद



अधिवक्ताओं से वोट मांगते सपा प्रत्याशी व अन्य — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी से** लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव एडवोकेट के साथ कचहरी परिसर में भ्रमण कर अधिवक्ताओं से वोट देने की अपील की।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने कचहरी पहुंचकर अधिवक्ताओं से जीत का आशीर्वाद लिया साथ ही अधिवक्ताओं से वोट देने की अपील की। सपा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य ने अधिवक्ताओं से कहा कि आप मुझे सांसद बनने का मौका दो मै आप लोगों के बैठने के लिए पक्के चैंबर का निर्माण करवाऊंगा। जिस तरीके से पूर्व में समाजवादी पार्टी ने अधिवक्ताओं के लिए चेंबर का निर्माण कराया था। वर्तमान सरकार ने अधिवक्ताओं के लिए कोई भी चेंबर का निर्माण आज तक नहीं कराया। इस दौरान अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव कन्हैया लाल गुप्ता एडवोकेट, सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, आम आदमी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह एडवोकेट, संजय सिंह चौहान एडवोकेट, रंजीत चक, यादव सिंह साकेत, अचल प्रताप सिंह एडवोकेट, रोहित यादव एडवोकेट, प्रताप सिंह एडवोकेट, अमन वर्मा एडवोकेट सहित दर्जनों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम ने दुकानों पर काम कर रहे बच्चों को भेजा घर

- दुकानदार को दी गई सख्त हिदायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




दुकानों पर काम करते बच्चों से पूछताछ करती टीम

चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम की प्रोजेक्टर कोआर्डिनेटर रीना दुबे, काउंसलर ज्योति शर्मा और ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम के थानाध्यक्ष हरिओम त्रिपाठी व महिला कांस्टेबिल वैशाली के साथ आवास विकास में फुटपाथ पर लगी दुकानों पर तीन बच्चों को कार्य करते पाया गया। जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन की काउंसलर के द्वारा बच्चों से पूछताछ की गई, तो उनकी उम्र 14 से 16 वर्ष पायी गई। टीम के द्वारा दुकान मालिक को सख्त हिदायत दी गई, साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दुकान में मजदूरी कराने के लिए सख्ती से मना किया गया।

## बीड़ी के एक टुकड़े ने आठ बीघा गेंहू की फसल को राख के ढेर में बदला

**माधौगढ़ (जालौन)।** छोटी सी लापरवाही ने किसान की साल भर की गई मेहनत को बर्बाद कर दिया। उसकी आंखों के सामने गेहूं की पकी खड़ी फ़सल आग की लपटों से धूं-धूं कर जल गई और किसान सिवाय ईश्वर को याद करने के कुछ नहीं कर सका। किसी की लापरवाही की वजह से किसान की 8 बीघा गेहूं की फ़सल पूरी तरह जलकर राख हो गई। आर्थिक रूप से कमजोर किसान वैसे ही गरीबी में था, ऊपर से इस प्राकृतिक आपदा ने उसे पूरी तरह तोड़ दिया। घटना माधौगढ़ तहसील के कंझारी गांव की है जहां दोपहर किसी ने जली हुई बीड़ी रनवीर सिंह, रामवीर सिंह और बलवीर सिंह पुत्रगण होम सिंह के खेत में फेंक दी उससे गेहूं की फ़सल में आग लग गई। 8 बीघा की फ़सल देखते ही देखते राख में तब्दील हो गई। आसमान छूती आग की लपटों को देखकर ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक 8 बीघा का गेहूं तबाह हो गया।

## महिला को पति व देवर ने पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी अखिलेश कुमारी पत्नी मंजू सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है और मारपीट में उसका देवर भी उसका सहयोग करता है। महिला शुक्रवार सुबह खेत पर गेहूं काटने गई थी। उसी समय उसके पति और देवर ने उसके साथ मारपीट कर खेत से भगा दिया। महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत पत्र दिया है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# सांसद से आस: पुरानी पेंशन बहाल की जाये: अटेवा



ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी



नरेन्द्र सिंह जाटव



विमलेश शाक्य



जया सिंह

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा बताया कि पुरानी पेंशन शिक्षकों व कर्मचारियों के जीवन व मरण का प्रश्न है। यह पुरानी पेंशन बहाली के लिए अंतिम क्षण तक डटे रहेगें।

अटेवा के संघर्ष से कई राज्यों में पेंशन बहाल हो चुकी है। देश का अर्द्धसैनिक पुरानी पेंशन से वंचित है। यह बहाल होनी चाहिए।

पेंशन बचाओ मंच (अटेवा) के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने बताया कि पीपीपी योजना के तहत जितने भी मेडिकल कॉलेज बन रहे है। उनको यदि अलग से मेडिकल कॉलेज बनाते तो बेहतर होता। जिला अस्पतालों का उच्चीकृत कर मेडिकल कॉलेज बनाने से आम जनता तो वहां बेहतर इलाल नहीं मिल पा रहा है। शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ स्वास्थ्य कर्मी भी पुरानी पेंशन बहाली की मांग है।

अटेवा के कोषाध्यक्ष विमलेश शाक्य ने बताया कि पूरा देश आज एनपीएस का विरोध कर रहा है। पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहा है। परिवार की सुरक्षा का पुरानी पेंशन एक कवज है। अटेवा पुरानी पेंशन की मांग को जारी रखेगा। पेंशन एक चंद हजार रुपये नहीं होते है, बल्कि एक बुढ़ापे की चादर होती है। जिसे रिटायर होने के बाद अपनी इज्जत को ढकता है, ताकि बच्चे उन्हें बोझ न समझे।

पुरानी पेंशन बहाली मंच की महिला संगठन की नगर अध्यक्ष जया सिंह ने बताया कि आज महिला शिक्षकों के अलावा स्वास्थ्य विभाग की नर्से व अन्य विभागों में कार्यरत विभिन्न पदों पर महिला कर्मचारी सभी की मांग है पुरानी पेंशन ही हम लोगों को बुढ़ापे में सहारा बनेगी। महिलाओं के हक की मांग को पूरा किया जाये। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा।

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024



# डीआरडीओ ने एचएएल को सौंपा तेजस एमके-1ए का एयर ब्रेक कंट्रोल मॉड्यूल

▸ 83 एलसीए तेजस एमके-1ए विमानों का उत्पादन करने की तैयारी

एजेंसी




**नई दिल्ली।** डीआरडीओ की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने शुक्रवार को एलसीए तेजस एमके-1ए के लिए स्वदेशी लीडिंग एज एक्चुएटर्स और एयरब्रेक कंट्रोल मॉड्यूल का पहला बैच हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को सौंप दिया है। इसे वैमानिकी प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण छलांग माना जा रहा है।

एचएएल ने वायु सेना के लिए दिए गए पहले ऑर्डर के 83 एलसीए तेजस एमके-1ए विमानों का उत्पादन करने की तैयारी पहले ही कर ली है। डीआरडीओ के मुताबिक एलसीए तेजस का सेकेंडरी फ्लाइट कंट्रोल अत्याधुनिक सर्वो वाल्व आधारित इलेक्ट्रो-हाइड्रोलिक सर्वो एक्चुएटर्स और कंट्रोल मॉड्यूल से लैस है, जिसमें लीडिंग एज स्लैट्स और एयरब्रेक शामिल हैं। सर्वो एक्चुएटर्स और नियंत्रण मॉड्यूल अद्भुत डिजाइन, सटीक विनिर्माण, असेंबली और परीक्षण की विशेषता रखते हैं। यह एडीए की निरंतर खोज और स्वदेशी तकनीकी कौशल का परिणाम हैं।

हैदराबाद की रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) और बेंगलुरु की सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (सीएमटीआई) के साथ सहयोग करके एडीए इन प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने की योजना बना रहा है। लीडिंग एज एक्चुएटर्स और एयरब्रेक कंट्रोल मॉड्यूल्स के लिए उड़ान परीक्षणों के सफल समापन ने उत्पादन मंजूरी का मार्ग प्रशस्त कर दिया है, जिससे एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण को लैस किया जाएगा।

इन महत्वपूर्ण घटकों का उत्पादन लखनऊ के एचएएल में सहायक उपकरण प्रभाग में चल रहा है, जो भारत की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। इस प्रयास में गोदरेज एयरोस्पेस सहित सार्वजनिक और निजी उद्योगों का उल्लेखनीय योगदान रहा है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए एडीए, आरसीआई, एचएएल, सीएमटीआई और सभी भाग लेने वाले उद्योगों की पूरी टीम को बधाई दी।

## मोदी को फिर पीएम बनाकर विकसित राष्ट्र का निर्माण करेगी जनता : हेमा मालिनी

**मथुरा।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी हेमा मालिनी आज उत्तर प्रदेश के मथुरा में पहुंची। यहां पर उन्होंने नुक्कड़ सभा की और जनता को संबोधित किया। हेमा मालिनी ने लोगों को संबोधित कर वोट देने की अपील की। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने और भाजपा को जिताने की अपील की। बता दें कि भाजपा ने हेमा मालिनी को तीसरी बार मथुरा से प्रत्याशी बनाया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा से सुरेश सिंह मैदान सहित 15 प्रत्याशियों से है। मथुरा से 12 प्रत्याशी निर्दलीय मैदान में हैं। चुनाव के मद्देनजर आज हेमा मालिनी मथुरा पहुंची और यहां पर आयोजित नुक्कड़ सभा में शामिल हुई। सभा में भाजपा व लोकदल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता संयुक्त रूप से शामिल हुए। हेमा मालिनी की नुक्कड़ सभा संसदीय क्षेत्र के नंदगांव क्षेत्र में आयोजित की।

# जेल में केजरीवाल को नहीं दी जा रही इंसुलिन

▸ हमारे नेता को बदनाम करने व उनकी जिंदगी से खिलवाड़ की साजिश

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी का दावा है कि तिहाड़ जेल प्रशासन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन मुहैया नहीं करा रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता की।

उन्होंने कहा कि न्यायिक हिरासत के दौरान 'मैंने कोर्ट में पेशी के समय कहा था कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश चल रही है। उस समय मेरे बयान पर आपत्ति की गई थी। भाजपा की कार्यपद्धति और भाजपा के नेता जिस तरह से काम करते हैं, वो किसी की जान लेने की हद तक अपने षड़यंत्र को रचते हैं। संजय सिंह ने कहा कि ईडी, एलजी ऑफिस और जेल के अधिकारी मिलकर अरविंद केजरीवाल के बारे में षड़यंत्र पूर्ण गहरी साजिश के तहत मीडिया में भ्रामक व झूठी खबरें फैलाते हैं। जेल के नियमों के मुताबिक, किसी भी कैदी के बारे में उसके स्वास्थ्य और खानपान से संबंधित कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती है।

ईडी ने गुरुवार को किस आधार पर अरविंद केजरीवाल के झूठे डाइट चार्ज को मीडिया में प्रचारित करवाया। इसके पीछे क्या साजिश है? क्या जेल प्रशासन से मिलकर ईडी केजरीवाल को किसी बहाने जहर देकर मारने की साजिश कर रहे हैं। क्योंकि ईडी ने जो कल मीडिया में प्रचारित किया, वो पूरी तरह से झूठ था। संजय सिंह ने कहा कि पिछले 30 सालों से अरविंद केजरीवाल सुगर के मरीज हैं और इंसुलिन लेते हैं। किसी भी सुगर के मरीज के लिए इंसुलिन बहुत महत्वपूर्ण दवा होती है।

अगर समय पर उसे इंसुलिन न दी जाए तो उसकी जान जा सकती है। भाजपा के इशारे पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। संजय सिंह ने कहा कि हम जल्द ही भारत के राष्ट्रपति और चुनाव आयोग से अरविंद केजरीवाल की जिंदगी के साथ हो रहे खिलवाड़ की शिकायत करेंगे। हमारे नेता को बदनाम करने और उनकी जिंदगी से खिलवाड़ करने की साजिश में शामिल जेल प्रशासन, एलजी ऑफिस और ईडी के अधिकारियों के निलंबन की मांग करेंगे।

# दुनिया के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टाशीगंग पहुंचा निर्वाचन आयोग

एजेंसी

**शिमला।** विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टाशीगंग पर शुक्रवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने पहुंच कर स्थानीय मतदाताओं के साथ विशेष बैठक की। उन्होंने स्थानीय लोगों की मांगें भी सुनीं। यहां उन्होंने लोगों को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने बताया कि स्थानीय निवासी और दिहाड़ी मजदूरों के साथ बैठक की। उन्होंने उनकी मांगों को सुना और उन पर विचार करने के लिए प्रशासन के सामने रखने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया में टाशीगंग में सौ प्रतिशत मतदान के लिए जाना जाता है। इस परंपरा को जीवित रखते हुए है एक फिर इतिहास रचते हुए लोकतंत्र को मजबूत करेंगे। उल्लेखनीय है कि मंडी संसदीय क्षेत्र में आने वाला टशीगंग समुद्र तल से 15,256 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। टाशीगंग शीत मरुथल के नाम से विख्यात लाहुल स्पीति जिले की स्पीति घाटी में स्थित है। यह इलाका साल में छह माह तक बर्फ से ढका रहता हैं। यहां ऑक्सीजन की कमी भी होती है।

वर्ष 2019 से पहले विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र लाहुल स्पीति जिले में स्थित सिक्किम था लेकिन वर्ष 2019 में टाशीगंग को मतदान केंद्र बना दिया गया। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां 45 मतदाता थे। इनमें 27 पुरुष और 18 महिला मतदाता थे। मंडी संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में 48 मतदाता थे, जिनमें 29 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल थीं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 52 मतदाता थे इनमें 30 पुरुष और 22 महिलाएं हैं। इस बार भी यहां पर 52 मतदाता हैं।

## क्रिकेटर धोनी से धोखाधड़ी मामले में सुनवाई चार मई को

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालकों की ओर से करोड़ों की धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले में न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दस्तावेज पेश नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए सुनवाई की अगली तिथि चार मई निर्धारित की है। इससे पूर्व 20 मार्च को कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेकर अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालक मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास को समन जारी किया था। शिकायतकर्ता महेंद्र सिंह धोनी को सात दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेज दाखिल करने का निर्देश दिया था। महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालक मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रांची सिविल कोर्ट में केस फाइल किया है।

# पति-पत्नी के शासन में बिहार था बदहाल

एजेंसी




**भागलपुर।** भागलपुर के रंगरा प्रखंड के तिनटंगा में भागलपुर से जदयू उम्मीदवार अजय मंडल के प्रचार के लिए शुक्रवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। कुछ लोग पत्नी, बेटा और बेटी को आगे बढ़ा रहें हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग गड़बड़ कर रहे थे इसलिए उन लोगों को हटा दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व 15 वर्ष तक पति-पत्नी ने मिलकर बिहार में राज किया था। उन लोगों के कार्यकाल में शाम होते ही लोग घर में कैद हो जाते थे। उस समय कहीं रोड नहीं था। शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हुआ करती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में हमने काम किया। छात्राओं को पोशाक तथा स्कूल जाने के लिए साइकिल दिया गया। उसके बाद सड़कों का निर्माण किया। महिलाओं को स्नातक पास करने पर सरकार की ओर से 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। सीएम ने कहा कि पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। शिक्षक और पुलिस की नौकरी में भी आरक्षण दिया गया। स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाने के लिए विश्व बैंक से कर्ज लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब शहरी क्षेत्र में भी इसे लागू किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रति माह 11 हजार लोगों का इलाज किया जाता है। मुख्यमंत्री ने भागलपुर में 1989 में हुए दंगा की चर्चा करते हुए कहा कि दंगे में अल्पसंख्यकों की क्या हालत हुई थी। दंगा की जांच करवाकर दोषियों को सजा दिलवाई गई। प्रत्येक पीड़ित परिवार को पांच हजार महीना दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मदरसों को सरकारी किया गया। कब्रिस्तान की घेराबंदी की गई। अब एक लाख कब्रिस्तान की और घेराबंदी की जायेगी। मुख्यमंत्री ने 60 वर्ष पुराने मंदिर के जीर्णोद्धार की बात कही। कार्यक्रम में उदय कांत मिश्रा, पूर्व मंत्री राज्यसभा सदस्य संजय झा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, गोपालपुर विधानसभा के विधायक गोपाल मंडल, बिहपुर विधानसभा के विधायक इंजीनियर कुमार शैलेंद्र, विधायक ललन पासवान, पूर्व सांसद शैलेश कुमार, राज्यसभा सदस्य कहकशां परवीन, पूर्व सांसद अनिल यादव, लोजपा जिला अध्यक्ष अवधेश पासवान, विपिन बिहारी सिंह, भोला मंडल साकेत बिहारी आदि मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस नाकों पर चेकिंग के दौरान नौ लाख की नगदी बरामद

**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा दिल्ली, गुरुग्राम, यूपी बॉर्डर एरिया से सटे इलाकों में निरंतर चेकिंग की जा रही है। यहां नाके लगाकर शराब तस्करी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में पुलिस ने एक गाड़ी से चेकिंग के दौरान करीब नौ लाख रूपए बरामद किए है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गत दिवस दोपहर करीब 12 बजे उपनिरीक्षक अमर सिंह अपनी टीम के साथ फरीदाबाद गुड़गांव रोड पर डंपिंग यार्ड के पास स्थित पुलिस नाके पर मौजूद थे, जहां एक बलेनो गाड़ी को रोककर चेक किया, तो उसके ड्राइवर सीट के नीचे से 9 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। ड्राइवर से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह पैसे वह दिल्ली से अपने रिश्तेदारों से लेकर आया है। आरोपी को धोज थाने ले जाया गया जहां नकदी को ट्रेजरी में जमा करवाया गया है और आरोपी ड्राइवर के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की गई है। चुनावों को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। अभी पिछले दिनों ही आबकारी विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर शहर के एल-1, एल-2, एल-3 गोदामों में शराब की जांच की थी। जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है, पुलिस भी अपनी चौकसी निरंतर बढ़ा रही है।

### किरदार में जान डालने के लिए वसूली भाई से ली प्रेरणा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे, हंसी-मजाक और मस्ती से भरपूर एपिसोड में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर और निर्देशक रेमो डिसूजा का स्वागत करेगा। मैडनेस की मालकिन हुमा कुरैशी के साथ अनुभवी कॉमेडियन्स, अपने कॉमेडी से भरपूर और मनोरंजक गैग्स से सभी को ठहाके लगाने को मजबूर करने का वादा करते हैं। लोकप्रिय माँग को पूरा करते हुए, यह शो ईएमआई एक्ट के साथ साइको बाइको सीरीज़ की एक और मज़ेदार प्रस्तुति देने के लिए तैयार है। शो में, कॉमेडियन कुशल बद्रीके एक परेशान पति की भूमिका में दिखाई देंगे, वहीं कॉमेडी क्वीन हेमांगी कवि तुनकमिजाज़ पत्नी का किरदार निभाएँगी, और मज़ेदार केतन सिंह लोन रिकवरी एजेंट की भूमिका निभाएँगे। कुशल बद्रीके कहते हैं, हमें साइको बाइको एक्ट के लिए दर्शकों से बहुत प्यार मिला है, ऐसे में हम अपने आगामी ईएमआई एक्ट में प्रफुल्लता और प्यार के टच से भरी एक और प्रस्तुति पेश करने के लिए रोमांचित हैं। इस बार, यह कहानी ईएमआई की समस्या में फंसे हुए पति के इर्द-गिर्द घूमती है, जहाँ उसकी तेज़ दिमाग वाली पत्नी उसे बचाने के लिए आगे आती है। हेमांगी कवि और केतन सिंह के साथ काम करना बहुत मज़ेदार रहा है। मंच पर हमारी केमिस्ट्री बहुत अच्छी है, जिसने एक्ट में जान फूंक दी। हुमा कुरैशी और रेमो डिसूज़ा दोनों को परफॉर्मेंस पसंद आया,मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इसे देखकर खुश हो जाएँगे और अपनी हँसी रोक नहीं पाएँगे।

### बीजिंग हाफ मैराथन के शीर्ष तीन धावकों के पदक छीने गए

**बीजिंग।** बीजिंग हाफ मैराथन आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की है कि पिछले रविवार की विवादास्पद दौड़ में शामिल चार धावकों से पदक छीन लिए गए हैं। आयोजकों ने रविवार की दौड़ के वीडियो क्लिप के बाद एक जांच शुरू की, जिसमें दिखाया गया कि केन्या के रॉबर्ट केटर और विली म्नांगट और इथियोपिया के डीजेन बिकिला ने चीन की हे जी को जीताने के लिए फिनिश लाइन से पहले जानबूझकर दौड़ धीमी कर दी। 2023 एशियाई खेलों के मैराथन स्वर्ण पदक विजेता, हे जी ने एक सेकंड के अंतर से जीत हासिल की।

### गूगल ने लोकसभा चुनाव के लिए बनाया डूडल




**नई दिल्ली।** इंटरनेट सर्च इंजन और बहुराष्ट्रीय अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए डूडल जारी किया है। गूगल ने देश में 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों पर पहले चरण की हो रही वोटिंग वाले दिन अपना डूडल जारी करके लोकतंत्र का जश्न मनाया है। इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होते ही अपना लोगो बदल लिया। गूगल के होमपेज पर वोटिंग के पहले लगाई जाने वाली स्याही के साथ इंडेक्स फिंगर को ऊपर की ओर दिखाया गया है, जो भारतीय लोकतंत्र को दिखाती है।

# डाबर ग्लुकोज ने लॉन्च किया 'एनर्जाइज इंडिया'

युवा एथलीट्स को एनर्जी व स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज़ ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन 'एनर्जाइज़ इंडिया का लॉन्च किया है। इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज़ ने लखनऊ की बीपी हलवासिया मेमोरियल इंडियन पैरा जूडो अकादमी में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया।

इस मौके पर दिनेश कुमार, मैनेजर, कार्पोरेट कम्युनिकेशन, डाबर इण्डिया लिमिटेड, मुनव्वर अंजार, महासचिव, उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन, श्रीमती सुषमा अवस्थी-एनआईएस, मुख्य कोच भारतीय जूडो टीम आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। सत्र के दौरान श्रीमती सुषमा अवस्थी ने एथलीट्स को बताया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत ज़रूरी है। इस सत्र के दौरान उन्हें बताया गया कि वे किस तरह अपने स्टैमिना और धैर्य में सुधार ला सकते हैं, जो एथलीट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस मौके पर डाबर ने इस एकेडमी के टॉप तीन एथलीट्स कार्तिक मिश्रा, अभिषेक यादव व रोजी को सम्मानित भी किया।

डाबर इंडिया लिमिटेड में हेल्थ सप्लीमेन्ट्स के मार्केटिंग हैड श्री प्रशांत अग्रवाल ने कहा 'हमें खुशी है कि युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए हम 'एनर्जाइज़ इंडिया' कैंपेन लेकर आए हैं। यह कैंपेन उन्हें अपने खेल में एनर्जी के साथ बेहतरीन परफोर्मेन्स देने के लिए प्रेरित करेगा।

डाबर एथलीट्स, खेल प्रशंसकों और उन लोगों के लिए परफेक्ट ब्राण्ड है जो एक्टिव लाईफस्टाईल जीना चाहते हैं। डाबर ग्लुकोज़ इंस्टेन्ट एनर्जी देता है, ऐस में यह खासतौर पर उन एथलीट्स के लिए बेहतरीन है जो फिज़िकल एक्टीविटीज़ करते हैं।' श्री अग्रवाल ने कहा कि 'डाबर ग्लुकोज़ हमेशा से युवाओं को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली जीने के लिए प्रेरित करता रहा है। युवा एथलीट्स के साथ यह साझेदारी इसी लक्ष्य की दिशा में एक और कदम है। अपने ताज़गी से भरे स्वाद और इंस्टेन्ट एनर्जी के साथ डाबर ग्लुकोज़ युवा एथलीट्स की एनर्जी बनाए रखने के लिए बेहतरीन विकल्प है, जिसे अपनाकर वे अपना सर्वश्रेष्ठ परफोर्मेन्स दे सकते हैं।

## हमीरपुर हाई-वे पर पलटी पिकअप, 15 श्रद्धालु घायल

**ऊना।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती समूर खुर्द में ऊना-हमीरपुर हाईवे पर शुक्रवार को पंजाब के श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में करीब 15 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से 12 वर्षीय विशाल व आठ वर्षीय अनिरुद्ध की गंभीर हालत देखते हुए ऊना से पीजीआई रैफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक बाबा बालक नाथ से अमृतसर के लिए लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप समूर खुर्द में बेकाबू होकर बीच सडक़ पर पलट गई। हादसे में हर वर्ग के श्रद्धालुओं को चोटें आई हैं। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद और एंबुलेंस के माध्यम से क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफ के कर्मचारियों ने तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। हादसे की चपेट में आए श्रद्धालु ने बताया कि वे पंजाब के अमृतसर के रहने वाले हैं और बाबा बालक नाथ माथा टेकने के लिए गए थे। जहां से वापस घर लौटते वक्त उनके साथ समूर खुर्द में यह हादसा पेश आ गया। उन्होंने कहा कि समूर कलां में तीखे मोड़ पर पिकअप चालक गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख पाया।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने लॉन्च किया भारत का पहला एनर्जी मैनेजर एसी

समृद्धि न्यूज




**नई दिल्ली।** देश के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड स्र इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने वर्ष की पहली तिमाही में रिकॉर्ड-तोड़ सेल्स दर्ज की है। इस बेहतरीन प्रदर्शन के बीच कंपनी ने अपनी फ्लैगशिप फीचर रेंज को पेश कर दिया है। कंपनी की इस नई रेंज में एनर्जी मैनेजर और आर्टकूल एयर कंडीशनर शामिल हैं।

कंपनी ने 2024 में रिकॉर्ड समय के भीतर 10 लाख एसी का ऑर्डर हासिल कर यह माइलस्टोन हासिल किया है। एलजी ने अपनी इस सफलता का श्रेय 2024 में कंपनी की प्रोडक्ट रेंज को लेकर किए गए लेटेस्ट इनोवेशन को दिया है। कंपनी की लेटेस्ट रेंज में 77 नए मॉडल शामिल हैं। कंपनी के ये नए प्रोडक्ट भारतीय बाजार में एनर्जी एफिशिएंसी,स्टाइल और पर्फोर्मेंस के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते हैं। होंग जू जियोन-एमडी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडियाने कहा, 2024 में हमारा पूरा ध्यान सभी प्रोडक्ट कैटेगरी में अपनी मार्केट लीडरशिप की स्थिति को और मजबूत बनाने पर है। एलजी एयर कंडीशनर्स की नई प्रोडक्ट रेंज के साथ हम ग्राहकों को सबसे अधिक एनर्जी एफिशिएंट कूलिंग सॉल्यूशन प्रदान कर रहे हैं। इसी के साथ हम आगे भी विभिन्न कैटेगरी में प्रोडक्ट इनोवेशन को पेश करना जारी रखेंगे। हम ग्राहकों की लाइफस्टाइल को अच्छी तरह से समझते हैं, इसी के आधार पर हम आगे भी बेहतरीन इनोवेशन करना जारी रखेंगे और इसी के साथ बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करना जारी रखेंगे। एलजी के एयर कंडीशनिंग डिवीजन की यह शानदार सफलता इस बात को प्रदर्शित करती है, कि किस तरह कंपनी ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों और प्राथमिकताओं अत्याधुनिक समाधान पेश करने का प्रयास कर रही है।

# पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें हार्ट डिजीज से, बैड कोलेस्ट्रॉल है बड़ा कारण

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें हार्ट डिजीज के कारण होती हैं। हर साल करीब 1 करोड़ 80 लाख लोग हार्ट अटैक या स्ट्रोक के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। हार्ट अटैक के पीछे सबसे बड़ी वजह हाई कोलेस्ट्रॉल है। फिक्र की बात ये है कि जब तक कोलेस्ट्रॉल खतरे की सीमा पार न कर जाए, इसका कोई लक्षण नजर नहीं आता है।



आपने कोलेस्ट्रॉल की हमेशा बुराइयां ही सुनी होंगी, जबकि हमारे शरीर के लिए यह जरूरी भी है। हमारा शरीर कोलेस्ट्रॉल की मदद से हॉर्मोन्स, हेल्दी कोशिकाएं और विटामिन्स बनाता है, जो स्वस्थ शरीर के साथ जिंदा रहने के लिए बहुत जरूरी हैं क्योंकि कोलेस्ट्रॉल दोनों तरह का होता है, गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल।

**किस तरह की लाइफस्टाइल से कोलेस्ट्रॉल कम हो सकता है?**

यह आम धारणा है कि हाई कोलेस्ट्रॉल लेवल से सिर्फ दिल की सेहत खतरे में पड़ती है, जबकि इससे हमारे शरीर को और भी कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। आइए ग्राफिक से समझते हैं-

**हमारे शरीर में दो तरह के होते हैं कोलेस्ट्रॉल**

स्नृरु यानी लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन, जिसे खराब कोलेस्ट्रॉल कहते हैं। अगर हमारे खून में स्नृरु बढ़ जाए तो यह ब्लड वेसल्स में जमा होना शुरू हो जाता है। इस कंडीशन को प्लाक कहते हैं।

हमारी ब्लड वेसल्स में बने प्लाक की वजह से खून की आवाजाही में परेशानी होने लगती है। हमारे स्नृरु कोलेस्ट्रॉल का लेवल 100mg/dL से कम ही रहना चाहिए। इससे ज्यादा होना खतरनाक है।

यानी हाई डेंसिटी कोलेस्ट्रॉल एक हेल्दी कोलेस्ट्रॉल है। यह हमारी ब्लड वेसल्स से LDL कोलेस्ट्रॉल को साफ करने में मदद करता है। हमें स्वस्थ रहने के लिए कोशिश करनी चाहिए कि यह 60 mg/dL इससे ज्यादा बना रहे। हेल्थ टेक फर्म हेल्दियंस के सर्वे के मुताबिक भारत में 31 से 40 साल की उम्र के बीच हर 10 में से 6 लोगों का कोलेस्ट्रॉल लेवल खराब है यानी उनके शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल कम और बैड कोलेस्ट्रॉल ज्यादा है।

**अगर आपकी डाइट में ऐसी चीजें ज्यादा शामिल हैं, जिनमें सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट की मात्रा ज्यादा होती है तो कोलेस्ट्रॉल लेवल हाई होने का खतरा अधिक है। मोटापा, लो फिजिकल एक्टिविटी और स्मोकिंग भी इस खतरे को बढ़ा सकते हैं। यह जेनेटिक समस्या भी है, यानी ऐसे लोगों को हाई कोलेस्ट्रॉल का जोखिम अधिक होता है, जिनके पेरेंट्स को कभी हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या रही है। डायबिटीज और हाइपरथायरॉइडिज्म जैसी हेल्थ कंडीशन भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकती है।**

चूंकि, बैड कोलेस्ट्रॉल हम सबकी जिंदगी के लिए खतरा बन सकता है। इसलिए समझते हैं कि इसे कैसे कम कर सकते हैं। पहले इसके लक्षण समझ लेते हैं।

**हाई कोलेस्ट्रॉल के क्या लक्षण हैं?**

मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल के सीनियर कॉर्डियोलॉजिस्ट रोमित भट्टाचार्य के मुताबिक हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण नजर नहीं आते हैं, पर कुछ संकेत मिल सकते हैं-

## ऐसे घटेगा कोलेस्ट्रॉल लेवल

अगर डाइट में जरूरी बदलाव कर लिए जाएं तो कोलेस्ट्रॉल कम होगा और HDL कोलेस्ट्रॉल बढ़ेगा। अगर हम अपने भोजन में हाई फाइबर फूड्स और फल शामिल करें तो एक्स्ट्रा कोलेस्ट्रॉल बाहर निकालने में मदद मिलती है। अच्छी डाइट के साथ दिन में कम-से-कम 7 से 8 गिलास पानी पीते रहें। हाइड्रेशन भी कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करने में मदद करता है।

### फिजिकल एक्टिविटी बढ़ाएं :

यूं तो फिजिकल एक्टिविटी हमारे संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। साथ ही यह कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में भी मदद करती है। अगर प्रतिदिन 45 मिनट एक्सरसाइज की जाए तो बैड कोलेस्ट्रॉल घटाया जा सकता है। अगर आपके पास समय की कमी है तो वर्कआउट को दो से तीन हिस्सों में बांटकर भी पूरा कर सकते हैं।

### वजन घटाने से घटेगा बैड कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने के पीछे एक बड़ा कारण मोटापा भी है। अगर शरीर का वजन अधिक हो गया है तो इसे कम करना होगा। फास्ट फूड और पैकेज्ड फूड से दूरी बनाकर रेगुलर एक्सरसाइज की जाए तो आसानी से वजन घटाया जा सकता है। इससे बैड कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद मिलती है।

### स्मोकिंग से बनाएं दूरी

सिगरेट के धुएं में मौजूद निकोटिन कैंसर और लंग्स डिजीज का कारण बन सकता है। इसके अलावा इसमें कई ऐसे केमिकल्स भी होते हैं, जो ब्लड वेसल्स को नुकसान पहुंचाते हैं। ये वेसल्स की भीतरी परत को खुरदुरा कर देते हैं, जिसमें कोलेस्ट्रॉल जमा होकर प्लाक का निर्माण कर सकता है। यह प्लाक हार्ट अटैक के लिए जिम्मेदार है।